राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 02
लखनऊ, गुरुवार 10 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



शिक्षा व्यवस्था सुधारने को बीईओ ने ली प्रधानाध्यापकों की बैठक 10
पर्यटकों के अनुरूप बढ़ेंगी सुविधाएं : जयवीर सिंह 03

## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,54,460/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,41,600/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,15,880/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,50,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### हलाला के बाद दोबारा निकाह से इनकार अपराध नहीं

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने गिरिडीह के मामले में कहा कि तलाक के बाद हलाला की प्रक्रिया पूरी करने वाली पूर्व पत्नी से दोबारा निकाह से इनकार करना अपने आप में अपराध नहीं है। किसी व्यक्ति को उसकी इच्छा के विरुद्ध विवाह के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। अदालत ने आरोपी पूर्व पति को 25-25 हजार रुपये के दो निजी मुचलकों पर अग्रिम जमानत दे दी।

### राहुल गांधी वीवीआईपी नहीं : कोर्ट

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले की सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया ने अपील सूचीबद्ध नहीं होने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वीवीआईपी नहीं हैं और मामले में देरी उचित नहीं है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि अदालत के लिए सभी व्यक्ति समान हैं और मामलों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार देखा जाता है।

### चुनाव में भाजपा को 1,473 करोड़ मिले

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग को दिए आंकड़ों के अनुसार पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के केंद्रीय मुख्यालय को 1,472.8 करोड़ रुपये मिले। कांग्रेस की केंद्रीय और पांच राज्य इकाइयों की संयुक्त शुद्ध प्राप्ति 207.17 करोड़ रुपये रही। हालांकि दोनों दलों के आंकड़ों का आधार अलग है। चुनाव अवधि में भाजपा के केंद्रीय मुख्यालय की रकम 904.6 करोड़ रुपये बढ़ी, जबकि कांग्रेस की संयुक्त रकम 65.86 करोड़ रुपये घट गई।

### छात्र को नोटिस पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** सीजेपी प्रदर्शन से जुड़े मामले में प्राथमिकी रद्द होने और भविष्य की जबरन कार्रवाई पर रोक के बावजूद छात्र को पांच लाख रुपये के मुचलके का नोटिस देने पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने पूछा कि शीर्ष अदालत के आदेश के बावजूद मजिस्ट्रेट ने ऐसा कैसे किया। संबंधित नोटिस को रिकॉर्ड में रखने का निर्देश दिया गया।

### विस्फोट का मास्टरमाइंड था उमर : एनआईए

**नई दिल्ली।** नवंबर 2025 के लाल किला कार विस्फोट मामले में एनआईए ने चार्जशीट में उमर उन नबी को कथित मास्टरमाइंड बताया है। एजेंसी के अनुसार वह दोबारा सक्रिय किए गए एजीयूएच मॉड्यूल का परिचालन प्रभारी था और विस्फोट में मारा गया। घटना में 11 लोगों की मौत हुई थी। जांच में विस्फोटक सामग्री, एन्क्रिप्टेड संचार और कट्टरपंथी गतिविधियों से जुड़े साक्ष्यों का दावा किया गया है।

# लखनऊ में मेट्रो का महाविस्तार, बाराबंकी तक पहुंचेगी रफ्तार

**योजना**
- 10 नए गलियारों के लिए जमीन की तलाश तेज
- भूमि चिह्नित करेगी पांच सदस्यीय समिति
- राजधानी के छूटे इलाकों को जोड़ने की तैयारी
- 2047 तक व्यापक नेटवर्क का लक्ष्य



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

राजधानी में मेट्रो नेटवर्क के विस्तार की योजना अब कागजों से निकलकर जमीन पर उतरने लगी है। आने वाले वर्षों में लखनऊ के प्रमुख इलाकों के साथ आसपास के क्षेत्रों को मेट्रो से जोड़ने की तैयारी तेज कर दी गई है। खास बात यह है कि प्रस्तावित विस्तार में पड़ोसी जिले बाराबंकी को भी मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने की योजना है। नए गलियारों के संचालन और ट्रेनों के रखरखाव के लिए डिपो बनाने को करीब 20 हेक्टेयर जमीन की तलाश शुरू हो गई है।

**10 नए गलियारों से बदलेगी कनेक्टिविटी**

प्रस्तावित नेटवर्क में कल्ली पश्चिम-आईआईएम, राजाजीपुरम-आईआईएम, चारबाग-कल्ली पश्चिम, इंदिरानगर-सीजी सिटी, इंदिरानगर-अनोरा कला, चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट-बंथरा, मुंशीपुलिया-जानकीपुरम, सीजी सिटी-एयरपोर्ट, कल्ली पश्चिम-मोहनलालगंज और अनोरा कला-बाराबंकी गलियारे शामिल हैं। इनकी प्रस्तावित लंबाई करीब छह से 45 किलोमीटर तक है। इस विस्तार से पीजीआई, आईआईएम रोड, मोहनलालगंज, एयरपोर्ट, बंथरा, जानकीपुरम, सुशांत गोल्फ सिटी और बाराबंकी जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों को मेट्रो कनेक्टिविटी मिलने की उम्मीद है। इससे राजधानी के बाहरी इलाकों से शहर के प्रमुख हिस्सों तक आने-जाने में सुविधा बढ़ेगी और सड़क यातायात पर दबाव कम करने में भी मदद मिल सकती है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने जमीन चिह्नांकन के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित की है। समिति प्रस्तावित मेट्रो मार्गों के आसपास करीब एक से दो किलोमीटर के दायरे में उपलब्ध जमीन का सर्वे करेगी। इसमें जमीन की उपलब्धता, उपयोगिता और स्वामित्व से जुड़े अभिलेखों की जांच की जाएगी। डिपो के लिए ऐसी जगह को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां से उसे प्रस्तावित मेट्रो लाइन से आसानी से जोड़ा जा सके। समिति ने तीन स्थानों का प्रारंभिक मुआयना भी किया है।

लखनऊ मेट्रो के विस्तार की यह योजना शहर के बदलते स्वरूप और बढ़ती आबादी के अनुरूप सार्वजनिक परिवहन का नेटवर्क मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। पहले से प्रस्तावित पूर्व-पश्चिम गलियारे के साथ नए विस्तार को जोड़कर राजधानी के बड़े हिस्से को मेट्रो नेटवर्क में लाने की तैयारी है। पूर्व-पश्चिम गलियारे के 11.2 किलोमीटर लंबे चरण को भी आगे बढ़ाने की प्रक्रिया चल रही है।

### एक अमेरिकी समेत छह यूक्रेनी नागरिकों पर यूएपीए बरकरार



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार एक अमेरिकी और छह यूक्रेनी नागरिकों के खिलाफ आतंकवाद निरोधक कानून यूएपीए को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने स्थिति स्पष्ट की है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, पहली आरोपपत्र में यूएपीए की धाराएं शामिल नहीं किए जाने का यह मतलब नहीं है कि आरोपियों से आतंकवाद से जुड़े आरोप हटा दिए गए हैं। मामले की जांच अभी जारी है। एनआईए ने विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा की अदालत में सातों आरोपियों के खिलाफ अप्रवासन और विदेशी अधिनियम की धाराओं 21 और 23 के तहत पहली आरोपपत्र दाखिल की है।

# यूपी में बाढ़ का तांडव

## 26 जिलों में चार लाख आबादी प्रभावित, आज भी 22 जिलों में अलर्ट

- बाराबंकी में सरयू की कटान से टेलीफोन एक्सचेंज नदी में समाया
- ग्रामीण खुद तोड़ रहे मकान, वाराणसी में भी हालात बेकाबू

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



प्रदेश में लगातार हो रही बारिश और नदियों के बढ़ते जलस्तर ने बाढ़ का संकट और गहरा दिया है। प्रदेश के 26 जिलों में करीब चार लाख आबादी प्रभावित है। अवध से पूर्वांचल और तराई तक नदियां उफान पर हैं। सबसे भयावह स्थिति बाराबंकी में सरयू की कटान से बनी है, जहां नदी की धारा ने मंगलवार रात टेलीफोन एक्सचेंज को अपने आगोश में ले लिया। कटान की जद में आए ग्रामीण अपने आशियाने खुद तोड़कर खिड़की-दरवाजे और दूसरी उपयोगी सामग्री बचाने में जुटे हैं।

सरयू का जलस्तर बाराबंकी, सीतापुर और बहराइच के मैदानी इलाकों में लगातार चिंता बढ़ा रहा है। एल्गिन ब्रिज पर नदी खतरे के निशान से 48 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच चुकी है। बैराजों से करीब चार लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ने की आशंका है। करीब 75 गांव बाढ़ की चपेट में बताए जा रहे हैं।

**खतरे के निशान से ऊपर बहती नदियां**
- अयोध्या : सरयू 35 सेमी ऊपर।
- गोंडा : घाघरा करीब 48 सेमी और सरयू करीब 35 सेमी ऊपर।
- बाराबंकी : एल्गिन ब्रिज पर खतरे के निशान से 48 सेमी ऊपर।
- कानपुर : गंगा चेतावनी स्तर पार, कटरी क्षेत्र में बाढ़ का खतरा।

अयोध्या में भी सरयू खतरे के निशान से 35 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। जल आयोग के अनुसार बुधवार सुबह नदी का जलस्तर 93.080 मीटर था, जबकि खतरे का निशान 92.730 मीटर है। हालांकि यहां जलस्तर में गिरावट का रुख बताया गया है।

उधर, लखीमपुर खीरी में शारदा, घाघरा और मोहाना के उफान से कई गांवों में पानी घुसा है और फसलें डूब गई हैं। कानपुर में गंगा का जलस्तर चेतावनी स्तर पार कर चुका है, जिससे कटरी क्षेत्र के गांवों पर बाढ़ का खतरा बढ़ा है।

बारिश से वाराणसी, प्रयागराज समेत कई जिलों में जनजीवन प्रभावित है। वाराणसी में कक्षा एक से पांच तक के स्कूल बंद किए गए हैं, जबकि लखीमपुर खीरी और बरेली में कक्षा आठ तक के विद्यालयों में अवकाश है। कल भी राहत के आसार कम हैं। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में भारी बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। वाराणसी में भी गंगा का जलस्तर बढ़ने से सकरी गलियों में जलभराव है।

**मोदी कैबिनेट बैठक**

# रेलवे के 8 मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट मंजूर

- नौ राज्यों के 31 जिलों को फायदा
- सात हाई-डेंसिटी कॉरिडोर होंगे फोर-ट्रैक

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



- 1196 किलोमीटर रेल नेटवर्क की क्षमता बढ़ेगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण को गति देने वाला बड़ा फैसला लिया गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने करीब 20,804 करोड़ रुपये की लागत वाली आठ मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के तहत लगभग 1,196 किलोमीटर रेल नेटवर्क की क्षमता बढ़ाई जाएगी। सरकार का लक्ष्य व्यस्त रेल मार्गों पर ट्रेनों की आवाजाही को सुगम बनाना, भीड़भाड़ कम करना, परिचालन दक्षता बढ़ाना और यात्री तथा माल परिवहन को अधिक विश्वसनीय बनाना है।

इन आठ परियोजनाओं में तीन परियोजनाएं पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में तथा पांच परियोजनाएं तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में लागू होंगी। तीन परियोजनाओं पर 10,783 करोड़ रुपये खर्च होंगे और इनसे करीब 656 किलोमीटर रेल नेटवर्क की क्षमता बढ़ेगी।

वहीं दक्षिण भारत की पांच परियोजनाओं पर 10,021 करोड़ रुपये खर्च होंगे और लगभग 540 किलोमीटर नेटवर्क का विस्तार होगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, रेलवे के लगभग 11,000 किलोमीटर लंबे हाई-डेंसिटी नेटवर्क में सात प्रमुख कॉरिडोर ऐसे हैं, जिन पर देश के रेल यातायात का बड़ा हिस्सा निर्भर करता है। इन मार्गों की क्षमता बढ़ाने के लिए इन्हें चरणबद्ध तरीके से चार-ट्रैक यानी क्वाड्रुपल किया जा रहा है। इन सात कॉरिडोर में दिल्ली-मुंबई, मुंबई-चेन्नई, चेन्नई-कोलकाता और कोलकाता-दिल्ली के चार मार्ग शामिल हैं। इसके अलावा दिल्ली-चेन्नई और मुंबई-कोलकाता के दो डायगोनल तथा दिल्ली-गुवाहाटी कॉरिडोर भी इस योजना का हिस्सा हैं।

सरकार के अनुसार इन हाई-डेंसिटी कॉरिडोर में करीब 2,000 किलोमीटर का काम पूरा हो चुका है, जबकि लगभग 5,000 किलोमीटर पर काम जारी है या मंजूरी मिल चुकी है।

### एशियन गेम्स से पहले आई बाढ़, 400 खिलाड़ी सुरक्षित स्थानों पर भेजे गए

**एजेंसी, नागोया।** जापान के नागोया में एशियन गेम्स के उद्घाटन से 10 दिन पहले भारी बारिश के बाद बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। शहर की कई सड़कें और घर पानी में डूब गए। एहतियात के तौर पर एशियन गेम्स में हिस्सा लेने पहुंचे करीब 400 खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। करीब 3,500 लोगों ने इमरजेंसी शेल्टर में शरण ली। बाढ़ के कारण नागोया में बस और मेट्रो सेवाएं भी कुछ समय के लिए प्रभावित रहीं।

**सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री का बढ़ता प्रभाव**

## फॉलोअर्स में नंबर वन बने योगी

- तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय को छोड़ा पीछे

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर लोकप्रियता के मामले में देश के सभी मुख्यमंत्रियों को पीछे छोड़ दिया है। फॉलोअर्स की संख्या के आधार पर वह देश के नंबर एक मुख्यमंत्री बन गए हैं। इस दौड़ में उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय को पीछे छोड़ा है। सोशल मीडिया पर उनकी बढ़ती पहुंच को सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों और प्रशासनिक फैसलों को सीधे जनता तक पहुंचाने की रणनीति से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

## विज्ञान-गृह विज्ञान का आंतरिक मूल्यांकन खत्म

**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।**




- हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में बड़ा बदलाव
- अब 30 अंकों की होगी प्रयोगात्मक परीक्षा

प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल की मूल्यांकन व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब कक्षा 10 में विज्ञान और गृह विज्ञान विषयों का स्कूल स्तर पर होने वाला आंतरिक मूल्यांकन समाप्त कर दिया गया है। इन दोनों विषयों में अब 30-30 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षा अलग से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित की जाएगी।

यूपी बोर्ड ने इस संबंध में विज्ञप्ति जारी कर परिषद के विनियमों के अध्याय-13 के विनियम-3 में किए गए संशोधन की जानकारी दी है। नई व्यवस्था के तहत विज्ञान और गृह विज्ञान के प्रयोगात्मक कार्यों का मूल्यांकन अब विद्यालय स्तर पर आंतरिक रूप से नहीं किया जाएगा। बोर्ड की ओर से आयोजित प्रयोगात्मक परीक्षा में विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर अंक दिए जाएंगे।

पुरानी व्यवस्था में हाईस्कूल के सभी विषयों के प्रयोगात्मक कार्यों का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जाता था। इसके लिए पांच-बिंदु ग्रेडिंग व्यवस्था लागू थी और प्राप्त ग्रेड अंकपत्र में दर्ज किया जाता था। अब विज्ञान और गृह विज्ञान को इस व्यवस्था से अलग कर दिया गया है।

### राहुल गांधी के सवाल पर गरमाई दिशा बैठक

**समृद्धि नयूज, रायबरेली।** जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक में सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर अधिकारियों से एक-एक बिंदु पर जवाब मांगा। करीब ढाई घंटे चली बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) से बनी पांच जर्जर सड़कों की तस्वीरें दिखाकर व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कुचरिया-विश्वनाथगंज, भवानीगढ़-बहुधा, डलमऊ-जगतपुर, दरीबा-कठघर और सुल्तानपुर खेड़ा-सहजौरा मार्गों की स्थिति पर सवाल करते हुए तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

(विस्तृत खबर देखें पृष्ठ 8 पर)

**सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर करने की कवायद**

## अब 70 साल तक मरीजों का इलाज करेंगे डॉक्टर

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



- 500 निःसंवर्गीय पदों पर अनुबंध के आधार पर होगी तैनाती

सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी और लगातार बढ़ते मरीजों के दबाव के बीच योगी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा (पीएमएचएस) संवर्ग से सेवानिवृत्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को अब 70 वर्ष की आयु तक पुनर्नियोजित किया जा सकेगा। अभी इसकी अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष थी।

सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से तत्काल अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ेगी और मरीजों को सरकारी अस्पतालों में समयबद्ध उपचार मिल सकेगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि चिकित्सकों, विशेषकर विशेषज्ञ चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता सरकार की प्राथमिकता है। अस्पतालों के बाह्य और अंतःरोगी विभागों में बढ़ती मरीजों की संख्या को देखते हुए अनुभवी चिकित्सकों की सेवाएं चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत करने में उपयोगी होंगी। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष के मुताबिक, 500 निःसंवर्गीय पदों के सापेक्ष सेवानिवृत्त विशेषज्ञ चिकित्सकों का पुनर्नियोजन किया जाएगा।

## आकाश के ससुर राजनीति छोड़ें तभी आनंद की बसपा में वापसी

- मायावती ने अशोक पर निजी स्वार्थ को महत्व देने का लगाया आरोप

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब में विधानसभा चुनाव करीब आते ही बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने संगठन और अपने भतीजे आकाश आनंद की भविष्य की भूमिका को लेकर बड़ा संकेत दिया है। पार्टी की ओर से जारी बयान में पूर्व राज्यसभा सदस्य अशोक सिद्धार्थ से राजनीति से पूरी तरह संन्यास लेने की अपील की गई है। मायावती ने स्पष्ट किया कि ऐसा होने पर ही उनके दामाद आकाश आनंद को पार्टी में स्वतंत्र रूप से काम करने और उनकी पूर्व जिम्मेदारियां लौटाने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जा सकता है। बसपा ने अशोक सिद्धार्थ पर आरोप लगाया कि पार्टी ने उन्हें सुधार का एक नहीं, बल्कि कई बार अवसर दिया, लेकिन उन्होंने बहुजन मिशन की अपेक्षा निजी, पारिवारिक स्वार्थ और राजनीतिक महत्वाकांक्षा को प्राथमिकता दी।

**उम्मीद** | **मोदी-पुतिन मुलाकात से पहले रक्षा सौदे पर बढ़ी हलचल**

# रूस से 75 सुखोई-57 लड़ाकू विमान ले सकता है भारत

- एक लाख करोड़ रुपये तक हो सकती है डील
- देश में विमान निर्माण पर होगी मंत्रणा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत और रूस के बीच 75 सुखोई-57 लड़ाकू विमानों की खरीद को लेकर बातचीत निर्णायक दौर में पहुंचने की खबर है। प्रस्तावित सौदे की कीमत करीब एक लाख करोड़ रुपये तक हो सकती है। इसमें विमानों के साथ हथियार, कलपुर्जे, प्रशिक्षण, सिम्युलेटर और रखरखाव जैसी सुविधाएं भी शामिल बताई जा रही हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आगामी मुलाकात के दौरान इस सौदे पर सहमति बनने की संभावना जताई गई है।

भारत की प्रमुख शर्त विमान खरीदने तक सीमित नहीं है। नई दिल्ली चाहती है कि सौदे के साथ ऐसी तकनीक भी मिले, जिसका इस्तेमाल भविष्य में स्वदेशी लड़ाकू विमान विकसित करने में किया जा सके। रूस भारत में सुखोई-57 के निर्माण की पेशकश कर चुका है। भारत इसमें अपनी रक्षा कंपनियों की भागीदारी और जरूरी तकनीक तक पहुंच चाहता है। विशेषज्ञों के मुताबिक सुखोई-57 भारतीय वायुसेना की क्षमता में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी कर सकता है। इसकी उपयोगिता केवल इसकी मारक क्षमता में नहीं, बल्कि राफेल, सुखोई-30 एमकेआई, हवाई चेतावनी एवं नियंत्रण प्रणाली, जमीनी रडार और वायु रक्षा नेटवर्क के साथ तालमेल में होगी। स्टील्थ क्षमता के कारण यह दुश्मन के रडार और वायु रक्षा ठिकानों के करीब पहुंचकर अभियान में अहम भूमिका निभा सकता है। हालांकि वायुसेना अभी विमान की स्टील्थ क्षमता, सेंसर, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और विभिन्न हथियारों के साथ तालमेल का आकलन कर रही है। मोदी-पुतिन वार्ता में रक्षा के अलावा कुडनकुलम परमाणु परियोजना, परमाणु ऊर्जा सहयोग और एस-400 मिसाइल प्रणाली की शेष आपूर्ति पर भी चर्चा होने की संभावना है। रूस यूक्रेन युद्ध के समाधान के लिए भारत की कूटनीतिक कोशिशों का समर्थन करने की बात भी कह चुका है।

**सिर्फ विमान नहीं, तकनीक पर नजर**

सुखोई-57 सौदे का सबसे महत्वपूर्ण पहलू विमानों की संख्या नहीं, बल्कि उससे मिलने वाली तकनीकी क्षमता हो सकती है। यदि भारत रूस से उन्नत तकनीक और देश में उत्पादन की अनुमति हासिल करता है तो इससे घरेलू रक्षा उद्योग को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान निर्माण की दिशा में बड़ा अनुभव मिलेगा। खासकर स्टील्थ डिजाइन, उन्नत एवियोनिक्स, सेंसर फ्यूजन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध तकनीक में भारतीय कंपनियों की क्षमता बढ़ सकती है। यह अनुभव भविष्य में स्वदेशी लड़ाकू विमान परियोजनाओं के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। ऐसे में प्रस्तावित सौदा भारतीय वायुसेना की ताकत बढ़ाने के साथ मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन के लिए भी अहम पड़ाव बन सकता है।

# कुश्ती के अखाड़े में अंबेडकरनगर की बेटियों का जलवा

- दो ने जीता स्वर्ण
- चार छात्राओं ने रजत पदक भी हासिल किया
- कस्तूरबा विद्यालयों की प्रतिभाओं ने बढ़ाया जिले का मान




**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**

गोरखपुर में आयोजित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में अंबेडकरनगर की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में जनपद की दो छात्राओं ने अपने-अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि चार छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक पर कब्जा जमाया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जलालपुर की कक्षा सात की छात्रा अंशिका ने 40 किलोग्राम भार वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भियांव की कक्षा आठ की छात्रा प्रिया यादव ने 54 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जहांगीरगंज की छात्राओं ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कक्षा सात की सुरक्षा ने 30 किलोग्राम, अमृता ने 36 किलोग्राम और अश्विनी ने 35 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं कक्षा आठ की अंकिता ने 40 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया। मेहनत और लगन का मिला परिणाम। राज्य स्तरीय मंच पर कस्तूरबा विद्यालयों की छात्राओं की इस उपलब्धि को जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद ग्रामीण परिवेश से आने वाली इन छात्राओं ने अपने खेल कौशल, अनुशासन और कड़ी मेहनत के दम पर प्रदेश स्तर पर पहचान बनाई है। दो छात्राओं के स्वर्ण और चार छात्राओं के रजत पदक जीतने से कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में खेल प्रतिभाओं को मिल रहे अवसरों और प्रशिक्षण का परिणाम भी सामने आया है। छात्राओं की सफलता पर शिक्षा विभाग और विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। अंबेडकरनगर की इन बेटियों ने साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी संसाधन या क्षेत्र की मोहताज नहीं होती–जरूरत है तो सिर्फ अवसर, मार्गदर्शन और मेहनत की।

# लेबर चौक पर मेगा कैंप में डीएम ने श्रमिकों से किया संवाद

- 20 श्रमिकों का बीओसी डब्ल्यू पंजीयन
- 30 श्रमिक डिजिटल लेबर चौक एप से जुड़े

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



निर्माण श्रमिकों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने और उन्हें विभागीय सेवाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्रम विभाग की ओर से लेबर चौक, सेखुईया तिराहा पर मेगा कैंप आयोजित किया गया। कैंप का शुभारंभ जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने किया। जिलाधिकारी ने लेबर चौक पहुंचकर श्रमिकों से संवाद किया और उनके कार्य, पंजीयन की स्थिति तथा योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी ली। उन्होंने पात्र निर्माण श्रमिकों का बी ओ सी डबलू पंजीयन कराकर उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया। कैंप में श्रमिकों को बी ओ सी डबलू पंजीयन, नवीनीकरण और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। सी एच सी के माध्यम से मौके पर ही 20 निर्माण श्रमिकों का बी ओ सी डबलू पंजीयन कराया गया। वहीं 30 श्रमिकों के मोबाइल में इंस्टॉल कराकर उन्हें ऐप के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई।

## खबरें एक नजर में

### दबंगों ने लेखपाल के संग मिलकर उजाड़ा मडहा

**बलरामपुर।** थाना श्री दत्तगंज निवासी शिवपुर महंत गांव के सतई पुत्र बेचू ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया की पीड़ित के पूर्वजों के समय से टीन सेड का बना मकान था जिसमें पीड़ित और उसका पूरा परिवार रहन–सहन करता था पीड़ित के मकान को हल्का लेखपाल ने गांव के दबंग व्यक्तियों से मिलकर बिना पैमाइश व बिना किसी नोटिस के पूरे मकान को जगदंबा प्रसाद मिश्र कृष्ण कुमार मिश्रा बलराम मिश्र दुर्गेश मिश्रा व कृष्ण कुमार तथा कई अज्ञात लोगों के साथ मिलकर गिरा दिया पीड़ित के बोलने पर दबंगों ने पीड़ित को गाली गुप्ता देकर जान से मार डालने की धमकी दिया और कहा मेरा पहुंच बहुत आगे तक है मेरा कुछ नहीं कर पाओगे पीड़ित न्याय की गुहार के लिए जिले के अधिकारियों को दस्तक दे रहा है अब देखना है पीड़ित को न्याय कौन दिला पाएगा ।

### भारतीय किसान संघ ने सौंपा 10 सूत्रीय ज्ञापन

**बहराइच।** किसानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ उत्तर प्रदेश, अवध प्रांत जनपद बहराइच की ओर से बुधवार दोपहर शिवपुर ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप तिवारी की अगुवाई में उत्तर प्रदेश सरकार के नाम 10 सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा को सौंपा गया। संघ ने किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। ज्ञापन में किसान सम्मान निधि में प्रदेश सरकार की ओर से केंद्र सरकार की तर्ज पर 6,000 वार्षिक अतिरिक्त राशि दिए जाने की मांग की गई। संघ ने एमएसपी पर किसानों की फसलों की 100 प्रतिशत खरीद सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाने और सभी क्रय केंद्रों पर खरीद व्यवस्था लागू कराने की मांग भी उठाई। किसानों ने गन्ने का मूल्य बढ़ाकर 500 प्रति क्विंटल, निजी नलकूपों के बिजली कनेक्शन पूरी तरह नि:शुल्क करने तथा भूमि अधिग्रहण कानून को किसान हितैषी बनाने की मांग की।

### 5 साल के मासूम पर कुत्ते का हमला

**बहराइच।** रानीपुर थाना क्षेत्र के कारिडीहा गांव में एक पांच साल के बच्चे पर कुत्ते ने हमला कर दिया। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे घर के बाहर बैठे मासूम के चेहरे पर कुत्ते ने गहरे घाव कर दिए। बच्चे की चीख सुनकर उसकी मां ने डंडा लेकर कुत्ते को भगाया। घायल बच्चे को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कारिडीहा गांव के रहने वाले प्रदीप का पांच वर्षीय बेटा आदर्श अपने घर के दरवाजे के बाहर बैठा था। तभी अचानक एक कुत्ता वहां आया और उस पर झपट पड़ा। कुत्ते ने आदर्श के चेहरे पर काट लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अचानक हुए इस हमले से आदर्श जोर–जोर से चीखने लगा। आदर्श की चीख सुनकर उसकी मां दीपा घर से डंडा लेकर बाहर भागी। मां को अपनी तरफ आता देख कुत्ता बच्चे को छोड़कर वहां से भाग गया। इसके बाद परिजन घायल आदर्श को तुरंत जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने मासूम के चेहरे पर हुए घावों का इलाज शुरू कर दिया है। इस घटना के बाद गांव में आक्रामक कुत्ते को लेकर लोगों में डर का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आबादी के बीच घूम रहे आवारा और आक्रामक कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

### साइबर ठगी से बचने के लिए पुलिस ने बताए उपाय

**बहराइच।** राष्ट्रीय साइबर जागरूकता अभियान के तहत पुलिस ने लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए। बुधवार दोपहर रानीपुर थाना क्षेत्र के ताजपुर स्थित ब्लू बेल्स मोंटेसरी स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में करीब 150 से 200 लोगों को साइबर ठगी के बढ़ते मामलों और उनसे बचने के तरीकों की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के आदेश पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के निर्देश और क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्रा की देखरेख में यह कार्यक्रम हुआ। साइबर क्राइम पुलिस थाना बहराइच की टीम ने लोगों को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने बताया कि मोबाइल फोन और सोशल मीडिया अकाउंट को सुरक्षित रखने के लिए टू–स्टेप वेरिफिकेशन जरूर चालू करें। मोबाइल में मौजूद जरूरी ऐप्स और ऑनलाइन खातों के लिए मजबूत और अलग–अलग पासवर्ड इस्तेमाल करने की सलाह दी गई।

### सीमा सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के लिए गतिविधियां

**बहराइच।** सशस्त्र सीमा बल ( एसएसबी ) ने सीमा क्षेत्र में सुरक्षा मजबूत करने और आपदा के समय बचाव कार्य को बेहतर बनाने के लिए कई गतिविधियां कीं। लखीमपुर खीरी–की 'डी' समवाय निशानगाड़ा में राहत और बचाव दल ने एक मॉक ड्रिल का अभ्यास किया। इस मॉक ड्रिल में जवानों ने भूकंप जैसी आपदा में गिरे ढांचों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का अभ्यास किया। उन्होंने प्राथमिक उपचार देने, इन्फ्लेटेबल रबर बोट चलाने और हाइड्रोलिक जैक का इस्तेमाल करने का भी अभ्यास किया। इस दौरान टीम ने आपात स्थिति में तेजी से बचाव और राहत कार्य करने का हुनर दिखाया। इस दौरान कमांडर राजन श्रीवास्तव, त्रिलोक सिंह, राजेश सिंह, सोमवीर सिंह और सीमा सुरक्षा बल के कई जवान मौजूद थे।इसके साथ ही, कतर्नियाघाट क्षेत्र के कतर्नियाघाट गांव में ग्राम सभा की बैठक हुई। इसमें ग्रामीणों की समस्याओं पर बात की गई।

### मिहींपुरवा में विहिप स्थापना दिवस पर हिंदुत्व की हुंकार

**बहराइच।** विकासखंड मिहींपुरवा मुख्यालय पर विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस समारोह अत्यंत भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें संगठन के केंद्रीय, क्षेत्रीय एवं प्रांतीय स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख एवं केंद्रीय सह मंत्री सपन मुखर्जी का आगमन हुआ। जिनका कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया, उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त क्षेत्र सेवा प्रमुख उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राधेश्याम द्विवेदी एवं प्रांत सेवा प्रमुख अवध प्रांत धर्मेंद्र सिंह गौर मंच पर उपस्थित रहे।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद तरुण सिंह, विभाग मंत्री अजय एवं जिला संयोजक विधि प्रकोष्ठ अजीत सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन एवं व्यवस्थापन जिला उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद मनोज कुमार गौतम एवं जिला सुरक्षा प्रमुख बजरंग दल कृष्णा पाण्डेय द्वारा किया गया। मंच से मुख्य अतिथि सपन मुखर्जी ने अपने संबोधन में विश्व हिंदू परिषद के 63 वर्षों के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिषद ने धर्मांतरण रोकने, गौ रक्षा, मंदिरों की मुक्ति, सेवा बस्ती में सेवा कार्य एवं हिंदू समाज को संगठित करने का जो कार्य किया है वह अतुलनीय है।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री दिलीप पटेल व क्षेत्रीय महामंत्री राहुल राज रस्तोगी का बलरामपुर में भव्य स्वागत

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र प्रभारी दिलीप पटेल तथा नवनियुक्त क्षेत्रीय महामंत्री, अवध क्षेत्र एवं बलरामपुर के जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी के बलरामपुर प्रथम आगमन पर बुधवार को वीर विनय चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

नगर पालिका परिषद बलरामपुर के चेयरमैन डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जुटे भाजपा कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया। बलरामपुर पहुंचने पर दिलीप पटेल और राहुल राज रस्तोगी ने वीर विनय कायस्थ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं ने भी पार्टी की नीतियों और संगठनात्मक गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

स्वागत कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, सदर विधायक पल्टूराम, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी डी.पी. सिंह बैस, जिला उपाध्यक्ष संजय शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, सभासद एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बदला मौसम तो बढ़े मरीज सीएचसी शिवपुर में उमड़ी भीड़

- बुखार, खांसी और दस्त के मरीजों की संख्या दोगुनी
- तीन बेड होने से फर्श पर इलाज कराने को मजबूर मरीज

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



बारिश के बाद मौसम में आए बदलाव का असर अब लोगों की सेहत पर भी दिखाई देने लगा है। बदलते मौसम के चलते बुखार, खांसी और दस्त के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। बुधवार दोपहर सीएचसी शिवपुर में मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली। ओपीडी से लेकर जांच और दवा काउंटर तक मरीजों की कतार लगी रही। अस्पताल में भर्ती भयापुरवा निवासी विवेक, ललई पुरवा निवासी बगैचा, शुक्लन पुरवा निवासी हिमांशु समेत कई मरीज तेज बुखार से पीड़ित बताए गए। मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच अस्पताल में महज तीन बेड होने से कई मरीज फर्श पर बैठकर इलाज का इंतजार करते और बेंच पर लेटे नजर आए।

## दीवार तोड़कर घर में घुसे चोर, नकदी, जेवर व गृहस्थी का सामान ले गए

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।** नानपारा कोतवाली क्षेत्र के बैसवारा गांव में एक घर में चोरी हो गई। अज्ञात चोरों ने मंगलवार देर रात दीवार तोड़कर घर में सेंध लगाई। वे नकदी, सोने-चांदी के जेवर और गृहस्थी का सामान लेकर फरार हो गए।बुधवार सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित परिवार में हड़कंप मच गया। बैसवारा गांव की पूनम देवी के मुताबिक, चोरों ने घर की दीवार में सेंध लगाकर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने घर में रखी नकदी और सोने-चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। चोर अपने साथ अन्य घरेलू सामान भी ले गए। सुबह घटना का पता चलने पर परिजनों ने आसपास के लोगों को सूचना दी। पीड़िता पूनम देवी ने इस संबंध में नानपारा कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

# मकान में चल रहा था नकली दवाओं की पैकेजिंग का खेल, छापे में खुला राज

- रैपर से लेकर होलोग्राम और पैकिंग मशीन तक बरामद
- चार के खिलाफ एफआईआर
- कमला पसंद का भी लिया गया नमूना

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**






जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ कर कथित तौर पर नकली और डुप्लीकेट औषधियों को बाजार में उतारने की तैयारी का मामला सामने आया है। जैतपुर थाना क्षेत्र के गोपरीचांदपुर गांव में प्रशासन, पुलिस और औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने एक मकान पर छापा मारकर विभिन्न ब्रांडों के रैपर-लेबल, खाली डिब्बियां, बोतलें, होलोग्राम और भारी मात्रा में पैकेजिंग सामग्री बरामद की। मौके से औषधियों की पैकिंग में इस्तेमाल होने वाली हीट श्रिंक टनल मशीन भी मिली है।

कार्रवाई जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त शिकायत के बाद आठ सितंबर को की गई। संयुक्त टीम ने मकान की तलाशी ली तो वहां बड़ी मात्रा में ऐसी सामग्री मिली, जिसका इस्तेमाल कथित तौर पर आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक उत्पादों की पैकेजिंग में किया जा सकता था। बरामद सामग्री में योगीराज ब्रांड की विभिन्न औषधियों, न्यू आर्थो पावर होम्योपैथिक उत्पादों तथा अन्य कंपनियों के नाम वाले लेबल और रैपर शामिल बताए गए हैं। तलाशी के दौरान बड़ी संख्या में बिना लेबल की डिब्बियां और अन्य पैकिंग सामग्री भी मिली। इससे मौके पर औषधियों की पैकेजिंग और संभावित आपूर्ति को लेकर जांच का दायरा बढ़ गया है। अधिकारियों ने बरामद सामग्री को कब्जे में लेकर मामले की विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी। प्रारंभिक पूछताछ में मकान स्वामी द्वारा दूसरे जनपद से जुड़े लोगों के माध्यम से सामग्री प्राप्त करने, उसका भंडारण, पैकेजिंग और बिक्री किए जाने की जानकारी दिए जाने की बात सामने आई है। इसके बाद प्रशासन ने आजमगढ़ जिला प्रशासन को भी सूचना दी है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी की ओर से मकान स्वामी शिवम पाण्डेय सहित शिव चतुर्वेदी, हरि लाल पाण्डेय और उत्तम चतुर्वेदी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं तथा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की धारा 33-ढ्ढ के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की आगे जांच कर रहे हैं। छापेमारी के दौरान मकान से कमला पसंद के आठ डिब्बे भी मिले। टीम ने इनका नमूना लेकर जांच के लिए भेज दिया है।

जांच रिपोर्ट आने के बाद इसकी गुणवत्ता और वैधता को लेकर स्थिति और स्पष्ट होगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नकली, मिलावटी अथवा अवैध औषधियों के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि औषधियों की गुणवत्ता और वैधता की जांच के लिए संबंधित विभागों की निगरानी लगातार जारी रहेगी।

# बच्चों संग बैठकर बीईओ ने चखा मध्याह्न भोजन का स्वाद



**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़, बाराबंकी।**

जिला अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बच्चों को शासन की मंशा व मीनू के अनुसार भोजन व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के लिए प्रत्येक बुधवार को बच्चों के साथ भोजन कर गुणवत्ता को परखने के लिए विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी आराधना अवस्थी पूर्व माध्यमिक विद्यालय पट्टी पहुंची । इस दौरान रसोईघर का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था देखी।इसके बाद बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। बीईओ ने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई, विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं और भोजन की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान बच्चों ने निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन परोसे जाने की बात बताई । खंड शिक्षा अधिकारी आराधना अवस्थी ने यहां की व्यवस्थाएं देखकर काफी प्रसन्न हुई और शिक्षक इमामुद्दीन की सराहना की । खंड शिक्षा अधिकारी आराधना अवस्थी ने बताया कि जिला अधिकारी ने निर्देशित किया है कि प्रत्येक बुधवार को अधिकारी विद्यालय जाकर भोजन की गुणवत्ता परखे इसी क्रम में आज पूर्व माध्यमिक विद्यालय पट्टी का निरीक्षण किया गया है। यहां पर बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी चखा गया है। भोजन निर्धारित व मीनू के अनुसार पाया गया। अधिकारी बच्चों के साथ भोजन कर रहे हैं इससे बच्चे भी हर्ष का माहौल है।

# भाकियू की मासिक बैठक सम्पन्न

**समृद्धि न्यूज, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।**

ब्लॉक सिरौलीगौसपुर परिसर में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक बैठक हुई। दोपहर एक बजे शुरू हुई इस बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रताप वर्मा ने की।बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। ब्लॉक अध्यक्ष ने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना और रजिस्टर में नोट किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द उनका हल किया जाएगा, ताकि कार्यकर्ताओं को कोई परेशानी न हो।बैठक में मुख्य रूप से तीन बातों पर विस्तार से चर्चा हुई। इनमें सामूहिक विवाह, रक्तदान और संगठन विस्तार शामिल थे।सामूहिक विवाह को लेकर बताया गया कि हर साल की तरह इस साल भी सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिले के सभी सदस्यों प्रमुख साथियों और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे अपने-अपने क्षेत्र से सहयोग करें।बैठक में रक्तदान शिविर लगाने और संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने पर भी सहमति बनी। इस दौरान राम उदेश गुप्ता, जगजीवन प्रसाद यादव, राम बहादुर यादव, अनुराग सिंह, राजू यादव, मोहम्मद जीशान, शिव मोहन, मोलहे, मंशा राम, मैनकू लाल, शैल कुमारी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने छोटे पुत्र अनुपम कुमार को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**चंद्रभाल पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी म0नं0- 376 ग्राम खिझना, तहसील फतेहपुर, जनपद बाराबंकी।**

**अदालती नोटिस**

**हेतु संदर्शित करने की सूचना** (साधारण प्रारूप), न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय बाराबंकी, एम.सी.सी. वाद सं0-134/2026, ता0पे0-16.09.2026

श्रीमती प्रभू देवी आदि बनाम हर आम व खास जायदाद नन्दलाल चैरिटेबिल एण्ड एजुकेशनल ट्रस्ट ग्राम आलापुर पोस्ट प्रधान डाकघर बाराबंकी परगना व तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी

चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थीजन ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन 2026 के 09 के 16 दिवस को 10:00 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 2026 के दिवस को निकली गई।

**न्यायाधीश**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट नं0 N1493495 में मेरा नाम अख्तर अली (Akhtar Ali) पुत्र लियाकत (Liyakat) निवासी-असदनगर, दशहराबाग तहसील नबाबगंज, जिला बाराबंकी अंकित है। उक्त पासपोर्ट में सूचनाकर्ता के पिता का नाम में त्रुटिवश लियाक़त (Liyakat) लिखा है जबकि पिता का वास्तविक व पूरा नाम लियाक़त अली (Liyakat Ali) है। मेरे पासपोर्ट में अंकित पिता का नाम लियाकत अली पढ़ा व समझा जाए।

**सूचनाकर्ता**
**अख्तर अली पुत्र लियाकत अली निवासी–असदनगर, दशहराबाग तहसील नबाबगंज, जिला बाराबंकी।**

# बारह सितम्बर को लगेगी लोक अदालत, प्रचार वाहन डीजे ने किया रवाना

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



जनपद में बारह सितम्बर को लगने वाली लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए प्रचार वाहन को जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष डालसा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में 12 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन जनपद में भेजा गया है। उक्त प्रचार वाहन को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर उज्ज्वल उपाध्याय, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु पैनल अधिवक्ताओं एवं पराविधिक स्वयं सेवकों की ड्यूटी लगायी गयी है, जिनके द्वारा प्रचार वाहन के साथ जनपद की समस्त तहसीलों एवं प्रमुख स्थानों पर आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जानकारी प्रदान की जायेगी।

उक्त प्रचार वाहन जनपद बाराबंकी की समस्त तहसीलों में भ्रमण कर पम्पलेट एवं पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जायेगा। पैनल अधिवक्ताओं एवं पराविधिक स्वयं सेवक द्वारा आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत के लाभों, निस्तारण योग्य मामलों तथा सुलह-समझौते के माध्यम से मामलों के त्वरित निस्तारण के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया जायेगा।

सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकार के सुलह योग्य वादों एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित एवं सरल निस्तारण कराया जा सकता है। प्रचार वाहन के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर वंदना, प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय अल्पना सक्सेना, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत समेत अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पर्यटकों के अनुरूप बढ़ेंगी सुविधाएं : जयवीर सिंह

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



वर्ष 2025 में देश में सर्वाधिक घरेलू पर्यटक संख्या दर्ज करने के बाद उत्तर प्रदेश अब देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर उपलब्ध सुविधाओं की मैपिंग करा रहा है। इसका उद्देश्य बढ़ती पर्यटकों की संख्या के अनुरूप सुविधाओं और पर्यटक सेवाओं का विकास सुनिश्चित करने के साथ आगंतुकों के अनुभव को और बेहतर बनाना है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को पर्यटन भवन में आयोजित पर्यटन विभाग, संस्कृति विभाग और उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की समीक्षा बैठकों में इस पहल पर चर्चा की गई। पर्यटन विभाग ने इसके लिए एक प्रोफार्मा तैयार किया है, जिसमें क्षेत्रीय स्तर पर विभिन्न मानकों के आधार पर जानकारी दर्ज की जाएगी। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारियों को सड़क संपर्क, परिवहन सुविधाएं, प्रकाश व्यवस्था, यात्री शेल्टर, रैंप, हिंदी एवं अंग्रेजी में साइनेज, पर्यटक सुविधा केंद्र तथा पर्यटन कार्यालयों समेत अन्य सुविधाओं की जानकारी जुटाने के निर्देश दिए गए हैं। यह जानकारी जिलेवार 'टूरिज्म मैट्रिक्स' के रूप में एक समर्पित डैशबोर्ड पर दर्ज की जाएगी। इससे विभाग को प्रत्येक पर्यटन स्थल पर उपलब्ध सुविधाओं की स्पष्ट तस्वीर मिल सकेगी। साथ ही भविष्य में सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक पर्यटन के लिए विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से तैयार करने में मदद मिलेगी।

- पर्यटन स्थलों की सुविधाओं का होगा पूरा आकलन
- जिलेवार 'टूरिज्म मैट्रिक्स' पर दर्ज होगी जानकारी

**देश का अग्रणी घरेलू पर्यटन गंतव्य बनकर उभरा उत्तर प्रदेश**

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी घरेलू पर्यटन गंतव्य बनकर उभरा है। पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है, इसलिए सुविधाओं और पर्यटक सेवाओं को भी उसी गति से विकसित करना जरूरी है। टूरिज्म मैट्रिक्स से हमें प्रत्येक पर्यटन स्थल की जरूरतों को समझने और उनके अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से विकास करने में मदद मिलेगी। पर्यटन स्थलों पर शिलालेख और बारकोड व्यवस्था की प्रगति पर भी बैठक में प्रमुखता से चर्चा हुई। वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत 575 परियोजनाओं में शिलालेख और बारकोड की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है।


पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने कहा अन्य स्थानों पर संचालित परियोजनाओं में बारकोड युक्त शिलालेख स्वीकृत किए गए हैं, जिन्हें संबंधित कार्यदायी संस्थाओं की ओर से लगाया जा रहा है। इसके उन्होंने अलावा भारत सरकार से संबंधित योजनाओं की प्रगति और वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार की संभावित योजनाओं की स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में जिला महोत्सवों के आयोजन की भी समीक्षा हुई। वित्तीय वर्ष 2025-26 तक जिला महोत्सवों के लिए उपलब्ध कराई गई धनराशि के सापेक्ष आयोजित कार्यक्रमों का विवरण और उनके उपयोगिता प्रमाण-पत्रों की स्थिति पर चर्चा की गई।

# यूपी में तेजी से बढ़ रहा वस्त्र उद्योग : ब्रजेश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

आज का उत्तर प्रदेश बहुत तेजी से तरक्की कर रहा है। वस्त्र उद्योग भी पीछे नहीं है। एक व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताओं में रोटी, कपड़ा और मकान होता है। नई तकनीक के आधार पर वस्त्रों का उत्पादन हो रहा है।

यह कहना है प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का। वे बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय यूपी टेक्स-2026 समारोह के समापन अवसर को संबोधित कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य में वस्त्र उद्योग पहले से स्थापित है लेकिन उसे मार्केट नहीं मिल पाता था। डबल इंजन की भाजपा सरकार ने वस्त्र उद्योग को मार्केट दिया और आज उत्तर प्रदेश का वस्त्र देश और दुनिया में जा रहा है। उत्तर प्रदेश में वस्त्र उद्योग को लेकर काफी निवेश भी आ रहा है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश के हथकरघा और वस्त्र क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है।



- उपमुख्यमंत्री ने यूपी टेक्स के समापन समारोह को किया संबोधित

उप मुख्यमंत्री पाठक ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश की समृद्ध हथकरघा एवं वस्त्र परंपरा हमारी सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ लाखों कारीगरों, बुनकरों एवं उद्यमियों की आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है। यह आयोजन प्रदेश की पारंपरिक कला, आधुनिक तकनीक, नवाचार और उद्यमिता को एक मंच पर लाने का सराहनीय कार्य है।

हमारी सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के बुनकरों एवं हस्तशिल्पियों को सशक्त बनाते हुए उनके हुनर को वैश्विक बाजार तक पहुंचाया जाए, ताकि 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के संकल्प को और मजबूती मिले।

## खबरें एक नजर में

### ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से विद्युत संघ की हुई वार्ता

**लखनऊ।** प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र पाण्डेय नें बताया कि 22 अगस्त 2026 को उर्जा मंत्री ए के शर्मा कि उपस्थिति में उनके लखनऊ स्थित आवास पर पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन व संगठन पदाधिकारियों के बीच बैठक वार्ता हुई। जिसमें उर्जा मंत्री द्वारा विद्युत उपकेंद्रों के परिचालन व अनुरक्षण कार्य में आउटसोर्स कर्मचारियों को तैनात करने हेतु मानक निर्धारित करने के लिए समिति का गठन करने का निर्देश दिया गया और कहा गया कि समिति में संगठन पदाधिकारियों को भी शामिल किया जाय किन्तु समिति में संगठन पदाधिकारियों को शामिल नहीं किया गया। समिति द्वारा कल दिनांक 10-9-2026 को शाम 5.30 बजे शक्ति भवन लखनऊ में किया जा रहा है जिसमें संगठन पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है।

### परिषद की लापरवाही, पिता परेशान

**लखनऊ।** मौहल्ला नालबन्दान निवासी अफ्सार हुसैन सिद्दीकी पुत्र इफ्तेखार हुसैन पिछले 3-4 वर्षों से अपनी पुत्री की जन्मतिथि संशोधन के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद के बरेली जोन के चक्कर काट रहे हैं। पीड़ित पिता का आरोप है कि उन्होंने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर अब तक 7 बार शिकायत दर्ज कराई है, जिनकी संख्या 40013426023436, 40013426026671, 40013426024072, 40013426029246, 40013426030137, 40013426031607 और 40013426033645 है। पीड़ित के अनुसार उनकी हर शिकायत में स्पष्ट रूप से बरेली जोन लिखा होने के बावजूद अधिकारियों द्वारा उसे मेरठ जोन भेज दिया जाता है और मेरठ जोन द्वारा यह कहकर कि यह बरेली का मामला है, बिना किसी कार्रवाई के फ़ाइल बंद कर दी जाती है। अफ्सार हुसैन ने बताया कि दिनांक 07 सितम्बर को प्रातः 9.08 बजे मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 से फीडबैक कॉल आई थी, जिस पर उन्होंने असंतुष्टि दर्ज कराई है। अब उन्होंने सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जन सूचना अधिकारी से पूछा है कि 6 शिकायतों को गलत जोन में किस नियम के तहत भेजा गया और 16 माह तक फ़ाइल को किस नियम के तहत रोका गया। पीड़ित ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की है।

### इप्सेफ ने प्रधानमंत्री को पत्र भेज कर की मांग

**लखनऊ।** इण्डियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाईज फेडरेशन (इप्सेफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी0पी0 मिश्र एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस0बी0 सिंह ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि उ.प्र. की भांति आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए दी गयी सुविधाओं को केन्द्र व अन्य राज्यों में भी उसी भांति लागू कराये तथा उन्हें नियमित करने पर भी विचार करे। इप्सेफके नेताओं ने यह भी मांग की है कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के जीवनयापन के लिए पुरानी पेंशन को बहाल करे इससे देश भर का कर्मचारी परिवार आभारी रहेगा। अतुल मिश्र उपमहासचिव ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया है कि देश में निरन्तर बढ़ रही महंगाई से सभी मेहनतकश परिवार कराह रहा है। युवा, बेरोजगारी की आहत से अत्यन्त दयनीय है। युवा वर्ग को अन्धकार दिखाई दे रहा है। उसके परिवार की स्थिति भी दयनीय है।

### आयुष छात्र धरने पर बैठे

**लखनऊ।** राजधानी में 15 साल से स्टाइपेंड नहीं बढ़ने से नाराज आयुष छात्रों ने बुधवार को हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन किया। छात्रों ने 7,500 रुपए का स्टाइपेंड बढ़ाकर 25 हजार रुपए करने की मांग की। उनका कहना है कि एमबीबीएस और बीडीएस इंटर्न का स्टाइपेंड बढ़ चुका है, लेकिन आयुष छात्रों को अब भी पुरानी रकम मिल रही है। छात्र डिप्टी सीएम से मुलाकात की मांग पर अड़े थे। तेज धूप के बावजूद बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं गांधी प्रतिमा पर जुटे रहे। कई छात्र छाता लेकर तो कुछ पोस्टर और बैनर से सिर ढककर प्रदर्शन करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने मेहनत हमारी पूरी है, 25 हजार मांग जरूरी है और काम हमारा पूरा, स्टाइपेंड क्यों आधा-अधूरा जैसे नारे लगाए। छात्रों का कहना है कि कॉलेज में पढ़ाई के साथ मरीजों के इलाज और अस्पताल से जुड़े कार्यों में भी वे अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें मिलने वाला स्टाइपेंड लंबे समय से जस का तस है। बढ़ती महंगाई में 7,500 रुपए प्रतिमाह में अपनी जरूरतें पूरी करना उनके लिए मुश्किल हो रहा है।

### ट्रेन से गिरकर लड़के की मौत

**लखनऊ।** बंथरा में हरौनी रेलवे स्टेशन के पास बुधवार सुबह करीब 8.30 बजे 17 साल के लड़के की फ़रक्का एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, हादसे की सूचना करीब 9 बजे मिली। जांच में मृतक की पहचान सीतापुर जिले के हरगांव थाना अंतर्गत नंद्रासन नगवापुर निवासी अंकुल (17) के रूप में हुई। मृतक अंकुल के बड़े भाई रामराज ने बताया कि करीब 20 दिन पहले वह और अंकुल दिल्ली में नौकरी करने गए थे। दोनों भाई फ़रक्का एक्सप्रेस ट्रेन से अपने घर वापस लौट रहे थे। बुधवार सुबह ट्रेन हरौनी रेलवे स्टेशन के पास पहुंचने वाली थी। तभी अंकुल अपने भाई रामराज से टॉयलेट जाने की बात कहकर सीट से उठकर बाथरूम की तरफचला गया। उसके बाद लौटकर नहीं आया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना की सूचना पाकर पहुंची जीआरपी ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक के पिता विनोद की काफ़ी समय पहले मौत हो चुकी है। मृतक के परिवार में उसकी मां के अलावा उससे बड़े तीन भाई और दो छोटी बहने हैं।

# नशामुक्ति को जनांदोलन बनाएगी योगी सरकार

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

प्रदेश सरकार युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और नशामुक्त जीवन को उनके संस्कार का हिस्सा बनाने की दिशा में उच्च शिक्षण संस्थानों को अभियान का प्रमुख केंद्र बनाने जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशामुक्त भारत के आह्वान को जन आंदोलन का स्वरूप देने और 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करने के लिए विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान को और प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा। इसके तहत हर कक्षा में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाने से लेकर साप्ताहिक जागरूकता व्याख्यान, नोडल अधिकारियों की नियुक्ति, छात्रावासों की निगरानी और रचनात्मक गतिविधियों तक व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है।



- छात्रों को दिलाई जाएगी शपथ
- नशा मुक्ति अभियान से जुड़ेंगे छात्र

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मंगलवार को लखनऊ स्थित विधानसभा कार्यालय में नशा मुक्ति अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य उच्च शिक्षण संस्थानों के माध्यम से ऐसी युवा पीढ़ी तैयार करना है, जिसके जीवन में नशा मुक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि संस्कार के रूप में विकसित हो।

बैठक में प्रमुख सचिव, विशेष सचिव, निदेशक उच्च शिक्षा सहित विभागीय अधिकारी तथा राज्य एवं निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव एवं अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। हर कक्षा में शपथ, हर सप्ताह नशा मुक्ति पर संवादयोगी सरकार की इस मुहिम को विद्यार्थियों के दैनिक जीवन से जोड़ने के लिए उच्च शिक्षा मंत्री ने कक्षा शुरू होने से पहले नशा मुक्ति की संक्षिप्त शपथ दिलाने के निर्देश दिए। प्रतिदिन आधा से एक मिनट की शपथ के जरिए विद्यार्थियों के मन में नशे के प्रति नकारात्मक और स्वस्थ जीवन के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रयास होगा। इसके साथ प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक बार शिक्षकों द्वारा नशे के दुष्प्रभाव और नशामुक्त जीवन के सकारात्मक प्रभावों पर संक्षिप्त व्याख्यान दिया जाएगा। इसके लिए सप्ताह का एक दिन निर्धारित किया जा सकता है। सरकार का प्रयास है कि नशा मुक्ति का संदेश किसी एक कार्यक्रम या दिवस तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों के नियमित शैक्षणिक जीवन का हिस्सा बने। नशामुक्त युवा ही विकसित उत्तर प्रदेश की ताकतउच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि नशा मुक्ति का संदेश तभी स्थायी परिणाम देगा, जब वह विद्यार्थियों के दैनिक जीवन और व्यवहार का हिस्सा बने।

# पूर्व आईएएस राकेश व अभिनेत्री जारा कांग्रेस में शामिल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस में बुधवार को ज्वाइनिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अगुवाई में पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ. राकेश वर्मा और साउथ फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्री जारा खान ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी नेताओं ने दोनों का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं।

जारा खान ने कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सुहेल अख्तर अंसारी और प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब खान के माध्यम से पार्टी की सदस्यता ली। कांग्रेस की ओर से कहा गया कि दोनों नए सदस्यों के पार्टी में शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलेगी। कांग्रेस नेता हसीब खान ने कहा कि राहुल गांधी की



विचारधारा और उनके मुद्दों को लेकर लोग लगातार प्रभावित हो रहे हैं। इसी वजह से कांग्रेस का कारवां लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छात्रों और युवाओं के साथ हर कदम पर खड़ी है। जिन लोगों को न्याय के लिए भटकना पड़ता है या जिनकी शिकायतों पर मुकदमा दर्ज नहीं किया जाता, कांग्रेस उनके साथ आवाज उठाती है। हसीब खान ने दावा किया कि वर्ष 2029 में राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

# अवध प्रान्त में साढ़े आठ लाख सदस्य बनायेगी एबीवीपी



- सदस्यता का दूसरा चरण शुरू
- पांच अक्टूबर तक चलेगा अभियान

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

अखिल भारतीय विद्यार्थी (अभाविप) परिषद इस समय देशभर में सदस्यता अभियान चला रही है। अभाविप कार्यकर्ता इण्टर कालेज, महाविद्यालय व विश्वविद्यालयों में जाकर सदस्यता करा रहे हैं। अभाविप के प्रान्त संगठन मंत्री अभिलाष ने बताया कि अवध प्रान्त में सदस्यता के लिए 3242 कैंपस चिन्हित किये गये है। इन स्थानों पर परिषद के 4000 कार्यकर्ता जाकर सदस्यता करायेंगे।

अभाविप कार्यकर्ता इस बार सदस्यता दो चरणों में करा रहे हैं। इसमें पहला चरण 18 अगस्त से 30 अगस्त तक रहा। इस दौरान प्रान्त के इण्टर कालेजों में अभाविप की सदस्यता कराई गयी। अब सदस्यता के दूसरे चरण में महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के छात्रों की सदस्यता कराई जा रही है। 05 अक्टूबर तक सदस्यता चलेगी।

अभाविप के प्रान्त मंत्री अर्पण कुशवाहा के अनुसार गत वर्ष 05 लाख 92 हजार सदस्यता थी। इसके बाद साढ़े आठ लाख का लक्ष्य लिया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी सदस्यता शुल्क पांच रूपये व शिक्षक सदस्यता शुल्क 100 रूपये है।

प्रांत संगठन मंत्री अभिलाष ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्रों के लिए काम करने वाला देशव्यापी संगठन है। समय-समय पर शैक्षणिक अव्यवस्था को लेकर भी परिषद के कार्यकर्ता आवाज उठाते हैं। कालेज व विश्वविद्यालयों के परिसर में नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को इससे बचाने की आवश्यकता है।

# 27 सितंबर से 'आप' शुरू करेगी कार्यकर्ता सम्मेलन : संजय

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

आम आदमी पार्टी (आआपा)के उत्तर प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में बुधवार को राजधानी लखनऊ में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, जनहित के मुद्दों को आक्रामक ढंग से उठाने और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर व्यापक चर्चा की गई।

बैठक के बाद सांसद संजय सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि पार्टी आगामी दिनों में तीन बड़े प्रदेशव्यापी कार्यक्रम करेगी। उन्होंने



बताया कि सितंबर के अंतिम सप्ताह से आम आदमी पार्टी पूरे उत्तर प्रदेश में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलनों की शुरुआत करने जा रही है।

सांसद संजय सिंह ने बताया कि पार्टी के पहले बड़े अभियान के तहत 27 सितंबर को शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की जयंती के अवसर पर प्रदेश के सभी ज़िलों में भव्य कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस दिन सभी ज़िला मुख्यालयों पर विचार गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा और साथ ही बड़े पैमाने पर ब्लड डोनेशन (रक्तदान) शिविर लगाए जाएंगे, ताकि युवाओं को भगत सिंह जी के विचारों से जोड़ने के साथ-साथ समाज सेवा का संदेश दिया जा सके। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह से आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में एक विशाल जन-यात्रा निकालेगी। यह यात्रा बेरोज़गारी, भाजपा की नफ़रत की राजनीति, प्रभु श्री राम के मंदिर में चंदा चोरी, कमरतोड़ महंगाई और सामाजिक अन्याय के ख़िलाफ़ होगी। संजय सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को विकास के मुद्दे के मामले में घेरा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों के टूटने, धंसने के मामले में कमीशन कमाने का खेल चल रहा है। 06 साल पहले मैंने जल जीवन मिशन में महाघोटाले का खुलासा किया था, आज उसी का नतीजा है कि बरेली में साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनी पानी की टंकी बह गई। भाजपा ने न स्कूल छोड़ा, न अस्पताल, न सड़क, न बिजली, न पानी और प्रभु श्री राम का मंदिर, राम पथ और अयोध्या के श्मशान तक के रास्ते में भी भ्रष्टाचार कर डाला। प्रदेश में बेरोज़गारी और युवाओं का दमन किया जा रहा है।

### अखिलेश यादव से लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने की भेंट



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से लोहिया ट्रस्ट में मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच आगामी 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। मुलाकात के बाद चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर बातचीत सकारात्मक रही है। यह केवल राजनीतिक मुलाकात नहीं थी, बल्कि बेहद आत्मीय व पारिवारिक माहौल में हुई मुलाकात रही।

# मूल संगठन में शिक्षक नेता ने जताई आस्था

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ में आस्था व्यक्त करते हुए कई जनपदों के पदाधिकारी संरक्षक अभिमन्यु प्रसाद तिवारी के मूल संगठन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ में आस्था व्यक्त करते हुए घर वापसी कर सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश अनुदेशक एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्धता प्राप्त की। अब जनपद शाहजहांपुर हरदोई गोंडा अयोध्या, सुल्तानपुर के बाद जनपद बलरामपुर के विभिन्न ब्लॉक एवं जनपदीय पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक शिक्षक संघ



प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय से शिष्टाचार भेंट करते हुए सभी पदाधिकारियों ने अपने साथियों के साथ 15 वर्षों बाद पुनः प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण की और जिसके क्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बलरामपुर में वेद प्रकाश अध्यक्ष, आनंद प्रकाश मंत्री, बुद्ध सागर कोषाध्यक्ष, सत्य प्रकाश वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक संयुक्त मंत्री जनपद बलरामपुर का सर्वसम्मत से घोषित किया गया साथ ही शिव कुमारको देवीपाटन मंडल का मांडलिक संगठन मंत्री बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष सुशील ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सभी शिक्षकों के वर्तमान व भावी भविष्य के प्रति सदैव सजग रहते हुए शिक्षक हित में संघर्ष करता है। शिक्षकों का टुकड़ों में बटने से शिक्षक एकता को ठेस पहुंचती है व हमारी समस्याओं के समाधान में बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने प्रदेश के शिक्षकों से मूल संगठन में जुड़ने का आह्वान करते हुए शिक्षक एकता को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया।

# शहीद मंगल पांडे के प्रपौत्र का भव्य स्वागत

समृद्धि न्यूज, मलिहाबाद।

लखनऊ देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत और महान क्रांतिकारी अमर शहीद मंगल पांडे के प्रपौत्र संतोष पांडे का मलिहाबाद स्थित श्री गोपेश्वर गौशाला आगमन पर भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। गौशाला परिसर पहुंचने पर प्रबंधन और स्थानीय नागरिकों ने उनका अभिनंदन किया।

गौशाला आगमन के पश्चात संतोष पांडे ने श्री गोपेश्वर नाथ महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर देवाधिदेव महादेव का आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने चिंता हरण हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन कर देश, समाज तथा जन-कल्याण की मंगलकामना की। इस विशेष अवसर पर उनके साथ गोरखपुर के प्रखर एवं प्रभावशाली वक्ता निखिल तिवारी भी उपस्थित रहे। गोपेश्वर गौशाला परिवार द्वारा दोनों





अतिथियों का अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न भेंट कर नागरिक अभिनंदन किया गया।

उल्लेखनीय है कि शहीद मंगल पांडे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन अग्रगण्य नायकों में से हैं, जिन्होंने 1857 की क्रांति का बिगुल फूंककर ब्रिटिश हुकूमत की नींव हिला दी थी। बैरकपुर सैन्य छावनी में अंग्रेजी शासन के अत्याचारों के विरुद्ध उनके अभूतपूर्व साहस और विद्रोह ने पूरे देश में स्वाधीनता की अलख जगाई थी। उनका महान त्याग, राष्ट्रभक्ति और अदम्य साहस आज भी प्रत्येक देशवासी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।संतोष पांडे के इस प्रवास के दौरान स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास, सनातन संस्कृति, गौ-संवर्धन और समाज निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। गौशाला परिवार ने व्यक्त किया कि अमर बलिदानियों की गौरवशाली विरासत को भावी पीढ़ी तक पहुंचाना और उनके पदचिन्हों पर चलने के लिए युवाओं को प्रेरित करना समाज का नैतिक दायित्व है।इसके उपरांत देवम लॉन के प्रबंध निदेशक विकास पाठक ने भी संतोष पांडे का जोरदार एवं आत्मीय स्वागत किया। इस गौरवमयी कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता रामसिंह यादव, गौशाला प्रबंधक उमाकांत गुप्ता,वैभव शुक्ल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य एवं संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

**पहल** | 19.1 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे मिनी पायलट प्रोजेक्ट में कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे

# इंडिया-इजराइल बुंदेलखंड वाटर प्रोजेक्ट का दिखने लगा असर

- 8.5 हेक्टेयर में होगा आधुनिक खेती का प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

जल संरक्षण सिंचाई दक्षता और आधुनिक कृषि तकनीक को बढ़ावा देने के लिए इंडिया-इजराइल बुंदेलखंड वाटर प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा रही है। झांसी के विकासखंड बड़ागांव स्थित ग्राम गंगावली में करीब 19.1 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे मिनी पायलट प्रोजेक्ट में कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे हो चुके हैं।

नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के विशेष सचिव एवं निदेशक, भूगर्भ जल विभाग डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने बताया कि योगी सरकार



की इस पहल का उद्देश्य बुंदेलखंड की स्थानीय जल उपलब्धता और कृषि परिस्थितियों के अनुसार ऐसा मॉडल तैयार करना है, जिसमें उपलब्ध पानी का अधिकतम और वैज्ञानिक तरीके से उपयोग किया जा सके।

परियोजना में जल संरक्षण, जल भंडारण, सौर ऊर्जा, माइक्रो इरिगेशन, आधुनिक कृषि तकनीक और किसान प्रशिक्षण को एक साथ जोड़ा गया है। इसके तहत जलाशय, नहर से पानी लाने की व्यवस्था, पाइपलाइन, सोलर पंप, ड्रिप-स्प्रिंकलर, प्राकृतिक एसटीपी, कृषि मशीनरी और आधुनिक खेती की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

**24 गांवों तक पहुंचेगा गंगावली का मॉडल**

डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि गंगावली में तैयार हो रहे मिनी पायलट प्रोजेक्ट के अनुभवों को आगे बड़े क्षेत्र में लागू करने की भी तैयारी है। अगले चरण में बड़ागांव विकासखंड में पाहुज नहर के डाउनस्ट्रीम स्थित 24 अन्य गांवों में विस्तृत प्रदर्शनात्मक प्रोजेक्ट प्रस्तावित है। इससे गंगावली में सफल रहने वाली उपयोगी तकनीकों को दूसरे गांवों तक पहुंचाने का रास्ता तैयार होगा।

**31 दिसंबर तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य**

भूगर्भ जल विभाग के अधिशासी अभियांता व वैयक्तिक सहायक निदेशक अनुपम ने कहा कि परियोजना के वर्तमान निर्माण एवं क्रियान्वयन चरण को 31 दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मिनी पायलट प्रोजेक्ट के तहत करीब 8.5 हेक्टेयर क्षेत्र में आधुनिक कृषि गतिविधियों का प्रदर्शन प्रस्तावित है। अगले चरण में ड्रिप और स्प्रिंकलर आधारित माइक्रो इरिगेशन सिस्टम को स्थापित और क्रियाशील किया जाएगा। इसके साथ ही ग्रीनहाउस, टनल, पाइपलाइन और सिंचाई ऑटोमेशन-एससीएडीए व्यवस्था को भी क्रियाशील किया जाएगा।

परियोजना में केवल आधारभूत ढांचा तैयार करने के बजाय किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने पर भी जोर दिया गया है। प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 72 प्रैक्टिकल ट्रेनिंग सेशन आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक सत्र में करीब 100 किसानों की भागीदारी का प्रावधान है। प्रशिक्षण में किसानों को वाटर बजटिंग, फर्टिगेशन, क्रॉप प्लानिंग, सिंचाई संचालन और कृषि मशीनरी के इस्तेमाल की जानकारी दी जाएगी। इससे किसान उपलब्ध पानी के आधार पर फसल क्षेत्र तय करने और सिंचाई का बेहतर प्रबंधन करने में सक्षम होंगे।

# एड्स को लेकर लोगों को किया गया जागरूक

**▸ एक दिवसीय राष्ट्रीय एड्स व एसटीडी नियंत्रण पर कार्यशाला संपन्न**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



पीएचएफआई द्वारा उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण सोसाइटी लखनऊ के अंतर्गत एक दिवसीय राष्ट्रीय एड्स व एसटीडी नियंत्रण कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन सीएमओ सभागार में किया गया। कार्यशाला में सीएमओ डा.विवेक कुमार मिश्रा, एसीएमओ पीपी श्रीवास्तव, डीटीओ ओमेंद्र राठौर, डा.फैसल, सिध्दार्थ गुप्ता, आरती सिंह समेत सभी सीएचसी, पीएचसी के डाक्टर आदि का स्वागत किया गया। कार्यशाला संचालन पीएचएफ आईसीवीई दीपक तिवारी, मास्टर डा. मनीष शर्मा, पीएचएफआई सीवीओ अर्वंतिका, दिशा क्लस्टर बरेली हिना अयाज के द्वारा किया गया किया गया तथा एमओ, एसएमओ द्वारा प्रतिभाग किया गया। मीटिंग में बताया गया कि जनपद में एचआईवी, एड्स होने के 4 कारण असुरक्षित यौन सम्बन्ध,एच आई वी ग्रस्त महिला से होने वाले उसके बच्चे, एच आई वी ग्रस्त व्यक्ति का ब्लड दूसरे को चढ़ाने, एच आई वी से संक्रमित व्यक्ति की सिरिंज से दूसरे को इंजेक्शन लगाने से फैलता है इसी प्रकार जागरूक किया गया एवं एचआईवी एक्ट 2017 के बारे में बताया गया। अनुमान छोड़िए, स्केन कीजिए, सेल्फ रिस्क एसेसमेंट कर स्केन करें और अपने रिस्क के बारे में जानकारी प्राप्त करें एवं बताया गया कि अगर कोई एचआईवी संक्रमित महिला है, तो उसका प्रसव डॉक्टर की देखरेख में ही होनी चाहिए। इसी तरह एसटीआई के बारे में संपूर्ण जानकारी देते हुए सभी को जागरूक किया गया एवं सही जानकारी ही सही बचाव है। एचआईवी, एड्स से ग्रसित मरीजों में टीबी की बीमारी होने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। इसलिए सभी एचआईवी वाले मरीजों की टीबी की जाँच होना आवश्यक है।

## आईटीआई में कार्यशाला आयोजित

**शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनान्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रोजा में क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमें समस्त स्टेक होल्डर सहयोगी विभाग तथा समाधान समिति के तीन अधिकारियों द्वारा योजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यशाला में आईटीआई, जीटीआई के छात्र-छात्राओं एवं अन्य युवाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं योजना की विषय वस्तु को संज्ञानित कराया गया। इसी क्रम में द्वितीय चरण में बैंकर्स के वरिष्ठ अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कि बैंकर्स को योजना की जानकारी देते हुए योजना के संचालन में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों एवं चुनौतियों पर विशेष ध्यान आकर्षित कराया गया। उपायुक्त उध्योग संजय सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का अनुरोध किया गया।

# अधिवक्ताओं का दूसरे दिन भी धरना-प्रदर्शन जारी

**▸ एसडीएम सदर के रवैया से नाराज हैं सदर तहसील के अधिवक्ता**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



तहसील सदर में उप जिलाधिकारी सदर अतुल कुमार के रवैये के खिलाफ अधिवक्ताओं का गुस्सा अब व्यापक आंदोलन का रूप ले चुका है। धरना-प्रदर्शन के दूसरे दिन तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा के सशक्त नेतृत्व में भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने हुंकार भरी। धरना-प्रदर्शन के दौरान सेंट्रल बार एसोसिएशन के महासचिव राजेश अवस्थी ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए स्पष्ट कहा कि सेंट्रल बार पूरी मजबूती के साथ तहसील सदर के अधिवक्ताओं के साथ खड़ी है। उन्होंने घोषणा की कि तहसील सदर के वकीलों के मान-सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और यह लड़ाई आर-पार लड़ी जाएगी। तहसील अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने भी समर्थन दोहराते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी सदर द्वारा अधिवक्ताओं के साथ किया गया दुर्व्यवहार पूरे अधिवक्ता समाज की गरिमा पर हमला है। धरना स्थल पर लगातार दूसरे दिन अधिकारियों की अनुपस्थिति से अधिवक्ताओं का आक्रोश और बढ़ गया। महासचिव राजेश अवस्थी और अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा के संयुक्त आह्वान पर अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार जारी रखा, जिससे तहसील का न्यायिक व प्रशासनिक कामकाज पूरी तरह ठप रहा। वकीलों ने चेतावनी दी है कि जब तक उप जिलाधिकारी सदर खेद प्रकट नहीं करते, आंदोलन जारी रहेगा।

## खबरें एक नजर में

### नाबालिग को भगा ले जाने में तीन सगे भाई नामजद

**तिलहर - शाहजहांपुर।** पीड़ित पिता ने उसकी नाबालिग बेटी को तीन सगे भाइयों द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी है। कोतवाली क्षेत्र के एक पीड़ित ग्रामीण ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती छह सितंबर की सुबह करीब पांच बजे उसकी 15 वर्षीय बेटी को गांव रसूली निवासी धर्मेन्द्र, सत्यवान व राजेश पुत्रगण जगदीश बहला फुसलाकर भगा ले गये। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि बेटे की शादी के लिए घर में रखे जेवर में एक जोडी झाले , एक टीका एक बेसर सोने की एक जोडी गुलशन पट्टी, एक हंसली, एक बिछुआ चांदी और 50 हजार रुपये भी साथ ले गयी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी है।

### युवक को सांप ने डंसा, हालत गंभीर

**तिलहर- शाहजहांपुर।** सांप के काटने से एक युवक की हालत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक बुधवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे ग्राम राजनपुर निवासी 36 वर्षीय अमित पुत्र महेश को घर पर सांप ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### सईद अंसारी बने पुनः जिलाध्यक्ष

**शाहजहांपुर।** कांग्रेस के चल रहे संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत पुनर्गठन की प्रक्रिया में कांग्रेस चुस्त दुरुस्त कर आगामी विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत से संगठन को खड़ा करने के उद्देश्य से काफी समय से भंग चल रही अल्प संख्यक कांग्रेस का आज पुनर्गठन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सोहिल अख्तर अंसारी ने आज सईद अंसारी को एक बार पुनः अल्प संख्यक कांग्रेस की कमान सौंपते हुए जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। नई नियुक्ति के प्रभारी होते ही लखनऊ प्रदेश मुख्यालय बुलाया गया है। सईद अंसारी को पुनः जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान, अल्प संख्यक कांग्रेस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफाक उल्ला खां, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, महानगर अध्यक्ष तस्नीम अली खान, पवन सिंह, तनवीर सफदर, अनूप वर्मा, अनिल श्रीवास्तव, गौरव त्रिपाठी, रामजी अवस्थी, रफी उल हसन, अर्चना कटारिया, फरमान खान, परवेज अहमद तमाम पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

### पूरी दमखम के साथ चुनाव लड़ाएंगे: वीरेंद्र सिंह



**शाहजहांपुर।** विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश मंत्री वीरेंद्र सिंह उर्फ काले ने बताया कि तिलहर विधानसभा से यदि भाजपा से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव को टिकट मिला हैं, तो वह पूरी दम खम के साथ अजय प्रताप सिंह यादव का चुनाव लडाएंगे। उन्होंने कहा अजय प्रताप सिंह से उनका घरेलू रिश्ता हैं। बताया अजय प्रताप सिंह यादव व्यवहार कुशल नेता है और जनता के लिए सदैव तैयार रहते हैं। यदि भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें तिलहर विधानसभा से टिकट दिया और अपना प्रत्याशी बनाया, तो वह पूरी दम खम के साथ उन्हें चुनाव लडाएंगे और जनता का आशीर्वाद भी उन्हें मिलेगा ऐसा उनका भरोसा हैं। वीरेंद्र सिंह उर्फ काले ने बताया अजय प्रताप सिंह लगातार जनता के बीच में रहते है और उनके पास यदि कोई भी व्यक्ति कोई भी समस्या लेकर आता है तो वह उनकी समस्या का समाधान कराने का काम करते हैं, जिसे क्षेत्र की जनता उन्हें पसंद करती हैं। हालांकि टिकट किसे मिलेगी या तो अभी भविष्य के गर्भ में हैं। लेकिन यदि टिकट मिलती है तो वह अजय प्रताप को चुनाव दमखम के साथ लड़ाएंगे और जिताने का काम करेंगे।

# फर्जी मुकदमे के विरोध में एसपी से मिला सपा प्रतिनिधिमंडल

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर भाजपा सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में प्राथमिक एवं जूनियर हाई स्कूलों को बंद किए जाने के विरोध में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के बाहर सपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया था। इसी क्रम में जनपद की 136 ददरौल विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक मदनापुर के ग्राम ढुकरी खुर्द स्थित प्राथमिक विद्यालय के परिसर के बाहर सपा ददरौल विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह यादव के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। आरोप है कि सत्ता पक्ष के दबाव में प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी अध्यापक अनुज कुमार द्वारा थाना मदनापुर में मुनेंद्र पाल सिंह यादव सहित 10 नामजद एवं 8-10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। इसी मामले को लेकर 9 सितंबर को समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में सपा का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को पूरे मामले की वास्तविकता से अवगत कराते हुए निष्पक्ष जांच एवं न्याय की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर न्याय सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खान, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, जिला महासचिव रणजय सिंह यादव, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, ददरौल विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह यादव, सपा नेत्री डॉ. रागिनी सिंह चैहान, जिला सचिव धर्मवीर सिंह यादव, ओमकार मौर्य ब्लॉक अध्यक्ष मदनापुर, रामबाबू गौतम ब्लॉक अध्यक्ष कांट, अविनाश वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष ददरौल, राजीव पाठक विधानसभा उपाध्यक्ष ददरौल, सर्वेश वर्मा पूर्व ब्लॉक प्रमुख कांट, लईक अहमद शाह, मुनेश कुमार वर्मा, आकाश वर्मा, मुकेश वर्मा पूर्व ब्लॉक प्रमुख ददरौल, श्यामा सिंह यादव, शहाब खान, सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु डॉक्टरों ने ओपीडी की बंद

**▸ स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल बंथरा में एबीबीएस 2021 बैच के इंटर्न डॉक्टरों ने स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर ओपीडी का बहिष्कार कर धरना शुरू कर दिया।

इंटर्न डॉक्टरों का कहना है कि शासन की ओर से स्टाइपेंड में बढ़ोतरी के संबंध में आदेश जारी किए जाने के बावजूद उन्हें मेडिकल कॉलेज की तरफ से अभी तक पुराने मानदेय के अनुसार ही भुगतान किया जा रहा है। इंटर्न डॉक्टरों के मुताबिक उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से 25 अगस्त को जारी पत्र में इंटर्न डॉक्टरों के स्टाइपेंड को बढ़ाकर 25000 रुपये किए जाने की बात कही गई थी।

करीब 10 वर्षों से 7000 रुपये प्रतिमाह ही दिए जा रहा है यही नहीं सभी इंटर्न डॉक्टरों ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले 3 माह से उनका कोई वेतन नहीं दिया गया। धरने पर बैठे डॉक्टरों ने कहा कि वर्तमान समय में 7000 रुपये का स्टाइपेंड बेहद कम है उनका कहना है कि एक इंटर्न डॉक्टर को अस्पताल में नियमित रूप से चिकित्सकीय सेवाओं से जुड़े कार्य करने पड़ते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें मिलने वाला स्टाइपेंड बेहद कम है।

# 10 अक्टूबर को गंगा में होगा लावारिस अस्थियों का विधि-विधान से विसर्जन



**शाहजहांपुर।** पंजाबी महासभा की बैठक प्रदेश मंत्री एवं संयोजक सुरेंद्र सेठी के तारीन बहादुरगंज स्थित कार्यालय पर हुई। बैठक में पिछले करीब 10 वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत इस वर्ष भी लावारिस अस्थियों का विधि-विधान से गंगा में विसर्जन कराने का निर्णय लिया गया। पंजाबी महासभा के अध्यक्ष लाजपत बत्रा ने बताया कि मोक्षधाम लालपुल, स्वर्गधाम गर्रा पुल और निगोही रोड स्थित गौटिया घाट पर जिन परिवारों के दिवंगत सदस्यों की अस्थियां 30 सितंबर से पहले रखी गई हैं, उनके परिजन समय रहते अपनी अस्थियां प्राप्त कर लें। इसके बाद शेष लावारिस अस्थियों को 10 अक्टूबर, शनिवार को अमावस्या के अवसर पर फर्रुखाबाद स्थित पांचाल घाट पर गंगा में विधि-विधान से विसर्जित किया जाएगा। प्रदेश मंत्री एवं संयोजक सुरेंद्र सेठी ने बताया कि अस्थि विसर्जन के लिए पदाधिकारी सुबह 10 बजे प्रसाद भवन के पास से बसों द्वारा फर्रुखाबाद के लिए रवाना होंगे। इस पुण्य कार्य में शामिल होने के इच्छुक लोग हरीश बजाज, लाजपत बत्रा अथवा पंजाबी महासभा कार्यालय, सुरेंद्र सेठी के निवास पर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। बैठक में महासभा के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भी विचार-विमर्श किया।

# अब वार रूम से ली जाएगी गुरुजी व डाक्टरों की हाजिरी

**▸ सीडीओ ने शिक्षकों व डाक्टरों को समय से कार्यस्थल पहुंचने का बनाया प्लान**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



प्रायः शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से सीडीओ दफ्तर में सरकारी स्कूलों और सीएचसी व पीएचसी में डाक्टरों के समय से नहीं पहुंचने की शिकायतें आ रहीं थी। जिसको लेकर सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने सख्त रूख अपनाते हुए एक प्लान तैयार किया है। जिसके अंतर्गत विकास भवन स्थित वार रूम से जिले के सभी सरकारी स्कूलों और सीएचसी व पीएचसी की निगरानी और हाजिरी रोजाना 10 से 12 बजे के बीच ली जाएगी। जिसकी रिपोर्ट का अवलोकन स्वयं सीडीओ के द्वारा किया जाएगा। बतादें कि जिले के सरकारी स्कूलों और सीएचसी व पीएचसी पर समय से शिक्षकों और डाक्टरों के नहीं पहुंचने की शिकायतें सीडीओ दफ्तर पहुंच रहीं थी। शिकायतों में आरोप लगाया जा रहा है कि सरकारी स्कूल में शिक्षकों के समय से नही पहुंचने के कारण बच्चों को इंतजार करना पड़ता है और शिक्षा प्रभावित होती हैं, तो वहीं सीएचसी और पीएचसी में भी डाक्टरों के समय से नही पहुंचे के कारण मरीजों व तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। इन शिकायतों का संज्ञान लेते हुए सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने सख्त रूख अपनाया है। उन्होंने बताया कि प्रायः देखने आ रहा था कि सरकारी आफिस में अधिकारी समय से नहीं पहुंच रहे हैं, जबकि मुख्यमंत्री का निर्देश है कि 10 से 12 बजे तक अधिकारी जनता की समस्याएं सुनेंगे, ऐसे में उनकी उपस्थिति अनिवार्य होनी चाहिए। जिससे जो सरकारी योजनाएं हैं उनका लाभ सीधे जनता तक पहुंच सके। श्री द्विवेदी ने बताया कि एडीओ पंचायत और सचिव की वीडियो कांफ्रेसिंग कर पहले से ही हाजिरी ली जा रही हैं तो इसी कड़ी में अब सरकारी स्कूलों में तैनात शिक्षकों और सीएचसी व पीएचसी में तैनात डाक्टरों की हाजिरी अब वार रूम से ली जाएगी। जिसका अवलोकन सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी के द्वारा स्वयं किया जाएगा।

## विवि को इसी सप्ताह मिलेंगे दो नए एनएसएस अधिकारी

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की नवगठित दोनों इकाइयों के संचालन को प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। विवि को इसी सप्ताह एनएसएस की दोनों इकाइयों के लिए नए कार्यक्रम अधिकारी मिल जाएंगे। इनमें एक महिला इकाई तथा एक पुरुष-महिला संयुक्त इकाई शामिल है। दोनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों के चयन के लिए साक्षात्कार गुरुवार को आयोजित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय में एनएसएस की दोनों इकाइयों के लिए नए अधिकारियों की नियुक्ति के बाद स्वयंसेवकों के माध्यम से सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को व्यवस्थित एवं व्यापक स्तर पर संचालित किया जा सकेगा। एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और सामुदायिक सहभागिता का व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का विशेष जोर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण, पौधारोपण, नशामुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक चेतना से जुड़े कार्यक्रमों पर रहेगा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान, विभिन्न सामाजिक विषयों पर जनसहभागिता बढ़ाने तथा जरूरतमंद वर्गों के लिए सेवा गतिविधियों को भी एनएसएस के माध्यम से गति दी जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि एनएसएस विद्यार्थियों को केवल अकादमिक गतिविधियों तक सीमित न रखकर उन्हें समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका समझने का अवसर प्रदान करता है। विवि में दोनों इकाइयों के नियमित एवं सक्रिय संचालन से विद्यार्थियों की ऊर्जा को रचनात्मक दिशा देने के साथ ही सामाजिक समस्याओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता भी बढ़ाई जा सकेगी। नए कार्यक्रम अधिकारियों के चयन के बाद एनएसएस गतिविधियों के लिए कार्ययोजना तैयार कर विभिन्न अभियानों को चरणबद्ध ढंग से संचालित किया जाएगा, परिणामतः विवि की सामाजिक भागीदारी को भी नई पहचान मिलेगी।

# भावलखेड़ा में श्रीकृष्ण छठी उत्सव पर भंडारा

**▸ धार्मिक अनुष्ठान के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं कढ़ी चावल का लिया महाप्रसाद**



**रोजा, शाहजहांपुर।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के पश्चात बुधवार को छठी मनाई गई। इस मौके पर मंदिरों में भव्य सजावट की गई। घरों में भी भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना एवं आरती करी गई। क्षेत्र के आस्था मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, आदर्श नगर शिव मंदिर, आदर्श नगर कालोनी स्थित बड़े शिव मंदिर, निवाजपुर स्थित रामजानकी मंदिर, रोजा मंडी स्थित बेलबाबा मंदिर, तुरंतेश्वर नाथ मंदिर आदि मंदिरों में विभिन्न रीति रिवाजों के साथ भगवान कृष्ण का पूजन एवं भजन कीर्तन किया गया एवं विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। कई मंदिरों में कढ़ी चावल एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के छठी महोत्सव के अवसर पर सुबह से ही बडे शिव मंदिर परिसर में पंडित नवल किशोर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना और हवन-पूजन कराया। इसके बाद लड्डू गोपाल को माखन, मिश्री और विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोग लगाया गया। कुछ जगह छप्पन भोग भी चढ़ाया गया। शाम होते ही विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ, जहां क्षेत्र के सैकड़ों महिला, पुरुष और बच्चों ने कतारबद्ध होकर प्रभु का महाप्रसाद पाया। भंडारे के दौरान पूरा मंदिर परिसर जय कन्हैया लाल की और हरे कृष्णा के भक्तिमय जयकारों से गूंजता रहा। रोजा मंडी स्थित बेलबाबा मंदिर में बुधवार को गल्ला आढ़ती व्यापार मंडल की ओर से भगवान श्रीकृष्ण की छठी पर कढ़ी चावल का भंडारा आयोजितकिया गया। भंडारा दोपहर में शुरू हुआ जो शाम तक जारी रहा। भंडारे में काफी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था में मंदिर के पुजारी ब्रजेश त्रिपाठी, कुलदीप गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, विशाल अग्रवाल, सुमित गुप्ता, लालू भईया, पार्षद पति अरूण सिंह, ध्रुव सिंह, सर्वेश गुप्ता, राधारमन अग्रवाल आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# नगर में चोरी की वारदातों से खौफजदा हैं नागरिक

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**



नगर क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नागरिकों में न केवल असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है, बल्कि लोगों का पुलिस की निष्क्रियता के चलते भरोसा उठता जा रहा है। सिलसिलेवार हो रही चोरियों से पुलिस की गश्त और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

गौरतलब है कि हाल ही में नगर के मोहल्ला केलरगंज स्थित किसान कार्यालय से चोरों ने लोहे की खिड़की ही उखाड़ ली। इसी दौरान राजनपुर रोड़ पर एक आटा चक्की दुकान से करीब 50 हजार रुपये की नकदी समेत सामान चोरी हो गया था। दोनों ही मामलों में सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद भी पुलिस कोई सुराग तक नहीं लगा सकी। पुलिस फकत दोनों मामलों में जांच और संदिग्धों की तलाश का रटा रटाया जुमला पढ़ रही है। कटरा थाना क्षेत्र के गांव सिउरा निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि बीती तीन सितंबर की देर करीब सात बजे केलगंज स्थित किसान कार्यालय की गली की ओर लगी लोहे की खिड़की को चोर लोग दीवार से निकालकर चोरी उखाड़ ले गए। कार्यालय के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्धों के दिखाई देने के बाद पुलिस ने फुटेज खंगालकर उनकी तलाश शुरू की। लेकिन पांच दिन बाद भी हाथ खाली हैं। वहीं मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख कविता यादव के पति वरूण यादव उर्फ रसूली ने अपने निजी लोगों को लगाकर दोबारा चोरी करने पहुँचे युवको को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। तब कहीं जाकर पुलिस हरकत में आयी और पूंछ ताच्छ के बाद पुलिस ने नगर के एक मोहल्ला स्थित किराना दुकानदार के यहां से लोहे की खिड़की, चक्की का पार्ट बरामद किया। लेकिन चोरी गयी नगदी के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं हो सकी। उधर नगरीय मोड़ चैकी क्षेत्र से लाखों रुपये की तीन दुधारू भैंस चोरी का भी पुलिस सुराग नहीं लगा सकी है। कुल मिलाकर ताबड़तोड़ हो रही चोरियों पर अंकुश न लग पाने से लोगों में खौफ व्याप्त है और पुलिस से भरोसा उठता जा रहा है।

# इनसे सीखें! मशरुम उत्पादन से बदली किसान की तकदीर

**▸ कम लागत-कम भूमि में आधुनिक खेती अपना सत्यपाल बने मिसाल**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न औद्यानिक विकास योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि प्रदेश के अधिक से अधिक किसान पारंपरिक खेती के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों एवं विविध फसलों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि करें। जनपद में भी पारंपरिक खेती के साथ किसान अब आधुनिक, कम समय में बेहतर एवं अधिक आय देने वाली खेती की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। इसी क्रम में मशरूम उत्पादन को लेकर किसानों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जनपद में स्थापित लो-कॉस्ट मशरूम उत्पादन इकाइयों के सफल संचालन के बाद अन्य युवा भी इस व्यवसाय से जुड़ने के लिए आगे आ रहे हैं। इसी बदलाव की एक प्रेरणादायक मिसाल हैं ग्राम मथाना मदनापुर, तिलहर निवासी प्रगतिशील किसान सत्यपाल, जिन्होंने एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के माध्यम से अपनी खेती को एक नई दिशा दी। पारंपरिक खेती में सीमित आय से शुरू हुआ बदलाव सत्यपाल पहले पारंपरिक विधि से धान, गेहूं, गन्ना आदि फसलों की खेती करते थे। पारंपरिक खेती से उन्हें सीमित आय ही प्राप्त होती थी। खेती में बढ़ती लागत और घटती आय के कारण उन्हें आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। खेती में लगातार हो रहे बदलावों और नई तकनीकों को अपनाने के उद्देश्य से उन्होंने उद्यान विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना की जानकारी प्राप्त करने के लिए जिला उद्यान अधिकार पुनीत कुमार पाठक से संपर्क किया। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा उन्हें बताया गया कि मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 200 वर्ग फीट की अस्थायी मशरूम उत्पादन इकाई के निर्माण की लागत का अधिकतम 1.00 लाख तक प्रावधान है। विभागीय मार्गदर्शन में सत्यपाल ने अपने प्रक्षेत्र पर लो-कॉस्ट मशरूम उत्पादन इकाई की स्थापना कराई। एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद शाहजहांपुर को सामान्य एवं अनुसूचित जाति, जनजाति कृषकों हेतु प्राप्त कुल इकाई लक्ष्य 4 के अंतर्गत श्री सत्यपाल ने विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया तथा आवश्यक अभिलेख विभाग में उपलब्ध कराए। योजना प्रभारी अनिल कुमार द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर कार्यक्रम के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। विभागीय मार्गदर्शन एवं सहयोग से सत्यपाल ने मशरूम उत्पादन इकाई स्थापित की। लो-कॉस्ट मशरूम कार्यक्रम के अंतर्गत एक इकाई के लिए कुल लागत लगभग 2 लाख आई। योजना के तहत किसानों के लिए परियोजना लागत का 50 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किए जाने के प्रावधान के अंतर्गत उद्यान विभाग द्वारा सत्यपाल को1 लाख का अनुदान प्रदान किया गया। पहली ही बार में मिला लगभग 1 लाख का शुद्ध मुनाफा सत्यपाल ने अपनी मशरूम उत्पादन इकाई में पहली बार उत्पादन किया। इस उत्पादन में उनकी लागत लगभग 1.75 लाख आई। सभी खर्च निकालने के बाद उन्हें पहली बार में ही लगभग 1 लाख का शुद्ध मुनाफा प्राप्त हुआ। सत्यपाल के प्रयास, मेहनत और उद्यान विभाग द्वारा प्रदान किए गए अनुदान से आज उनकी लो-कॉस्ट मशरूम उत्पादन इकाई आसपास के किसानों के लिए प्रेरणादायक साबित हो रही है।

## छात्राओं के मध्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



**शाहजहांपुर।** आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय चल रहे हिंदी सप्ताह के कार्यक्रम की श्रृंखला में प्राचार्य प्रोफेसर सुरचना त्रिवेदी की अध्यक्षता में छात्राओं के मध्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी सकायों से छात्राओं ने प्रतिभाग किया और हिंदी भाषा के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिंदी भाषा व्याकरण साहित्य एवं हिंदी के इतिहास से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बड़ी ही तत्परता एवं उत्साह का परिचय देते हुए अपने ज्ञान की अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रूपांशुमाला ने छात्राओं को हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार एवं गौरव को बनाए रखने का संकल्प दिलाया एवं हिंदी भाषा के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए हिंदी के अच्छे साहित्य को पढ़ने हेतु प्रेरित किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मानसी, द्वितीय स्थान कोमल एवं तृतीय स्थान कुमारी आराधना ने प्राप्त किया। प्रतिभागी छात्राओं में गीतांजलि, लाडली, दीक्षा, पल्लवी, अंशिका, समुंदरी, उजाला, आकांक्षा, रिमझिम, नेहा आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में हिंदी विभाग की प्रोफेसर दुर्गावती सिंह एवं असिस्टेंट प्रोफेसर एवं रितु मिश्रा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्राएँ उपस्थित रहे।

# बिना पहचान-पत्र एफएलसी हॉल में प्रवेश नहीं: डीएम

समृद्धि न्यूज़, शाहजहांपुर।




विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत डीएम कम्पाउंड स्थित ईवीएम वेयरहाउस में ईवीएम तथा वीवीपैट के चल रहे फर्स्ट लेवल चेकिंग के कार्य का निरीक्षण डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय राजनीतिक दलों की उपस्थिति, सुरक्षा कर्मियों की उपस्थिति तथा सीसीटीवी कैमरों व वेब कैमरों की क्रियाशीलता का निरीक्षण किया तथा अग्निशमन के बिन्दुओं का भी निरीक्षण किया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि आयोग के प्रोटोकॉल के अनुसार कोई भी व्यक्ति बिना पहचान-पत्र के एफएलसी हॉल में प्रवेश नहीं करेगा तथा प्रत्येक व्यक्ति की डीएफएमडी के माध्यम से फ्रिस्किंग की जाए। ईसीआईएल के इंजीनियर्स से एफएलसी कार्य की जानकारी भी डीएम द्वारा ली गई।

# श्रीकृष्ण की छठी पर गूंजे जयकारे, कढ़ी-चावल का लगा भोग

- लाला तेली बजरिया के प्राचीन शिव बड़ा मंदिर में महिलाओं ने गाए मंगलगीत, श्रद्धालुओं को बांटा प्रसाद

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

भगवान श्रीकृष्ण की छठी का पर्व बुधवार को शहर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू हो गया। शाम को भगवान श्रीकृष्ण का विधि-विधान से पूजन, अभिषेक और आरती कर कढ़ी-चावल का भोग लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर परिसर में देर तक 'जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी' के जयकारे गूंजते रहे। शहर के लाला तेली बजरिया स्थित प्राचीन शिव बड़ा मंदिर में श्रीकृष्ण की छठी के अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। मंदिर को फूलों और बिजली की झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम चलते रहे। शाम करीब छह बजे पुजारी पंडित सुरेश चंद मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण का गंगाजल से अभिषेक कराया। इसके बाद भगवान को सुंदर एवं नवीन वस्त्र धारण कराए गए। महिलाओं ने ढोलक की थाप पर मंगलगीत और भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भगवान श्रीकृष्ण की आरती के दौरान मंदिर परिसर श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज उठा। पूजन-अर्चन के बाद भगवान श्रीकृष्ण को कढ़ी-चावल का विशेष भोग लगाया गया। भोग के बाद प्रसाद का वितरण शुरू हुआ। कढ़ी-चावल का प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुष श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। आयोजकों ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की छठी का पर्व भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर भगवान को भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण किया गया और सुख-समृद्धि की कामना की गई। आयोजन में कांति पांडे, प्रेमवती मिश्रा, पूनम सक्सेना, नेहा मिश्रा, देवासी मिश्रा, कामिनी पांडे, सुनीता पाठक, हेमलता सक्सेना, रूबी सक्सेना, नीतू पाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का सहयोग रहा। मंदिर के पुजारी पंडित सुरेश चंद मिश्रा, मोनू मिश्रा और देव मिश्रा सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

### भगवान श्रीकृष्ण की छठी पर्व पर कढ़ी चावल का प्रसाद वितरण



**शाहजहांपुर।** महानगर के मोहल्ला ग्वाल टोली स्थित शिव मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की छठी धूमधाम से मनाई गई। लाइन क्लब शक्ति के पदाधिकारियों ने मंदिर में पूजन अर्चना कर भगवान जी का कढ़ी चावल का भोग लगाकर श्रध्दालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। छठी पर्व पर जय कन्हैया लाल की , हाथी घोड़ा पालकी के जयकारों की गूंज रही। इस अवसर पल बृजेश यादव, लायन क्लब शक्ति की अध्यक्ष लायन ललिता यादव, लायन बिंमी, लायन मंजीत कौर, जितेंद्र वर्मा, जय सिंह यादव, अजय सिंह यादव, संजय पाल, लायन बिंमी, लायन मंजीत कौर आदि भक्तजनों का सहयोग रहा।

### श्रीकृष्ण छठी पर भंडारा आयोजित

**तिलहर - शाहजहांपुर।** भगवान श्री कृष्ण छठी उत्सव नगर के रस्तोगी धर्मशाला मन्दिर में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बुधवार शाम स्टेशन रोड स्थित रस्तोगी धर्मशाला मंदिर में व्यवस्थापक अशोक रस्तोगी ने सपरिवार भगवान बाल कृष्ण की छठी पर्व पर कढी चावल व पूरी सब्जियों का भगवान को भोग अर्पण कर शाम सात बजे से विशाल भंडारा शुरू किया। जो देर रात तक चला। इस मौके पर वैभव रस्तोगी, सौरभ रस्तोगी , हरि मोहन गुप्ता, अशोक गुप्ता, सौरभ गुप्ता रवि समेत तमाम गणमान्य शामिल रहे।

# बदलते मौसम में बढ़ रहा है वायरल का प्रकोप

- सरकारी अस्पताल में 500 मरीज पाए गए

**सीतापुर।** बदलते मौसम के बीच जिला अस्पताल में वायरल बुखार के सबसे अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। जिससे जिला अस्पताल की ओपीडी पर दबाव बढ़ गया है। मंगलवार को अस्पताल में 2324 मरीजों के पर्चे बने। इनमें करीब 500 मरीज बुखार और लगभग इतने ही नाक, कान व गले से जुड़ी परेशानी लेकर पहुंचे। मरीजों की भीड़ का असर पैथोलॉजी पर भी साफ दिखाई दे रहा है। यहां प्रतिदिन करीब 3500 से 5000 जांचें की जा रही हैं। अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक इन दिनों सबसे ज्यादा मरीज बुखार, सर्दी-जुकाम, खांसी, बदन दर्द और नाक-कान-गले की समस्या लेकर पहुंचे हैं। मंगलवार को भी ओपीडी में सुबह से मरीजों की कतार लगी रही। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक करीब 500 मरीज वायरल बुखार से जुड़ी शिकायतों के साथ पहुंचे। अस्पताल की मरीज सूची में भी बुखार, खांसी, बदन दर्द और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं के मरीज दर्ज हैं। मौसमी बीमारियों का असर पैथोलॉजी में होने वाली जांचों पर भी पड़ा है। जिम्मेदारों के मुताबिक अस्पताल में हर दिन करीब 3500 से 5000 जांचें हो रही हैं। इस हिसाब से एक सप्ताह में जांचों का आंकड़ा करीब 22 हजार से 30 हजार के करीब तक पहुंच रहा है। पैथोलॉजी में जांच कराने पहुंचने वालों में बड़ी संख्या बुखार से पीड़ित मरीजों की बताई जा रही है। रोजाना एक-दो मरीज मलेरिया पॉजिटिव भी मिल रहे हैं। राहत की बात यह है कि अभी अस्पताल में डेंगू और स्वाइन फ्लू का कोई मरीज सामने नहीं आया है। 200 त्वचा रोगी रोज, मगर डॉक्टर एक भी नहीं- जिला अस्पताल में मरीजों की बढ़ती भीड़ के बीच त्वचा रोगियों की परेशानी अलग है। अस्पताल आने वाले मरीजों में करीब 200 मरीज त्वचा संबंधी समस्याओं के बताए जा रहे हैं, लेकिन अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं है। ऐसे में मरीजों को दूसरे चिकित्सकों से परामर्श और इलाज लेना पड़ रहा है। विशेषज्ञ न होने से गंभीर या लंबे समय से त्वचा रोग से परेशान मरीजों को ज्यादा दिक्कत उठानी पड़ रही है।

## गली में पहुंचा मगरमच्छ, कुत्तों के भौंकने से ग्रामीणों को हुई जानकारी



**खुदागंज,शाहजहांपुर।** जिगनिया गांव में मंगलवार तड़के करीब चार बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के बीच वाली गली में अचानक एक मगरमच्छ दिखाई दिया। बताया जा रहा है कि तड़के कुत्ते लगातार जोर-जोर से भौंक रहे थे। उनकी आवाज सुनकर कुछ ग्रामीण घरों से बाहर निकले और गली की ओर पहुंचे। वहां मगरमच्छ को देखकर ग्रामीणों के होश उड़ गए और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। ग्रामीणों ने बिना जोखिम उठाए तत्काल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और वन विभाग की टीम को भी जानकारी दी। कुछ ही देर में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी पर रखते हुए मगरमच्छ को पकड़ने का अभियान शुरू किया। वन विभाग की टीम ने काफी सावधानी और मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर लिया। इसके बाद उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। वन विभाग की टीम ने सुबह करीब नौ बजे रेस्क्यू किए गए मगरमच्छ को देवहा नदी में सुरक्षित छोड़ दिया। गांव की आबादी के बीच मगरमच्छ के पहुंचने की खबर से ग्रामीणों में काफी देर तक दहशत का माहौल बना रहा। हालांकि समय रहते सूचना मिलने और पुलिस व वन विभाग की टीम के पहुंचने से मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया गया। बाद में उसे नदी में छोड़ दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# ...मिल रही तारीख-पे-तारीख, भटक रहे बुजुर्ग-विधवा और दिव्यांग

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।




> जिन लोगों की पेंशन नहीं आ रही है, वो लोग परेशान न हो।
> -राजेश कुमार शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी

पिछले छह माह से बुजुर्ग, विधवा व दिव्यांग पेंशन के लिए आफिस-आफिस चक्कर लगाने पड़ रहे है। जिस कारण पेंशनधारक परेशान हो रहे हैं। यह वो पेंशन होती है, जिसके ऊपर तमाम लोग इंतजार करते हैं कि उनको समय से पेंशन मिल जाए। जिससे कि उनको दवा, आवश्यक वस्तुएं ले सके। बता दें कि शासन से बुजुर्गों, दिव्यांग व विधवा को हर माह मिलने वाली एक हजार पेंशन के लिए छह माह से इंतजार करना पड़ रहा है, जनपद हर माह वृद्धावस्था, दिव्यांग और विधवाओं को मासिक पेंशन एक हजार रुपए जारी की जाती है। मार्च से नही आ रही है। जिस कारण पात्र बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांग दफ्तरों व बैंकों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन शासन स्तर से बजट की उपलब्धता विभागों को न हो पाने से खातों में पेंशन नहीं भेजी जा पा रही है। इसको लेकर विभागीय अधिकारियों द्वारा पत्राचार बराबर किया जा रहा है। अब बुजुर्गों, विधवा व दिव्यांगों को पेंशन का लाभ कब मिलेगा, इसकी तारीख का इंतजार है। जिला समाज कल्याण विभाग में पंजीकृत बुजुर्ग पेंशनधारकों की संख्या 1 लाख 6 हजार 308 है,जिनकी पेंशन मार्च से नहीं आ रही है। जिला प्रोबेशन कार्यालय में निराश्रित महिला पेंशन में पंजीकृत 70728 में से 70 फीसदी लोगों को पेंशन आने की बात जिला प्रोबेशन अधिकारी कह रहे हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण दफ्तर की करे तो यहां पंजीकृत 25278 दिव्यांग व कुष्ठ रोगियों में से अभी कुछ ही लोगों को पेंशन खातों में पहुंची। '' समाज कल्याण विभाग से बुजुर्गों को वृध्दावस्था पेंशन का लाभ दिया जाता है। पिछले छह माह मार्च से पेंशन न आने से लोग दफ्तर में आ रहे हैं। इसको लेकर एक वीसी में कहा गया है कि जल्द पेंशन का बजट डाल दिया जाएगा।

# विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी



**शाहजहांपुर।** महानगर में स्वामी शुखदेवानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय (एस.एस. कॉलेज) कॉमर्स विभाग सभागार में विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस के निमित्त प्रखंड रामप्रसाद नगर के उपखण्ड नवादा इंदेपुर द्वारा एक भव्य विचार गोष्ठी का सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अभिनव ओमर ने की तथा कार्यक्रम का कुशल संचालन महानगर मंत्री धर्मेंद्र सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दिनेश उपाध्याय केंद्रीय मंत्री विश्व हिंदू परिषद रहे। जिनका पाथेय उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। गोष्ठी के दौरान विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के उद्देश्यों, राष्ट्रवादी चेतना, सनातन संस्कृति की रक्षा तथा समाज में संगठनात्मक जागरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष पर हाई लेवल मंथन डीएम ने तय की 'मिशन मोड' रणनीति

- संवेदनशील इलाकों में बढ़ेगी निगरानी
- गांव-गांव पहुंचेगा वन विभाग

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।



जिले में मानव और वन्यजीवों के बीच बढ़ते टकराव को लेकर जिला प्रशासन ने अब कमर कस ली है। घटनाओं की रोकथाम को लेकर बुधवार शाम को हुई उच्चस्तरीय बैठक में वन क्षेत्र से सटे गांवों की सुरक्षा, संवेदनशील इलाकों की निगरानी, ग्रामीण जागरूकता और विभागीय समन्वय को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में केवल घटनाओं की समीक्षा तक सीमित रहने के बजाय उनके पीछे के कारणों और भविष्य में रोकथाम के ठोस उपायों पर गहन मंथन हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने में किसी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए। जिन क्षेत्रों में पूर्व में घटनाएं हुई हैं अथवा वन्यजीवों की गतिविधियां अधिक हैं, उन्हें विशेष रूप से संवेदनशील मानते हुए सतर्कता, निगरानी और जनजागरूकता का मजबूत तंत्र विकसित किया जाए। कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। वन विभाग और संबंधित विभाग आपसी समन्वय से ऐसी कार्ययोजना तैयार करें, जिसका असर सीधे गांव और खेत तक दिखाई दे।

**डीएफओ ने आंकड़ों के साथ पेश की स्थिति:** बैठक में डीएफओ तापस मिहिर और कीर्ति चौधरी ने मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति, वर्षवार आंकड़ों और रोकथाम के लिए वन विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। अधिकारियों ने संवेदनशील क्षेत्रों में वन विभाग की निगरानी, गश्त और जागरूकता गतिविधियों की जानकारी साझा की। डीएफओ ने बताया कि जिन क्षेत्रों में पहले घटनाएं हो चुकी हैं, वहां अतिरिक्त सतर्कता की आवश्यकता है। ऐसे क्षेत्रों में ग्रामीणों को वन्यजीवों की गतिविधियों और सुरक्षा उपायों के प्रति लगातार जागरूक किया जाना जरूरी है। बैठक में वन क्षेत्र से लगे गांवों को लेकर विशेष रणनीति पर जोर दिया गया। वन क्षेत्र के आसपास के खेतों में इंटरक्रॉपिंग फसलों को बढ़ावा देने, ग्रामीणों को खेती के दौरान सामूहिक रूप से कार्य करने तथा संभावित खतरे वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सावधानी बरतने पर जोर दिया गया।

### सौ से अधिक युवाओं ने सपा की सदस्यता ग्रहण की

**लखीमपुर खीरी।** सांसद खीरी उत्कर्ष वर्मा की उपस्थित में जिला लेखपाल संघ के पूर्व अध्यक्ष मेराजुल हसन उर्फ चन्दा के नेतृत्व में सौ से अधिक युवाओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। समाजवाद पार्टी कार्यालय लोहिया भवन सदर विधानसभा क्षेत्र की मासिक बैठक सपा जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक का संचालन विधानसभा अध्यक्ष अशोक वर्मा ने किया। बैठक में जिला लोखपाल संघ के पूर्व अध्यक्ष मेराजुल हसन उर्फ चन्दा के नेतृत्व में सौ से अधिक युवाओं में आलोक कुमार, अनुराग गुप्ता, विकास गुप्ता, नक्षत्र सिंह, विजय दीक्षित, गुज्जन खां, अफजाल, वकील, आफताब अहमद खां, शब्बन खां, रिजवान खां, नसीम, मो0 अहमद, मोहसिन, अरबाज, शहबाज, नूरूल हसन, एजाज अहमद, गुड्डू, अरमान खां, कामरान, इमरान, शानू, इलियास, फैज खां, शादाब, आमिर, बरकत, निसार, मैफूज, रहमुद्दीन, अजय, अफरोज, रामू, नसीम, शाजिद, राशिद, रहीश, मझिले, गुलबेग, जाजिम, लाला पयाग, अलीउल्ला, उस्मान, अनुज, जमशाद, अफजाल, असलम, हानिफ, मैनुद्दीन, जैनुद्दीन, शहालुद्दीन, शिवबालक मौर्या, गुफरान खां, ज्ञान कुमार गुप्ता, सेमुअल, वसीम घोसी, आसिफ, आलोक आदि ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मेराजुल हसन ने कहा कि प्रदेश में लोकतंत्र को बचाने के लिए समजावादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संघर्ष कर रहे है हम लोग भी उनके संघर्ष में साथ रहेंगे। खीरी से सपा सांसद उत्कर्ष वर्मा, सपा जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव व विधानसभा अध्यक्ष अशोक वर्मा ने आज पार्टी में शामिल हुए मेराजुल हसन उर्फ चन्दा सहित दर्जनों युवाओं को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में उपस्थित पूर्व जिलाध्यक्ष मो. कयूम खां, जि.पं. सदस्य वारिस अली, आरिफ खान, पुष्पक वर्मा, सोहराब गौरी आदि लोगों ने पार्टी में शामिल हुए लोगों ने बधाई दी।

# बरखेड़ा की धरती पर विकास की नई शुरुआत स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने जताया आभार

समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।



128 विधानसभा बरखेड़ा क्षेत्र की धरती पर वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के नाम पर बासमती एवं जैविक प्रशिक्षण केंद्र-सह-प्रदर्शन फार्म की सौगात मिलने पर महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पीलीभीत सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के प्रति आभार जताया।

महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में इस प्रकार के महत्वपूर्ण केंद्र की स्थापना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। यह परियोजना केवल किसानों की आय बढ़ाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि बासमती की खेती, जैविक कृषि, आधुनिक तकनीक और निर्यात के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसानों के हित में लगातार किए जा रहे प्रयासों का लाभ अब बरखेड़ा की धरती को भी मिल रहा है। उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद तथा कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही का भी विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पीलीभीत की बासमती को वैश्विक पहचान दिलाने और किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की दिशा में यह केंद्र मील का पत्थर साबित होगा।स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने क्षेत्र के किसानों और युवाओं को इस ऐतिहासिक सौगात की बधाई देते हुए कहा कि बरखेड़ा की धरती पर शुरू हुआ यह प्रयास आने वाले समय में कृषि, रोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

## नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं



**लखीमपुर-खीरी।** नगर पालिका परिषद, लखीमपुर-खीरी में बुधवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने नगरवासियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर नियमानुसार शीघ्र एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जलकल, निर्माण, सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण तथा गृहकर-जलकर से संबंधित कुल 16 प्रकरण प्राप्त हुए। इनमें पेयजल कनेक्शन, नाली एवं सड़क निर्माण/मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, अवैध कब्जे एवं निर्माण तथा गृहकर-जलकर से जुड़ी समस्याएं शामिल रहीं। अध्यक्ष ने अधिकारियों को आवश्यकतानुसार स्थलीय निरीक्षण कर प्रकरणों की जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा शिकायतकर्ताओं को की गई कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जेई (सिविल) समरा सईद, जेई (जलकल) जितेन्द्र, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मुरारी लाल एवं विशाल शुक्ला, निर्माण लिपिक यतेंद्र बहादुर तथा सर्वेयर अमित सोनी सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खुला प्रश्न मंच प्रतियोगिता के साथ शुरू हुआ जेसीआई जन सम्पर्क सप्ताह

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।




जेसीआई जनसंपर्क सप्ताह का शुभारंभ हुआ। नगर पालिका परिषद चेयरमैन डॉ..इरा श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर स्वच्छंद आकाश में शान्ति के प्रतीक श्वेत कपोत व रंगीन गुब्बारे छोड़ कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। 9 से 15सितम्बर तक चलने वाले इस सप्ताह के प्रथम दिवस उद्घाटन के साथ खुला प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। कई विद्यालयों के बच्चों व जन सामान्य ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर देकर पुरस्कार अर्जित किया। सप्ताह भर होने वालेज्ञकार्यक्रमों का परिचय सप्ताह संयोजक विश्वास सेठ द्वारा दिया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम के प्रायोजक एचआईआईटी संस्थान के प्रमुख आलोक शुक्ला सहभागी बने। उक्त कार्यक्रम सचिन अग्रवाल कीज्ञध्यकक्षता, आलोक शुक्ला व शिवांश वर्मा के कुशल निर्देशन एवं पूर्वाध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता व शुभम टण्डन के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन अर्जित अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के तहत सप्ताह संयोजक विश्वास सेठ, सप्ताह प्रभारी राजेश पटेल व सौरभ वर्मा, सप्ताह समन्वयक कनिष्क बरनवाल, मीडिया जन सम्पर्क प्रभारी आर्येन्द्र पाल सिंह के साथ पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विशाल सेठ, राममोहन गुप्ता, डॉ. राकेश माथुर, अमित मिश्रा, अमर सिंह, कुलदीप गुप्ता, तुषार गर्ग, योगेश जोशी, कुमार उत्कर्ष, लेखनी सेठ, सुमित शर्मा, अनिल अग्रवाल, शिवम् गुप्ता व कुशाग्र अग्रवाल आदि सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# लिटिल एंजेल्स स्कूल में गूंजा नंदलाला का जयघोष राधा-कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

- बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों से सजाया मंच



**पीलीभीत।** लिटिल एंजेल्स स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व छात्र-छात्राओं ने श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एनसी पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, उपप्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मल्होत्रा एवं अकाउंटेंट राजेश गंगवार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद सरस्वती वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और राधा-कृष्ण के प्रेमभाव को अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत कर दिया। आयरा आनंद, आरुष, इतिशा अग्रवाल, अविराज सिंह, समृद्धि गुप्ता, अभिनव मौर्य, सौम्या सिंह, रक्षित गंगवार, समीक्षा मिश्रा और अविश अग्रवाल सहित विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की आकर्षक वेशभूषा धारण कर मंच पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। जूनियर वर्ग के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। बच्चों की मनमोहक अदाओं और उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियों पर अभिभावकों व शिक्षकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिसर में कृष्ण भक्ति से ओतप्रोत वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य एनसी पाठक ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# बासमती की खुशबू अब पहुंचेगी वैश्विक बाजार तक

- टांडा बिजैसी में ऐतिहासिक प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास

समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।



तराई की उपजाऊ धरती पर बासमती की खेती को नई पहचान और किसानों को वैश्विक बाजार से जोड़ने की दिशा में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। ग्राम टांडा बिजैसी में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी बासमती एवं जैविक प्रशिक्षण केंद्र-सह-प्रदर्शन फार्म का भव्य शिलान्यास समारोह राजकीय इंटर कॉलेज, न्यूरिया कॉलोनी में आयोजित किया गया। इस परियोजना को क्षेत्र की कृषि व्यवस्था में बदलाव लाने वाली महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद मुख्य अतिथि रहे, जबकि उत्तर प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

**बीज से बाजार और खेत से विदेश तक—एक ही छत के नीचे मिलेगी पूरी जानकारी:** प्रस्तावित प्रशिक्षण केंद्र का उद्देश्य किसानों को केवल खेती की तकनीक बताना नहीं, बल्कि उन्हें बासमती उत्पादन से लेकर उसकी गुणवत्ता, जैविक प्रमाणीकरण, प्रसंस्करण और निर्यात तक की पूरी प्रक्रिया से परिचित कराना है।केंद्र में किसानों को उन्नत बीज, आधुनिक कृषि तकनीक, जैविक खेती, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और अंतरराष्ट्रीय बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप खेती का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रदर्शन फार्म के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस परियोजना में एपीडा (APEDA), बासमती एक्सपोर्ट डेवलपमेंट फाउंडेशन (BEDF), जैविक भारत और उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई है।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार से जुड़ेंगे किसान:** केंद्र के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को निर्यात की संभावनाओं और वैश्विक गुणवत्ता मानकों की जानकारी उपलब्ध कराने पर जोर रहेगा। इससे बासमती की गुणवत्ता में सुधार के साथ किसानों को बेहतर बाजार और बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद है। परियोजना के तहत ऑडिटोरियम, प्रयोगशाला, संग्रहालय और जैविक इनपुट स्टोर जैसी सुविधाएं विकसित किए जाने की योजना है। यहां कृषि क्षेत्र से जुड़े युवाओं को भी आधुनिक तकनीक और बीज उत्पादन जैसी गतिविधियों में प्रशिक्षण देकर रोजगार के नए अवसरों से जोड़ा जा सकेगा। यह केंद्र केवल बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पीलीभीत, शाहजहांपुर और बरेली समेत तराई क्षेत्र के किसानों के लिए उपयोगी साबित होने की उम्मीद है।

## नए तरीके का छद्म युद्ध

आतंकवाद की चुनौती अब केवल बंदूक और बम तक सीमित नहीं रह गई है। बदलती तकनीक ने इसके तौर-तरीकों को भी बदल दिया है। अब दुश्मन सीमा पार बैठकर केवल आतंकियों को भेजने के बजाय डिजिटल माध्यमों के जरिए देश के भीतर ऐसे लोगों को तलाश रहा है, जिन्हें कुछ पैसों, अपराध के रोमांच या सोशल मीडिया पर मिलने वाली पहचान के माध्यम से अपने जाल में फंसाया जा सके। यही हाइब्रिड आतंकवाद का नया चेहरा है और भारत के लिए यह चुनौती इसलिए अधिक गंभीर है, क्योंकि इसमें अपराधी और आतंकी के बीच की रेखा कई बार बहुत धुंधली हो जाती है।

हाल के समय में पाकिस्तान समर्थित नेटवर्क से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी और उनके षड्यंत्रों के सामने आने से स्पष्ट है कि भारत विरोधी ताकतें अपनी रणनीति में बदलाव कर रही हैं। शहजाद भट्टी नेटवर्क का उदाहरण इसी बदलते तौर-तरीके को सामने रखता है। इस तरह के नेटवर्क किसी पारंपरिक आतंकी संगठन की तरह खुले तौर पर काम नहीं करते। इनके पास कोई ऐसा स्पष्ट ढांचा नहीं होता, जिसके शीर्ष तक पहुंचकर पूरे नेटवर्क को समझा जा सके। अलग-अलग लोगों को अलग-अलग काम दिए जाते हैं और उन्हें अक्सर पूरी साजिश की जानकारी तक नहीं होती। इस रणनीति में इंटरनेट और सोशल मीडिया सबसे बड़ा हथियार बनकर उभरे हैं। इंस्टाग्राम, फेसबुक, टेलीग्राम और दूसरे डिजिटल प्लेटफार्मों पर युवाओं से संपर्क किया जाता है। विशेष रूप से ऐसे युवाओं को निशाना बनाया जाता है, जो गैंगस्टर संस्कृति, हथियारों, नशे या हिंसा से प्रभावित हैं। शुरुआत में उन्हें ऐसे काम दिए जाते हैं, जो उन्हें सामान्य अपराध या महज शरारत लग सकते हैं। किसी पुलिस थाने की तस्वीर खींचना, किसी सरकारी कार्यालय की जानकारी जुटाना, किसी सार्वजनिक स्थान पर भड़काऊ पोस्टर लगाना अथवा किसी स्थान पर बम होने की झूठी सूचना देना जैसे काम इसी कड़ी का हिस्सा हो सकते हैं। इसके बदले कुछ हजार रुपये दिए जाते हैं। युवा इसे आसान कमाई का जरिया समझकर काम कर देता है, लेकिन उसे यह पता नहीं होता कि उसके द्वारा जुटाई गई एक तस्वीर या जानकारी आगे चलकर किसी बड़े आतंकी हमले की तैयारी में इस्तेमाल हो सकती है। यही हाइब्रिड आतंकवाद की सबसे खतरनाक विशेषता है। इसमें किसी व्यक्ति को सीधे आतंकवादी नहीं बनाया जाता, बल्कि धीरे-धीरे ऐसे कामों में लगाया जाता है, जिनका अंतिम उद्देश्य उसे खुद भी मालूम नहीं होता।

पाकिस्तान समर्थित नेटवर्क के लिए यह तरीका इसलिए भी उपयोगी है, क्योंकि इससे उसके पीछे बैठे लोगों तक पहुंचना सुरक्षा एजेंसियों के लिए कठिन हो जाता है। यदि किसी युवक को केवल एक छोटा काम दिया गया है और वह किसी दूसरे व्यक्ति को नहीं जानता, तो जांच एजेंसियों के लिए पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ना आसान नहीं होता। डिजिटल दुनिया में फर्जी पहचान, अलग-अलग अकाउंट और एन्क्रिप्टेड संपर्क इस चुनौती को और बढ़ा देते हैं।

इस खतरे का एक दूसरा पहलू भी है। अपराध की दुनिया में पहले से मौजूद छोटे अपराधियों को भी ऐसे नेटवर्क अपने लिए उपयोगी मानते हैं। हथियारों की छोटी-मोटी तस्करी करने वाले, नशे के कारोबार से जुड़े लोग या स्थानीय स्तर पर अपराध करने वाले युवा सुरक्षा एजेंसियों की प्राथमिकता में बड़े अपराधियों की तुलना में नीचे हो सकते हैं। आतंकी नेटवर्क इसी कमजोरी का फायदा उठाकर उन्हें अपने लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। पैसे, नशे और अपराध की दुनिया में पहले से फंसे व्यक्ति को अपने साथ जोड़ना उनके लिए अपेक्षाकृत आसान होता है। यह स्थिति बताती है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को अब केवल बड़े आतंकी संगठनों की पहचान और उनके ठिकानों पर कार्रवाई तक सीमित नहीं रखा जा सकता। स्थानीय स्तर पर होने वाले छोटे अपराधों और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच बनने वाले नए संबंधों को भी समझना होगा। थाना स्तर पर पुलिस को अपने क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ-साथ यह भी देखना होगा कि कोई अपराधी अचानक किसी अज्ञात व्यक्ति के संपर्क में तो नहीं आया है या उसके व्यवहार और गतिविधियों में असामान्य बदलाव तो नहीं आया है। हालांकि सतर्कता के नाम पर किसी भी युवक को केवल उसके सोशल मीडिया अकाउंट, मित्रता या आपराधिक अतीत के आधार पर संदिग्ध मान लेना उचित नहीं होगा। कानून के दायरे में रहकर प्रमाण आधारित जांच ही इस चुनौती से निपटने का सही रास्ता है। सुरक्षा के साथ नागरिक स्वतंत्रता और निजता का संतुलन बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है।

इस पूरे परिदृश्य में आम नागरिकों की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि किसी व्यक्ति को सोशल मीडिया पर हिंसा के लिए उकसाने वाली संदिग्ध सामग्री, संवेदनशील स्थानों की तस्वीरें या जानकारी जुटाने का प्रयास, बम या विस्फोट से जुड़ी संदिग्ध बातचीत अथवा किसी अनजान व्यक्ति द्वारा अपराध के लिए उकसाने वाली गतिविधि दिखाई देती है तो उसे इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में स्वयं कार्रवाई करने के बजाय पुलिस या संबंधित सुरक्षा एजेंसी को सूचना देना अधिक जिम्मेदार कदम होगा। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की भी जिम्मेदारी है कि नागरिकों से मिलने वाली सूचनाओं को गंभीरता से लें और सूचना देने वाले व्यक्ति को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। नागरिक यदि यह महसूस करेंगे कि उनकी सूचना का सम्मानपूर्वक संज्ञान लिया जाता है, तभी वे सुरक्षा व्यवस्था का प्रभावी हिस्सा बन सकेंगे।

## दो टूक




# हर निराश मन को चाहिए एक भरोसेमंद कंधा



योगेश कुमार गोयल




**विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर विशेष**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्रतिवर्ष 10 सितंबर को दुनियाभर में आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से 'विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत 'इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन' (आईएएसपी) द्वारा 2003 में की गई थी। इन दिन एक पीले रंग के रिबन को प्रतीक के रूप में पहना जाता है, जो इस बात को फैलाने में मदद करने के लिए पहना जाता है कि आत्महत्या की रोकथाम के बारे में बोलने से लोगों की जान बचाई जा सकती है।

इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के व्यवहार पर शोध करना, जागरुकता फैलाना और डेटा एकत्रित करना है। दरअसल डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया में हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिये अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है।

आत्महत्या रोकथाम दिवस 2026 की थीम है 'आत्महत्या पर दृष्टिकोण बदलना'। इस थीम का उद्देश्य आत्महत्याओं को रोकने के लिए कलंक को कम करने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। लोगों में जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। हालांकि बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर जारी अपनी रिपोर्ट में बताया है कि वर्ष 2024 में देश में 170746 आत्महत्या दर्ज की गई जबकि 2023 में कुल 171418 लोगों ने आत्महत्या की थी। वर्ष 2022 में भारत में आत्महत्या करने वालों की यह संख्या 170924 जबकि 2021 में 164033 थी। एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या कैरियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं। आज छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। किसी को कैरियर या नौकरी की चिंता सता रही है तो कोई वित्तीय संकट से जूझ रहा है। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं।

जब कोई व्यक्ति लंबे समय तक मानसिक तनाव, निराशा, अकेलेपन, असफलता, पारिवारिक कलह, आर्थिक संकट या किसी गहरे भावनात्मक आघात से जूझता है तो उसकी सोचने-समझने और परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। ऐसे में अवसाद, निराशा और असहायता की भावना धीरे-धीरे इतनी गहरी हो सकती है कि व्यक्ति को अपने सामने मौजूद समस्याओं से बाहर निकलने का कोई रास्ता दिखाई नहीं देता।

यही वह संवेदनशील अवस्था है, जिसमें कुछ लोग आत्महत्या के विचारों से घिर सकते हैं। आत्महत्या केवल एक व्यक्ति की असामयिक मृत्यु नहीं होती बल्कि उसके परिवार, मित्रों और व्यापक सामाजिक परिवेश पर भी लंबे समय तक गहरा भावनात्मक प्रभाव छोड़ती है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि आत्महत्या को केवल अवसाद का परिणाम मानना उचित नहीं है। अवसाद आत्महत्या के जोखिम को बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण कारक जरूर है लेकिन आत्महत्या का व्यवहार प्रायः अनेक परिस्थितियों के जटिल मेल से उत्पन्न होता है।

मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के साथ-साथ आर्थिक कठिनाइयां, संबंधों में टूटन, पारिवारिक तनाव, सामाजिक अलगाव, हिंसा, नशे की समस्या, गंभीर बीमारी, शैक्षणिक अथवा रोजगार संबंधी दबाव और अचानक घटित कोई गहरा संकट भी व्यक्ति को मानसिक रूप से तोड़ सकता है। कई बार बाहरी तौर पर सामान्य दिखाई देने वाला व्यक्ति भी भीतर से गहरे संघर्ष से गुजर रहा होता है। इसलिए आत्महत्या की रोकथाम का पहला कदम व्यक्ति को कमजोर या असफल समझना नहीं बल्कि उसकी पीड़ा को गंभीरता से समझना है। संकट में घिरे व्यक्ति को उपदेश से अधिक सुनने वाला कान, निर्णय सुनाने के बजाय सहानुभूति और अकेला छोड़ने के बजाय भरोसेमंद साथ चाहिए। परिवार, मित्र, शिक्षक और सहकर्मी यदि व्यवहार में आए अचानक बदलाव, निराशा, सामाजिक दूरी या असहायता के संकेतों को समय रहते पहचानें और व्यक्ति को मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करें तो संकट को गंभीर रूप लेने से रोका जा सकता है। आत्महत्या रोकथाम का वास्तविक अर्थ यही है, मौत के विचार से पहले उम्मीद का रास्ता दिखाई देना।

मनुष्य जीवन को संसार में सबसे अनमोल माना गया है क्योंकि हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते। बहरहाल, यदि कभी जरूरत से ज्यादा तनाव अथवा किसी मानसिक बीमारी का अहसास हो तो तुरंत किसी मनोचिकित्सक से मिलकर अपनी परेशानियों के बारे में खुलकर बात करें। केन्द्र सरकार द्वारा अगस्त 2020 में एक मेंटल हेल्थ रिहैबिलिटेशन हेल्पलाइन (किरण हेल्पलाइन) नंबर भी जारी किया गया था, जिस पर कॉल करके ऐसी स्थिति में मदद या काउंसिलिंग की मांग की जा सकती है। इसके अलावा भी कई सुसाइड हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग आत्महत्या की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए किया जा सकता है। लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाकर भी आत्महत्या जैसे मामलों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति के मन में आत्महत्या का विचार आए ही नहीं, ऐसा वातावरण तैयार करना परिवार के साथ-साथ समाज की भी बड़ी जिम्मेदारी है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थी की दुविधा

अभिषेक शुक्ल

विगत कुछ वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। जब भी किसी बड़ी भर्ती का विज्ञापन आता है, तो एक बुनियादी सवाल लगातार चर्चा के केंद्र में रहता है– भाई, ईडब्ल्यूएस से फॉर्म भरें या अनारक्षित से? यह सवाल जितना सहज प्रतीत होता है, वास्तव में उतना ही गंभीर है। यह केवल आवेदन-पत्र के किसी एक विकल्प को चुनने का मामला नहीं है, बल्कि एक युवा के भविष्य, उसकी वर्षों की तपस्या और संवैधानिक व्यवस्था पर उसके भरोसे से जुड़ा प्रश्न है। अभ्यर्थी यह जानना चाहता है कि यदि वह अनारक्षित श्रेणी के कटऑफ से अधिक अंक अर्जित करता है, तो क्या व्यवस्था उसकी योग्यता का सम्मान करते हुए उसे खुली प्रतियोगिता का हक देगी?

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा के आधिकारिक आंकड़े इस दुविधा को किसी काल्पनिक आशंका के बजाय एक कड़वी जमीनी सच्चाई साबित करते हैं। वर्ष 2020 से 2023 तक के आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो यह विसंगति निरंतर गहरी होती दिखाई देती है। वर्ष 2020 में जहां अनारक्षित वर्ग का कटऑफ 110 अंक था, वहीं ईडब्ल्यूएस का कटऑफ 112 अंक रहा। वर्ष 2021 में अनारक्षित के 115 अंकों के मुकाबले ईडब्ल्यूएस का कटऑफ 117 अंक, और 2022 में अनारक्षित के 111 अंकों की तुलना में ईडब्ल्यूएस का कटऑफ 114 अंक दर्ज किया गया। वर्ष 2023 में तो यह अंतर चार अंकों तक पहुंच गया, जहां अनारक्षित का कटऑफ 125 अंक था, जबकि ईडब्ल्यूएस के लिए यह 129 अंक तक चला गया।

इन आंकड़ों का सीधा और त्रासद अर्थ यह है कि वर्ष 2023 में 126, 127 या 128 अंक हासिल करने वाला ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थी प्रारंभिक चरण में ही प्रतियोगिता से बाहर हो गया, जबकि उससे कम यानी 125 अंक पाने वाला अनारक्षित अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा लिखने का पात्र बन गया।

यहां 'अनारक्षित' और 'आरक्षित' की बुनियादी संवैधानिक अवधारणा को समझना आवश्यक है। आरक्षण का उद्देश्य अवसरों से वंचित वर्गों को आगे बढ़ने का मंच देना है, न कि किसी मेधावी की योग्यता की अधिकतम सीमा तय करना। अनारक्षित श्रेणी कोई अलग सामाजिक वर्ग या जाति नहीं है, बल्कि यह एक खुली प्रतियोगिता है जहाँ मेरिट में आने वाला कोई भी योग्य अभ्यर्थी स्थान पाने का हकदार है।

> **ईडब्ल्यूएस श्रेणी की पात्रता आर्थिक स्थिति से तय होती है, किंतु परीक्षा हॉल में उत्तर-पुस्तिका का मूल्यांकन अभ्यर्थी की आर्थिक पृष्ठभूमि देखकर नहीं, बल्कि उसके ज्ञान और प्रदर्शन के आधार पर होता है। कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि किसी मेधावी छात्र के बेहतर प्रदर्शन की सीमा नहीं बननी चाहिए। जैसा कि न्यायशास्त्र का स्थापित नियम है—आरक्षण एक सुरक्षा-कवच है, प्रतिभा की छत नहीं।**
> **प्रतियोगी परीक्षाओं में व्यवस्था का सिद्धांत पारदर्शी और न्यायसंगत होना चाहिए—आरक्षण कमजोर को सहारा देने के लिए है, मेधावी के अवसर छीनने के लिए नहीं।**

इस विधिक सिद्धांत को न्यायिक व्यवस्था ने समय-समय पर स्पष्ट और सुदृढ़ किया है। रजत यादव बनाम राजस्थान राज्य (उच्च न्यायालय) मामले में शीर्ष अदालत ने यह सिद्धांत दोहराया कि यदि किसी आरक्षित वर्ग का अभ्यर्थी, जिसने कोई विशेष रियायत नहीं ली है, सामान्य वर्ग के कटऑफ से अधिक अंक प्राप्त करता है, तो उसे चयन के मध्यवर्ती व प्रारंभिक चरणों में भी खुली श्रेणी की मेरिट सूची में स्थान मिलना चाहिए। उसे केवल उसकी श्रेणी के नाम पर खुली प्रतिस्पर्धा से अलग-थलग नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया बनाम शाम कृष्णा बी में भी उच्चतम न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि आरक्षण रोस्टर और नियमों का मनमाना क्रियान्वयन मेधा को नकारने का माध्यम नहीं बन सकता; मेरिट में ऊपर रहने वाला आरक्षित वर्ग का अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में समायोजित होने का पूर्ण संवैधानिक अधिकार रखता है।

यह विसंगति पीसीएस जैसी बहु-चरणीय परीक्षाओं के प्रारंभिक स्तर पर सबसे घातक साबित होती है। यद्यपि प्रारंभिक परीक्षा के अंक अंतिम चयन सूची में नहीं जुड़ते, किंतु यह मुख्य परीक्षा तक पहुँचने का निर्णायक प्रवेश-द्वार है। यदि किसी अभ्यर्थी ने आयु सीमा या शुल्क जैसी कोई रियायत नहीं ली है और उसके अंक खुली श्रेणी के कटऑफ से अधिक हैं, तो उसे प्रारंभिक स्तर पर ही खुली प्रतियोगिता से बाहर कर देना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 में निहित नैसर्गिक न्याय और समान अवसर के सिद्धांत के विपरीत है। अंतिम चरण में समायोजन का प्रावधान ऐसे मेधावी अभ्यर्थियों के लिए व्यर्थ सिद्ध होता है, क्योंकि वे मुख्य परीक्षा की दौड़ से ही बाहर कर दिए जाते हैं।

यह विवाद केवल ईडब्ल्यूएस तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर आरक्षण के सभी वर्गों को प्रभावित करता है (जैसा कि वर्ष 2023 में ओबीसी वर्ग के 128 कटऑफ के साथ भी देखा गया)। यदि खुली सीटों पर केवल उन्हीं को प्रारंभिक प्रवेश मिलेगा जिन्होंने कोई आरक्षण क्लेम नहीं किया, तो 'अनारक्षित' सीटें वस्तुतः 'बिना आरक्षण वाले वर्ग' के लिए आरक्षित हो जाएंगी, जिससे खुली प्रतियोगिता की मूल आत्मा ही नष्ट हो जाएगी।

ईडब्ल्यूएस श्रेणी की पात्रता आर्थिक स्थिति से तय होती है, किंतु परीक्षा हॉल में उत्तर-पुस्तिका का मूल्यांकन अभ्यर्थी की आर्थिक पृष्ठभूमि देखकर नहीं, बल्कि उसके ज्ञान और प्रदर्शन के आधार पर होता है। कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि किसी मेधावी छात्र के बेहतर प्रदर्शन की सीमा नहीं बननी चाहिए। जैसा कि न्यायशास्त्र का स्थापित नियम है—आरक्षण एक सुरक्षा-कवच है, प्रतिभा की छत नहीं।

प्रतियोगी परीक्षाओं में व्यवस्था का सिद्धांत पारदर्शी और न्यायसंगत होना चाहिए—आरक्षण कमजोर को सहारा देने के लिए है, मेधावी के अवसर छीनने के लिए नहीं। ईडब्ल्यूएस होना किसी अभ्यर्थी की प्रतिभा का दायरा सीमित नहीं करता; यदि उसमें क्षमता है, तो खुली प्रतियोगिता का द्वार उसके लिए भी उतना ही खुला होना चाहिए जितना किसी अनारक्षित प्रतियोगी के लिए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## कोरस



संजय एम तराणेकर

### सिस्टम का बोझ और बुजुर्ग की पीठ..!

ज़नाब जूते न गंदे हो जाएं युवा साहब के,
देखों इंसानियत को कीचड़ में बहा दिया।
इस उम्र में उन्हें लाठी का सहारा देना था,
उस उम्र में बुजुर्ग को ही घोड़ा बना दिया।

कुर्सी का नशा आँखों पर इस कदर छाया,
सफ़ेद बालों-झुर्रियों का सम्मान भूल गए।
यह सीधी की माटी गवाह है इस शर्म की,
जहां हाकिम अपनी ही पहचान भूल गए।

वो रीढ़ जो झुक चुकी थी वक्त के थपेड़ों से,
उस पर व्यवस्था का बेदर्द बोझ लाद दिया।
नाले का पानी तो फिर भी साफ़ हो जाएगा,
इस आचरण ने हरेक इंसान को रुला दिया।

सत्ता की हनक में मत भूलो ओ पटवारीजी,
कि यह बुजुर्ग ही हमारे देश की बुनियाद हैं।
जो आज अपनी पीठ पर भी तुम्हें ढो रहे हैं,
हद है बदतमीजी की हम पीढ़ी खो रहें हैं।

*(संदर्भ - युवा पटवारी ने 65 वर्षीय बुजुर्ग की पीठ पर बैठ नाला पार किया।)*



# योगी-अखिलेश की सियासत में जमीन से सोशल मीडिया तक संग्राम

अजय कुमार

उत्तर प्रदेश की राजनीति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच की चुनावी तनातनी अब केवल राजनैतिक रैलियों या सदन के पटल तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि सोशल मीडिया पर भी यह संघर्ष एक बेहद आक्रामक और वर्चुअल जंग का रूप ले चुका है। जैसे-जैसे आगामी विधानसभा चुनावों का समय नजदीक आ रहा है, दोनों दलों के बीच राजनीतिक और वैचारिक द्वंद के तौर-तरीके भी पूरी तरह बदल चुके हैं। अब मंच के भाषणों से ज्यादा एक्स (पूर्व में ट्विटर), इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड होने वाले तीखे वीडियो, मीम्स, एआई जनरेटेड कंटेंट और ताबड़तोड़ बयानों ने मुख्य राजनीतिक युद्धभूमि का स्थान ले लिया है। इस वर्चुअल रणक्षेत्र में दोनों नेता एक-दूसरे की नीतियों, व्यक्तिगत छवि और राजनीतिक अतीत को कटघरे में खड़ा करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों और सोशल मीडिया ट्रेंड्स का खुलकर इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे उत्तर प्रदेश का राजनीतिक पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है।

ताजा मामला आज का है, जब सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सहारनपुर दौरे के दौरान उनके हेलीकॉप्टर को उतरने की अनुमति न मिलने पर सियासी आरोप-प्रत्यारोप का दौर गरमा गया। समाजवादी पार्टी ने इस घटना को सत्ताधारी दल की गहरी राजनीतिक बौखलाहट और तानाशाही रवैये का प्रतीक करार दिया है। पार्टी नेताओं का आरोप है कि बढ़ते जनाधार से घबराई भारतीय जनता पार्टी सरकार जानबूझकर विपक्षी दलों के कार्यक्रमों में प्रशासनिक अड़ंगे लगा रही है, ताकि लोकतंत्र की आवाज को दबाया जा सके। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी और प्रशासनिक अधिकारियों ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि हेलीकॉप्टर की लैंडिंग की अनुमति सुरक्षा और ऐनवक्त पर तय किए गए सुरक्षा मानकों के अनुपालन न होने के कारण नहीं दी गई थी। सत्तारूढ़ दल का कहना है कि विपक्ष हर प्रशासनिक प्रक्रिया को राजनीतिक रंग देकर सनसनी फैलाने की कोशिश करता है और कानून के नियमों से ऊपर उठकर काम करना चाहता है। इस पूरे प्रकरण ने एक बार फिर से राज्य में सत्ता पक्ष और मुख्य विपक्षी दल के बीच की राजनीतिक रस्साकशी को और अधिक तीखा बना दिया है, जहां हर छोटी घटना पर दोनों दल एक-दूसरे को कटघरे में खड़ा करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं।

प्रदेश की राजनीति में इस हाई-टेक टकराव का सबसे बड़ा और प्रमुख आधार धार्मिक और सांस्कृतिक मुद्दे बने हुए हैं, जिनमें विशेष रूप से अयोध्या और राम मंदिर से जुड़े विषय शामिल हैं। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से मंदिर निर्माण में दान और चढ़ावे में हेराफेरी जैसे गंभीर और संवेदनशील मुद्दों को उठाकर सीधे तौर पर सरकार की पारदर्शिता को कटघरे में खड़ा किया है। इसके जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा खेमे ने भी सोशल मीडिया पर आक्रामक रुख अपनाते हुए विपक्ष पर सनातन आस्था को ठेस पहुंचाने और धार्मिक स्थलों की गरिमा को धूमिल करने के षड्यंत्र रचने का करारा आरोप लगाया है। इस वैचारिक और डिजिटल रस्साकशी के दौरान कई बार मामला तब और अधिक बिगड़ जाता है, जब दोनों तरफ से एआई-जनरेटेड वीडियो या डिजिटल कैरिकेचर का इस्तेमाल करके एक-दूसरे के शीर्ष नेतृत्व को सीधे तौर पर निशाना बनाया जाता है। इस तरह के विजुअल और ऑडियो टूल्स के जरिए जब तीखे व्यंग्य और आरोप प्रसारित किए जाते हैं, तो इंटरनेट पर दोनों दलों के समर्थकों के बीच एक वर्चुअल युद्ध छिड़ जाता है, जो कई बार राजनीतिक मर्यादाओं की सीमा को भी लांघने लगता है।



डिजिटल जंग का दूसरा सबसे बड़ा और धारदार आधार कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक कार्यशैली और व्यक्तिगत आक्षेप हैं, जिन्हें दोनों नेता अपनी-अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए मुख्य हथियार बना रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी हर सभा और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सपा के पुराने शासनकाल को गुंडाराज, माफिया राज और तुष्टीकरण की पराकाष्ठा के रूप में चित्रित करते हैं, वहीं वे समाजवादी पार्टी को परिवार का सिंडिकेट करार देते हुए यह साबित करने की कोशिश करते हैं कि इस पार्टी की पूरी धुरी केवल एक ही परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। इसके विपरीत, अखिलेश यादव सोशल मीडिया पर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले को आगे बढ़ाते हुए मौजूदा सरकार पर तानाशाही, बेरोजगारी, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ और भेदभावपूर्ण प्रशासनिक कार्रवाई के गंभीर आरोप मढ़ते हैं। अखिलेश यादव अक्सर मुख्यमंत्री के दौरों, उनके भाषणों के तेवर और प्रशासनिक कदमों पर सवाल उठाते हुए तीखे व्यंग्य भरे पोस्ट करते हैं, जिनका सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता और खुद मुख्यमंत्री आंकड़ों और तीखे बयानों के साथ पलटवार करते हैं। यह डिजिटल और सियासी द्वंद्व इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आने वाले चुनावों में जीत-हार का फैसला केवल रैलियों से नहीं, बल्कि जनमानस की सोच को सोशल मीडिया के जरिए प्रभावित करने की क्षमता से भी तय होगा। जब भी सत्ता पक्ष की ओर से कोई विकास परियोजना का उद्घाटन किया जाता है या कोई बड़ा नीतिगत निर्णय लिया जाता है, तो विपक्ष फौरन डिजिटल प्लेटफार्म्स पर उसके दूसरे पहलुओं को उजागर कर देता है, और इसके उलट विपक्ष के हर हमले का जवाब देने के लिए सत्ताधारी दल का आईटी सेल और वरिष्ठ नेता पूरी मुस्तैदी से मैदान में डटे रहते हैं।

इस वर्चुअल संघर्ष ने न केवल राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को बेहद व्यक्तिगत और आक्रामक बना दिया है, बल्कि आम जनता और खासतौर पर युवा वर्ग के स्मार्टफोन की स्क्रीन पर हर पल राजनीतिक सरगर्मी को जिंदा रखा है। दोनों ही नेता जनता के बीच यह संदेश देने की होड़ में हैं कि कौन उत्तर प्रदेश के असल मुद्दों का सच्चा हितैषी है और कौन केवल डिजिटल प्रोपेगैंडा में व्यस्त है, जिसके चलते यह चुनावी जंग अब एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुकी है जहां हर एक ट्वीट, हर एक वीडियो और हर एक बयान का राजनीतिक नफा-नुकसान बहुत दूर तक असर डालता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### किशोरी ने युवक पर दुष्कर्म का लगाया आरोप, दिया प्रार्थनापत्र

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के एक गांव की साढ़े 15 वर्षीय किशोरी ने उमरी गांव निवासी संदीप कुशवाहा पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए थाने में प्रार्थनापत्र दिया है। किशोरी के मुताबिक मंगलवार शाम वह खेत में घास काटने गई थी। तभी संदीप अपने साथी दिनेश के साथ बाइक से आया और उसे तिल के खेत में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर चरवाहों के पहुंचने से दोनों आरोपी भाग गए। बुधवार को पिता के साथ थाने पहुंचकर शिकायत की। थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनने पर अरविंद मुखिया का जगह-जगह स्वागत



**मुस्करा (हमीरपुर)।** गोहांड ब्लॉक प्रमुख अरविंद मुखिया को भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर प्रथम बार जनपद आगमन पर भाजपाइयों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया। मुस्करा कस्बे में जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद, पीसीयू उपसभापति बृज किशोर गुप्ता, साधन सहकारी समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जिला मंत्री अभिषेक तिवारी, मंडल अध्यक्ष शक्ति चौरसिया, दिग्विजय पाठक, आशा त्रिवेदी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रीति द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि करन सिंह राजपूत व पूर्व जिला मंत्री कुबेर सिंह राजपूत समेत कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं और ढोल-बाजे के साथ स्वागत किया। युवा मोर्चा के पवन शिवहरे व मंडल अध्यक्ष श्लोक अग्रवाल ने कहा कि अरविंद मुखिया बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करेंगे। बसवारी में पंचायत राजपूत, चिल्ली में अजय पाल राजपूत तथा बिहुनी में अपनी बाबा के नेतृत्व में भी स्वागत हुआ।

### श्रीकृष्ण छठी पर सजा दंगल, पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

**कुरारा।** विकासखंड क्षेत्र के झलोखर गांव में श्रीकृष्ण छठी महोत्सव के अवसर पर पारंपरिक विशाल दंगल का आयोजन हुआ। दंगल में आसपास के गांवों से हजारों दर्शक पहुंचे और पहलवानों का उत्साह बढ़ाया। विभिन्न क्षेत्रों से आए पहलवानों ने जोरदार कुश्तियों में अपने दांव-पेंच और दमखम का प्रदर्शन किया। पहली कुश्ती में छोटू खपटिहा ने सौरभ कानपुर को हराया। अंकित इंगोहटा और पवन टेढ़ा की कुश्ती बराबरी पर रही। गोविंद खरौंज-कुलदीप टेढ़ा तथा कल्लू इंगोहटा-मदन खपटिहा के मुकाबले भी बराबरी पर छूटे। दंगल में दो दर्जन से अधिक कुश्तियां हुईं। बाबूलाल पहलवान और रामकिशुन नन्ना ने रेफरी की भूमिका निभाई। आयोजन में क्षेत्र पंचायत सदस्य ओमकार नाथ द्विवेदी समेत कई लोग मौजूद रहे।

हृदय गति रुकने से परमहंस इंटर कालेज के प्रधानाचार्य का निधन

**सुमेरपुर।** कस्बे में संचालित परमहंस बुंदेलखंड इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य का बुधवार की तड़के हृदय गति रुकने से कानपुर में निधन हो गया। दिनेश चंद्र द्विवेदी (58) वर्ष धर्मशेर बाबा मोहल्ले में संचालित परमहंस बुंदेलखंड इंटर कॉलेज में पिछले 22 साल वर्षों से प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत थे। उनकी पत्नी भाजपा नेत्री नीतू द्विवेदी ने बताया कि बुधवार को तड़के 3:00 बजे उनको घर पर ही हार्ट अटैक पड़ गया। वह तत्काल उन्हें कानपुर के हृदय रोग संस्थान लेकर पहुंची। यहां पर डॉक्टरों ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया।

### जन्माष्टमी महोत्सव में भजनों से गूंजा खाती बाबा

**झांसी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर खाती बाबा स्थित मनोज मैरिज गार्डन में 'जलसा मेरे श्याम का' संकीर्तन महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संदीप सरावगी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। महोत्सव में भजन-कीर्तन के साथ श्री खाटू श्याम का भव्य दरबार, अखंड ज्योति, छप्पन भोग और पुष्पवर्षा आकर्षण का केंद्र रहे। भजन गायकों ने प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्तिमय वातावरण में सराबोर किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की डॉ. संदीप सरावगी ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन धर्म, कर्म, सत्य और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में मुरलीधर शर्मा सहित भजन गायक, खाटू श्याम संकीर्तन परिवार एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### छात्राओं को साइबर अपराध से बचने के बताए उपाय

**गुरसराय।** नगर के खैर इंटर कॉलेज के बालिका विभाग में पुलिस विभाग की ओर से छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी के संयोजन में थाना प्रभारी अखिलेश द्विवेदी के निर्देशन में आयोजित हुआ साइबर सेल के कांस्टेबल सूरज चौरसिया ने छात्राओं को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और 112 की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्राएं अपना व्यक्तिगत विवरण किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। साइबर अपराध की घटना होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर या थाने में सूचना दें। उन्होंने छात्राओं से संस्कारवान बनने और माता-पिता व गुरुजनों का सम्मान करने की भी अपील की। कार्यक्रम में कांस्टेबल सचिन वर्मा, महिला कांस्टेबल आशी गौड़, बालिका विभाग प्रभारी कैलाश प्रकाश गुप्ता, डॉ. विवेक मुदगल, राजेश चंद्र, राजेंद्र प्रसाद, प्रदीप कुमार स्वर्णकार, सुनील व्यास, संजय दोन्दे, रिया, राम प्रकाश पचौरी, सरजू शरण पाठक, कौशलेश मिश्रा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रामपुरा (जालौन)।** थाना क्षेत्र के ग्राम बहराई में बुधवार सुबह युवक ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बहराई निवासी प्रशांत पुत्र ओमप्रकाश याज्ञिक 19 वर्ष बुधवार सुबह घर के एक कमरे में चला गया। काफी देर तक जब उसने कमरे की छत के कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। घटना के समय उसकी मां पशुओं के लिए चारा लेने खेत पर गई थीं। सुबह देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो उसकी बहन खुशबू को चिंता हुई। उसने खिड़की से कमरे के अंदर झांककर देखा तो प्रशांत फांसी के फंदे पर लटका हुआ दिखाई दिया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक शिव प्रकाश सिंह और उपनिरीक्षक लाल बहादुर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटना के संबंध में परिजनों व ग्रामीणों से जानकारी जुटाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### खेत में किसान की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय कस्बे में रहने वाले एक ग्रामीण की उस समय मौत हो गई, जब वह अपने खेत पर कृषि संबंधी कार्य कर रहा था। काफी देर घर वापस न आने पर उसके परिजन जब उसे ढूंढते हुए खेत पर पहुंचे, तो वह खेत में मृतक अवस्था में पड़ा हुआ मिला। हालांकि उसके परिजनों से तत्काल खेत से उठाया और मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां परीक्षण के दौरान किसानों को मृतक घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कस्बा जाखलौन निवासी 35 वर्षीय रूप सिंह पुत्र नाथूराम मंगलवार की दोपहर अपने खेत पर खेती किसानी का काम करने की कहकर खेत पर गया हुआ था।

### मां की डांट पर छात्रा ने फांसी लगा की खुदकुशी

**बांदा।** शहर के जरैली कोठी निवासी खुशी (13) पुत्री बेटू यादव ने मंगलवार की शाम मकान की दूसरी मंजिल में बने कमरे में दरवाजे की चौखट पर साफी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कुछ देर बाद कमरे आए छोटे भाई बहन ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के चचेरे भाई अशोक ने बताया कि खुशी शहर के भागवत प्रसाद इंटर कालेज में कक्षा छह में पढती थी। 20 दिन से स्कूल न जाने पर मां ने डांट दिया। मां की डांट से नाराज होकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

# पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलन का आयोजन

- पुलिसकर्मियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**

पुलिस लाइन स्थित सभागार में बुधवार को पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक, सर्किल सदर के प्रभारी निरीक्षक, थाना प्रभारी, विभिन्न शाखाओं के प्रभारी व कर्मचारी मौजूद रहे। सम्मेलन में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल की कार्यकुशलता, अनुशासन और ड्यूटी निर्वहन की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आमजन के साथ संवेदनशील एवं जनोन्मुखी व्यवहार करने तथा शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। अन्य थानों के प्रभारियों की समस्याएं व सुझाव वर्चुअल माध्यम से सुने गए। बेहतर पुलिसिंग और कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया गया।

### सर्पदंश से बच्चे की मौत, पिता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

**कुरारा।** कस्बे के वार्ड सात निवासी पंकज गुप्ता के आठ वर्षीय पुत्र कान्हा की सर्पदंश के बाद इलाज के दौरान कानपुर में मौत हो गई। पिता ने मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरारा के चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया कि 27 अगस्त को घर में खेलते समय कान्हा को सांप ने काट लिया था। परिजन उसे सीएचसी कुरारा लेकर पहुंचे, जहां आरोप है कि चिकित्सक ने उपचार किए बिना जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पिता के बार-बार अनुरोध के बावजूद एएसवी नहीं लगाया गया। कान्हा की बाद में कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## यमुना पुल पर भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अरविंद राजपूत का हुआ स्वागत



**हमीरपुर।** बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार यमुना पुल पर भाजपा के कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अरविंद राजपूत के प्रथम आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। भाजपा जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार उर्फ रज्जन भैया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता यमुना पुल पहुंचे और माल्यार्पण कर नवनियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। इसके बाद भाजपा कार्यालय में दुष्यंत सिंह परिहार उर्फ रज्जन भैया ने अरविंद राजपूत को प्रभु श्रीराम का चित्र सप्रेम भेंट कर उनका सम्मान किया। पार्टी कार्यालय जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद किशन व्यास के अलावा भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तीजा मेला में तैनात होगा भारी पुलिस फोर्स, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सर्किल अफसर करेंगे निगरानी

**सुमेरपुर।** तीजा मेला की सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला पुलिस प्रशासन ने ठोस इंतजाम किए हैं। इस वर्ष मेले में 352 पुलिसकर्मी तैनात होंगे। इसके अलावा दो सेक्शन पीएसी बल के साथ दो फायर दस्ता मेले में मौजूद रहेंगे। मेले के तीन सेक्टरों में बांटा गया है। सभी सेक्टर में मजिस्ट्रेट और सर्किल अफसर तैनात होंगे। पशु बाजार में मेला स्थापित किया जाएगा। यहीं से पुलिसकर्मियों की आमद कराकर ड्यूटी बिंदु के लिए रवानगी की जाएगी। थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने बताया कि तीजा महोत्सव को तीन सेक्टर में बांट कर तीन अस्थाई चौकी के साथ अस्थाई मेला थाना स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 275 सिपाही, 66 सब इंस्पेक्टर तथा 11 इंस्पेक्टर तैनात होंगे। इनके अलावा दो सेक्शन पीएसी के साथ दो फायर दस्ता तैनात किए जाएंगे। तीनों सेक्टरों के लिए अलग-अलग मजिस्ट्रेट और सर्किल ऑफिसर तैनात होंगे। थानाध्यक्ष ने बताया कि एक सेक्टर में छोटी बाजार, हरचंदन तालाब, श्रीकृष्ण मंदिर को रखा गया है। जबकि दूसरे सेक्टर में रामलीला मैदान को शामिल किया गया। तीसरे सेक्टर में पशु बाजार मेला मैदान, त्रिवेणी मैदान को रखा गया है। तीजा महोत्सव से जुड़े प्रमुख कार्यक्रम इन्हीं तीन स्थानों पर संपन्न होते हैं। उन्होंने बताया कि कस्बे की छोटी बाजार से शोभायात्रा तैयार होकर श्रीकृष्ण मंदिर आती है।

## राष्ट्रीय पोषण माह में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का हुआ अन्नप्राशन



**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से बुधवार को कुछेछा स्थित कल्प वृक्ष सभागार में 9वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।कार्यक्रम में वाराणसी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। इस दौरान आहार विविधता, पर्याप्त प्रोटीन, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और कुपोषण की रोकथाम पर जोर दिया गया।जनपद में पोषण माह 9 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चलेगा। आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों, किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को संतुलित आहार और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में दो गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और दो बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी इन्द्रपाल सिंह सहित विभागीय अधिकारी व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

## एक रात में चार स्थानों पर चोरी

- नकदी, जेवरात, बाइक और शराब समेत लाखों का माल पार

**सुमेरपुर।** अज्ञात चोरों ने थानाक्षेत्र के चार अलग-अलग स्थानों पर मंगलवार की रात चोरी की वारदातों को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दी। चोरों ने एक घर में सेंध लगाकर नगदी व जेवरात, दो शराब ठेकों से नगदी व शराब तथा एक स्थान से दो बाइक चोरी कर लीं। चारों घटनाओं में चोर लाखों रुपये का माल पार कर ले गए। बिरखेरा गांव के दयाराम प्रजापति ने बताया कि चोर मकान की दीवार में सेंध लगाकर यहां से सात हजार की नगदी तथा करीब दो लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। पचखुरा खुर्द की देसी शराब ठेकेदार उमेश गुप्ता ने बताया कि बीती रात चोरों ने निशाना बनाया। यहां से 96 हजार रुपये की नकदी और 29 पेटी देसी शराब चोरी कर ली। पंधरी निवासी राजकुमार यादव ने बताया कि उसकी सौंखर में शराब दुकान है।बीती रात चोर 303 क्वार्टर देसी शराब और 1500 रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। इसी तरह हर्षित सिंह मकरंदपुर एवं तेजपाल





बिवांर ने बताया कि वह कुंडौरा गांव के पास बजरंगबली आश्रम के बाहर खड़ी बाइकें चोरी हो गई है। सुबह चोरी की घटनाओं की जानकारी होने पर पुलिस ने सभी स्थानों पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच शुरू कर दी।थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने बताया कि चोरी की घटनाओं की सूचना मिलने पर पुलिस बल भेजकर जांच कराई जा रही है। जांच के बाद संबंधित मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर खुलासा किया जाएगा।

## बेतवा नदी में डूबे दो सगे भाइयों के शव 24 घंटे बाद बरामद

- नाव पलटने से हुआ था हादसा
- एसडीआरएफ और गोताखोरों ने चलाया बचाव अभियान

**बरुआसागर।** बेतवा नदी में नाव पलटने से डूबे दो सगे भाइयों के शव करीब 24 घंटे चले बचाव अभियान के बाद बुधवार को बरामद कर लिए गए। बरुआसागर पुलिस, गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम ने नोटघाट स्थित बेतवा क्लब के पास से पहले मनीष रैंकवार (23) का शव सुबह करीब सात बजे बरामद किया। कुछ घंटे बाद उसके भाई महेंद्र का शव भी उसी स्थान के आसपास मिल गया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज झांसी भेज दिया।जानकारी के अनुसार कटरा मोहल्ला, बरुआसागर निवासी राजू रैंकवार अपने दोनों बेटों महेंद्र और मनीष को लेकर बनगुवां नदी किनारे पहुंचा था। राजू दोनों बेटों को नदी किनारे छोड़कर कुछ दूरी पर शौच के लिए चला गया। इसी दौरान दोनों भाइयों ने नाव चलाने का प्रयास किया। तेज बहाव के कारण नाव अनियंत्रित होकर पलट गई और दोनों नदी में डूब गए। दोनों भाइयों को तैरना नहीं आता था। राजू के लौटने पर मछुआरों ने उसे घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस, गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम ने लगातार करीब 25 घंटे तक नदी में तलाश अभियान चलाया और दोनों शव बरामद किए।

## महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में 'युवा संवाद' कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**

युवाओं को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक दायित्व, सेवा भावना और सकारात्मक सोच के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झांसी में 'युवा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं से अपने ज्ञान, प्रतिभा और ऊर्जा का उपयोग समाज एवं राष्ट्र के विकास में करने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. सुधीर कुमार, प्राचार्य, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झांसी रहे, जबकि मुख्य वक्ता डॉ. ललित ने युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और उनकी ऊर्जा, प्रतिभा तथा सकारात्मक सोच राष्ट्र के भविष्य को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती





है। डॉ. ललित ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विद्यार्थियों एवं युवाओं का दायित्व और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे समाज के स्वास्थ्य एवं कल्याण में प्रत्यक्ष योगदान देते हैं। उन्होंने युवाओं को अनुशासन, संवेदनशीलता, सेवा भावना तथा निरंतर सीखने की प्रवृत्ति को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।मुख्य अतिथि प्रो. सुधीर कुमार ने कहा कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा उन्हें सामाजिक सरोकारों से जोड़ने के लिए इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हुए समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को अपने पेशेवर दायित्वों के साथ मानवीय संवेदनाओं और सेवा भावना को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में भावी चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर प्रचारक यश, सह महानगर प्रचारक मयंक, सह नगर कार्यवाह यशवंत द्विवेदी,विभाग विद्यार्थी प्रमुख अकिंचन, नगर विद्यार्थी प्रमुख शिवम , भारत भूषण, दीपक सहित महाविद्यालय के चिकित्सक, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में मेडिकल विद्यार्थी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सेवा, नेतृत्व, संवेदनशीलता, सामाजिक दायित्व और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करना रहा। वक्ताओं ने युवाओं से सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ते हुए समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में डॉ. सुनील पांडेय, संगठन मंत्री, एनएमओ कानपुर प्रांत ने अतिथियों एवं उपस्थित सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं बाल विद्या मंदिर गुरसराय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता जिला संघचालक महेंद्र रहे।

### दरोगा की पत्नी को जहर देकर मारने का आरोप

**महोबा।** जिले के अजनर थाना क्षेत्र के टिकरिया जैतपुर निवासी अनुज सिंह राजपूत इटावा जिले के जैतपुर में एसआई के पद पर कार्यरत हैं। हाल ही में अनुज अपनी पत्नी संगीता और एक साल के बेटे के साथ गांव टिकरिया आए थे। मंगलवार शाम अनुज की पत्नी संगीता की अचानक तबीयत खराब हो गई। उन्हें छतरपुर, मध्यप्रदेश ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने संगीता को मृत घोषित कर दिया। संगीता के माता-पिता को जब यह खबर मिली, तो वे टिकरिया पहुंचे। थाने में संगीता के पिता योगेंद्र सिंह राजपूत ने लिखित शिकायत दी। उन्होंने बताया कि जुलाई 2024 में उन्होंने अपनी बेटी संगीता (26) की शादी महोबा जिले के अजनर थाना क्षेत्र के टिकरिया निवासी अनुज सिंह राजपूत से की थी। शादी में दहेज के तौर पर सोने-चांदी के जेवरात, लाखों रुपये नकद और फतेहपुर जिले के जहानाबाद में अपने गांव में हाईवे किनारे एक प्लॉट भी बेटी के नाम करके दिया था।

## 'जैव विविधता संरक्षण को प्रकृति के साथ संतुलन जरूरी'

- हिमालय केवल पर्वत नहीं, भारत का स्वाभिमान है: प्रो. मुकेश पाण्डेय

**झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के प्राणिविज्ञान विभाग की ओर से हिमालय दिवस पर कुलपति सम्मेलन कक्ष में 'Himalayan Ecosystem and Biodiversity Conservation' विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। हाइब्रिड मोड में हुई संगोष्ठी की अध्यक्षता कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने की, जबकि मुख्य अतिथि असिस्टेंट कमिश्नर फूड पवन कुमार रहे। पवन कुमार ने कहा कि जैव विविधता के संरक्षण के लिए प्रकृति के साथ संतुलन जरूरी है। हिमालय जल, वन, वन्यजीव और औषधीय वनस्पतियों के साथ समृद्ध जैव विविधता का भंडार है।



उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग में संरक्षण और भावी पीढ़ियों की जरूरतों को ध्यान में रखने पर जोर दिया।कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने कहा कि हिमालय भारत के लिए केवल पर्वत श्रृंखला नहीं, बल्कि देश का स्वाभिमान है। जल संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन में कमी, पुनर्चक्रण, खाद्य बर्बादी रोकने और कचरा प्रबंधन जैसी छोटी पहल पर्यावरण संरक्षण में बड़ा बदलाव ला सकती हैं। उन्होंने जलवायु अस्थिरता, ग्लेशियरों के पिघलने और बादल फटने जैसी घटनाओं पर चिंता जताते हुए पर्यावरण हितैषी गतिविधियों को अपनाने का आह्वान किया। इंडोनेशिया के पापुआ विश्वविद्यालय से ऑनलाइन जुड़ी मुख्य वक्ता डॉ. वीटा मेयलानी ने स्थानीय समुदायों के ज्ञान और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जैव विविधता संरक्षण के समग्र प्रयासों पर जोर दिया। कार्यक्रम में स्मारिका और 'Blossoming of Natural Talent' पुस्तक का विमोचन किया गया। तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में कुलसचिव ज्ञानेन्द्र कुमार, वित्त अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक राज बहादुर, आयोजन सचिव डॉ. सत्यवीर सिंह, समन्वयक डॉ. आदित्य नारायण सहित शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## नवविवाहिता की फंदे से लटकी मिली लाश



**महोबा।** महोबा के रामनगर मोहल्ले में नवविवाहिता पूर्वी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मंगलवार शाम वह अपने कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। ससुराल वाले उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर दीपक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। श्रीनगर थाना क्षेत्र के कैमाहा गांव निवासी रामकुमार तिवारी की बेटी पूर्वी की शादी 3 मई 2026 को रामनगर निवासी हिमांशु गंगेले से हुई थी। पति हिमांशु के मुताबिक, शाम को पूर्वी चाय बनाने के लिए कमरे में गई थी। काफी देर तक बाहर नहीं आई तो परिजनों ने जाकर देखा। वह फंदे पर लटकी मिली। इसके बाद उसे जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। पूर्वी की मौत की खबर से मायके वाले सदमे में हैं। उनका कहना है कि मंगलवार शाम करीब 4 बजे पूर्वी ने अपनी भाभी से वीडियो कॉल पर बात की थी। उस समय वह बिल्कुल सामान्य और खुश नजर आ रही थी। इसके करीब एक घंटे बाद शाम 5 बजे उसकी मौत की खबर परिवार तक पहुंची। अचानक हुई इस घटना से मायके पक्ष के लोग हैरान हैं। मायके पक्ष के रिश्तेदार राजकुमार वाजपेयी ने बताया कि अभी तक उनकी ससुराल वालों से सीधी बात नहीं हो सकी है और न ही वे शव को ठीक से देख पाए हैं। वहीं पति हिमांशु का कहना है कि घर में किसी तरह का विवाद नहीं था।

## आगामी त्योहारों को लेकर जिला प्रशासन सतर्क शांति समिति की बैठक में दिए कड़े निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, ललितपुर।**

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी त्योहारों जैसे गणेश उत्सव, जल विहार, विश्वकर्मा जयंती, अनंत चतुर्दशी, जैन पर्यूषण पर्व और ग्यारहवीं शरीफ आदि के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सुरक्षा, साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं को लेकर सख्त रुख अपनाया गया। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी प्रशासनिक, पुलिस और विभागीय अधिकारियों को



त्योहारों के मद्देनजर व्यवस्थाओं व कानून व्यवस्था के सम्बंध में कड़े निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने पुलिस प्रशासन को सभी संवेदनशील क्षेत्रों, जुलूस मार्गों और पूजा पंडालों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निरंतर पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए। विद्युत वितरण खंड और जल संस्थान के अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी गई है कि त्योहारों के दौरान बिजली कटौती न हो और पेयजल की सुचारू आपूर्ति बनी रहे। सफाई और सुगम यातायात के लिए नगर पालिका परिषद और पंचायत राज विभाग को पूरे जनपद में विशेष सफाई अभियान चलाने तथा यातायात प्रभारी को रूट डायवर्जन व पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए, ताकि आम जनता को कोई असुविधा न हो। उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर क्षेत्राधिकारी, जल निगम, जल संस्थान, विद्युत, नगर पालिका सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों को जल विहार वाले प्रमुख मार्गों का पैदल भ्रमण करें और एक सप्ताह के भीतर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करायें।

### अवैध गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार



**बांदा।** शहर कोतवाली पुलिस ने अवैध गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने गुटखा बनाने की मशीन, तंबाकू-सुपारी, रैपर और अन्य निर्माण सामग्री बरामद की। पुलिस के मुताबिक चोरी-छिपे घर के अंदर अवैध तरीके से नकली और अपमिश्रित गुटखा तैयार कर बाजार में खपाने की तैयारी थी। शहर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को शाम शंकरनगर स्थित मकान में छापामार कार्रवाई करके अवैध गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए चंद्रप्रकाश उर्फ चंदू को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। छापामारी के दौरान पुलिस ने गुटखा बनाने की मशीन, करीब 73 किलोग्राम मिश्रित तंबाकू व कटी सुपाड़ी, करीब तीन किलो विभिन्न नामों की गुटखा पुड़िया, करीब 40 किलोग्राम 'शुभम' लिखे रैपर, करीब छह किलोग्राम 'जबर' लिखे रैपर और इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन बरामद की। पुलिस ने बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब 3.5 लाख रुपये बताई। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह कानपुर से गुटखा निर्माण की सामग्री लाकर पिछले कई दिनों से मकान में गुटखा तैयार कर रहा था। तैयार गुटखे की आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई किए जाने की बात भी सामने आई है। पुलिस अब इस कारोबार से जुड़े सप्लायरों और खरीदारों के बारे में जानकारी जुटा रही है। सहायक एसपी मेविस टाक ने बताया कि आरोपी के खिलाफशहर कोतवाली में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम समेत अन्य सुसंगत धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## हिंदू नहीं, पीडीए खतरे में है सावधान रहें लोग, बटोगे तो कटोगे: श्यामलाल पाल

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।**

हिंदू खतरे में नहीं, पीडीए खतरे में है। सावधान रहें लोग, बटोगे तो कटोगे ये बात समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने बुधवार को शहर के कोंच रोड स्थित मधुवन विला में आयोजित समाजवादी पार्टी की पीडीए सम्मेलन संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग यह कहकर पिछड़ा, दलित लोगों के वोट ले लेते हैं कि हिन्दू खतरे में है। हकीकत यह है कि हिंदू खतरे में नहीं है, बल्कि पीडीए के लोग ख़तरे में है। उनका हक और अधिकार, आरक्षण उनसे छीना जा रहा है। सरकार पीडीए के साथ नफरत



और भेदभावपूर्ण व्यवहार कर रही है, कहा कि पढ़े लिखे नौजवान नौकरी के लिए भटक रहे हैं। नीट परीक्षा सहित 22 परीक्षाओं में पेपर लीक के बजह से न जाने कितने छात्रों की जाने चली गई। भाजपा सरकार ने प्रदेश में 26 हजार स्कूल बंद कर दिए हैं। कहा कि सपा सरकार में शिक्षा को बढ़ावा दिया जायेगा। बंद स्कूल खोले जायेंगे साथ ही इंटर कॉलेज और विश्वविद्यालय बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में महिलाओं को चालीस हजार रुपए पेंशन मिलेगी। पुलिस की भर्ती परीक्षा से नहीं सिर्फ दौड़ पास करने से ही मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का गोरखधंधा चल रहा है। मंदिर से चंदा चोरी और किसानों की खाद की बोरी में दस किलो की चोरी हो रही है। परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहें हैं। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया है। इस मौके जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, जिला महासचिव जमालुद्दीन, एमएलसी मान सिंह यादव, पूर्व मंत्री श्रीराम पाल, पूर्व विधायक शिवराम कुशवाहा, पूर्व मंत्री हरिओम उपाध्याय, पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# केंद्रीय सड़क निधि से भेजे गए सभी प्रस्ताव केंद्र ने किए निरस्त

- दिशा की बैठक में राहुल ने लगाये केंद्र सरकार पर भेदभाव के आरोप
- राहुल के होमवर्क पर जवाब तलाशते रहे अधिकारी
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनी पांच सड़कों की जर्जर हालत वाली फोटो दिखाई




दिशा की बैठक को सम्बोधित करते सांसद राहुल गांधी

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण (दिशा) की बैठक में केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन को नेता प्रतिपक्ष व जिले के सांसद राहुल गांधी ने कई बार आइना दिखाया। एक-एक बिंदु पर उन्होंने केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों की खूब क्लास ली। उन्होंने उत्तर प्रदेश के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार पर खूब निशाने साधे। कहा कि केंद्रीय सड़क निधि (सीआरएफ) से फंड के लिए राज्य सरकार द्वारा भेजे गए सारे प्रस्ताव केंद्र सरकार ने रिजेक्ट कर दिए। भारत सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना पर भी तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि योजना का प्रचार ज्यादा है, काम कम है। पूछताछ करने पर उन्हें बताया गया कि प्रचार पर 10 प्रतिशत ही धन खर्च करने का प्रावधान है। हालांकि मीटिंग में मौजूद मंत्रियों और भाजपा विधायक योजना की खूबियां गिनाकर बचाव करते दिखे। डीएम ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की उपलब्धि गिना रही थीं लेकिन होमवर्क करके आए नेता प्रतिपक्ष ने पीएमजीएसवाई से बनीं पांच सड़कों- कुचरिया-विश्वनाथगंज, भवानीगढ़-बहुधा, डलमऊ-जगतपुर, दरीबा-कठघर, सुल्तानपुर खेड़ा-सहजौरा की एनलार्ज फोटो दिखाते हुए पूछा कि अगर योजना का क्रियान्वयन अच्छा है तो ये सड़कें खराब क्यों हैं। राहुल गांधी ने करीब 15 मिनट तक ग्रामीण अभियंता सेवा के अधिकारी की क्लास ली। उन्हें बताया गया कि 2 साल पहले यह सड़कें बनी थीं। संबंधित ठेकेदार का पांच साल का मरम्मत का एग्रीमेंट होता है। इस पर राहुल ने पूछा एग्रीमेंट के बाद सड़क की मरम्मत के लिए राज्य सरकार पैसा देती है कि नहीं।

उन्होने डीएम को निर्देश दिया कि इन सड़कों की तत्काल मरम्मत कराकर हमें सूचित किया जाए।

### बदहाल सड़कों पर भी अफसर के पास नहीं था जवाब

राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने डीएम से पूछा केंद्रीय सड़क निधि से जिले को कितनी सड़कें मिली हैं। उनके इस सवाल का कोई भी अधिकारी जवाब नहीं दे पाया। उन्होंने ही सदन को बताया कि केंद्रीय सड़क निधि (सीआरएफ) से फंड के लिए राज्य सरकार द्वारा भेजे गए सारे प्रस्ताव केंद्र सरकार ने रिजेक्ट कर दिए हैं। एक भाजपा विधायक महाराजगंज हैदरगढ़ की एक रोड का जिक्र करते हुए बताने की कोशिश की कि केंद्रीय सड़क निधि से यह सड़क बनी है। डीएम ने बताया कि यह सड़क सुल्तानपुर डिवीजन के अंतर्गत है। सुल्तानपुर डिवीजन के अधिकारी मीटिंग से गायब थे।

### सांसद और विधायक में मोबाइल फोटो पर वॉर

नामित सदस्य किरन देवी ने सलोन विधानसभा क्षेत्र में मोहम्मदाबाद के दुधवा बार्डर से जुदा जगदंब ऋषि की तपोस्थली तक खराब रोड का मुद्दा रखा। क्षेत्रीय भाजपा विधायक अशोक कोरी ने मोबाइल पर सड़क की स्थिति अच्छी होने को दिखाते हुए नामित सदस्य पर गलत जानकारी देने और सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। इस पर गांधी ने बताई गई सड़क की गूगल मैप पर लोकेशन डाउनलोड कराकर सदन और डीएम को दिखाया। उन्होंने कहा कि आपकी जानकारी गलत है। सड़क की वास्तविक स्थिति यह है। उन्होंने डीएम को इस सड़क निर्माण कराने के निर्देश दिए। सांसद ने जनपद में संचालित आंगनबाड़ी केदो के बारे में भी जानकारियां मांगी।

### अमेठी सांसद-राज्यमंत्री में नोंक-झोंक

सांसद के सवालों पर कई बार अधिकारी असहज स्थिति में पहुंच गए। स्थिति संभालने के लिए राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री मनोज पांडेय और दिनेश सिंह को कई बार मोर्चा संभालना पड़ा। भारत सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना पर राहुल गांधी ने विस्तार से जानकारी मांगी। उन्होंने पूछा जिले को कितना बजट इस योजना में मिला। बताया गया कि 30 लाख रुपए मिले हैं। इसका 10 प्रतिशत थी, पब्लिसिटी पर खर्च होता है। इस धनराशि पर भी उन्होंने सवालिया निशान लगाया। राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि संसद को केंद्रीय योजना के बारे में जानकारी नहीं है।

## एमएलसी का गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर



**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति (दृष्टि) की बैठक एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई।

इसमें एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह, सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, सुल्तानपुर विधायक के प्रतिनिधि पुलकित सिंह, बल्दीराय व भदैया ब्लॉक प्रमुख सहित जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

- बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

बैठक में मुख्यमंत्री आवास, सोलर लाइट, एकीकृत बागवानी, डिजिटल लाइब्रेरी, पंचायत भवन, छात्रवृत्ति, शादी अनुदान, बिजली, स्वास्थ्य, जल जीवन मिशन, सड़क निर्माण और खाद्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई।

अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया।

एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

उन्होंने विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने को कहा। जर्जर स्वास्थ्य केंद्रों को दुरुस्त कराने, खराब ट्रांसफार्मर बदलने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए गए।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर पलटा ट्रक

- चालक-खलासी बाल-बाल बचे




**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

गंगा एक्सप्रेसवे के समीप भाव क्षेत्र में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। हाथरस से कोलकाता के लिए अंडे लेकर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में चालक और खलासी खुशकिस्मती से बाल-बाल बच गए, जिन्हें मामूली चोटें आई हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, ट्रक हाथरस से अंडों की बड़ी खेप लादकर कोलकाता के लिए रवाना हुआ था। जैसे ही ट्रक कुण्डा के बाघराय थाना अंतर्गत भाव क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे के पास पहुंचा, अचानक चालक का नियंत्रण छूट गया। अनियंत्रित होकर ट्रक सड़क किनारे पलट गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना के बाद ट्रक में लदे अंडों से भरे दर्जनों कैरेट सड़क पर दूर-दूर तक बिखर गए और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इससे कारोबारी को लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। धमाके जैसी आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए केबिन में फंसे चालक और खलासी को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और यातायात सुचारू कराते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी।

## निरस्त लाइसेंस के बावजूद चल रही पटाखा फैक्ट्री पर पुलिस का बड़ा एक्शन

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**



2650 मिर्ची पटाखों के साथ एक गिरफ्तार

कौशाम्बी में हुए पटाखा अग्निकांड के बाद जिला प्रशासन और पुलिस विभाग अवैध पटाखा निर्माण व भंडारण के खिलाफ पूरी तरह सख्त हो गया है। पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र के निर्देशानुसार जिले में पिछले 20 वर्षों के दौरान जारी किए गए पटाखा लाइसेंसधारकों के परिसरों की जांच का सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को क्षेत्राधिकारी सदर मनोज कुमार सिंह रघुवंशी और एसडीएम कुंडा की संयुक्त अगुवाई में थाना महेशगंज पुलिस ने ग्राम माघी चैनगढ़ में एक पूर्व लाइसेंस प्राप्त पटाखा फैक्ट्री पर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। जांच के दौरान पता चला कि इस फैक्ट्री के लाइसेंस का नवीनीकरण न होने के कारण वर्तमान में यह वैध नहीं थी, फिर भी नियमों को ताक पर रखकर वहां चोरी-छिपे आतिशबाजी का निर्माण और भंडारण किया जा रहा था। पुलिस टीम ने मौके से 2,650 मिर्ची पटाखे, 5 पीस फैंटा पटाखा, 1 पीस कुरकुरी और 7 पीस पार्टी पेपर पटाखा बरामद किया। इसके अलावा आतिशबाजी बनाने में इस्तेमाल होने वाली तराजू, लोहे की चलनी और पांच तसले भी जब्त किए गए। सुरक्षा मानकों के तहत बरामद सभी पटाखों को नियमानुसार तुरंत निष्प्रयोज्य करवा दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### बदरों के आतंक से लोगो में दहशत का माहौल

**शिवगढ़ रायबरेली।** मंगलवार की शाम भवानीगढ़ चौराहे पर मेनका वर्मा 30 वर्ष अपनी बेटी ज्ञानवी उम्र 8 वर्ष के साथ घर में जीने से उतर रही थी,तभी बंदरों ने घेर लिया और ज्ञानवी पटेल को काटने लगा चौराहे पर खड़े दुकान दार जब दौड़े तब कहीं जाकर बच्ची की जान बची वहीं मेनका को भी चोट आ गई।तत्काल दोनों मां बेटी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ ले जाया गया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया।बंदरों के बढ़ रहे आतंक से क्षेत्र में दहशत का माहोल व्याप्त है। वहीं बैंक ऑफबड़ौदा शाखा बेड़ारु के बाहर भी बंदरों ने लोगों को दौड़ा लिया।बंदरों के बढ़ते हमलों से भवानीगढ़ चौराहा पर लोग दहशत में हैं।व्यापार मंडल अध्यक्ष संरक्षक उमाकांत अवस्थी,अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी,पंकज मिश्रा,रोहित सोनकर,घनश्याम जायसवाल,ज्ञानेंद्र वर्मा, सुनील गुप्ता, पप्पू गुप्ता,विजय गुप्ता सहित दुकानदारों से लेकर गृहकार्य कर रहे लोगों ने जिलाधिकारी से बंदर पकड़वायें जाने की मांग की है। वनदरोगा रोशनपाल ने बताया कि लाल बंदर हमारे विभाग की श्रेणी से बाहर है,नगरपंचायत के अधिनस्थ लोग पकड़वायेंगें।काला बंदर हमारे विभाग की श्रेणी में आता है। ईओ गौरव पटेल ने बताया कि यह कार्य फारेस्ट विभाग से संबंधित है बात करके समस्या का समाधान किया जाएगा।

### बगबना विद्यालय में दो शिक्षिकाओं के बीच मारपीट, निलंबित

**प्रयागराज।** चाका विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय बगबना में दो शिक्षिकाओं के बीच मारपीट और विवाद का मामला सामने आने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कड़ी कार्रवाई की है। मामले में विद्यालय में कार्यरत शिक्षिकाओं सबा रिजवी और पुष्पा चन्द्रोल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही पूरे प्रकरण की विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार नौ सितंबर को विद्यालय में दोनों शिक्षिकाओं के बीच विवाद और मारपीट की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर खंड शिक्षा अधिकारी चाका ने तत्काल विद्यालय पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद ग्रामवासियों से भी जानकारी ली गई। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि विवाद के दौरान दोनों शिक्षिकाओं द्वारा आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किए जाने की बात सामने आई।

### सर्पदंश से 10 वर्षीय बालिका की हालत गंभीर

**कटरा मेदनीगंज-प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात क्षेत्र के कटरा इंद्र कुंवर गांव में एक 10 वर्षीय बालिका को जहरीले सांप ने डस लिया। सर्पदंश की इस घटना से परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजन बालिका को इलाज के लिए प्रतापगढ़ के मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, कटरा इंद्र कुंवर निवासी बलिस्टर सिंह की 10 वर्षीय पुत्री अंतिमा सिंह को अचानक एक विषैले सर्प ने काट लिया। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे परिजन तत्काल उसे जिला मेडिकल कॉलेज ले आए। मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार के बाद भी अंतिमा की स्थिति में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए प्रयागराज हायर सेंटर रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक बालिका की हालत गंभीर बनी हुई थी।

### आज से 25 सितम्बर तक बटेगा मुफ़्त राशन

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले के राशन कार्डधारकों के लिए राहत भरी खबर है। सितम्बर माह के कोटे का नि:शुल्क खाद्यान्न 10 से 25 सितम्बर 2026 तक ई-पॉस वेइंग स्केल मशीन के माध्यम से वितरित किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार, अंत्योदय राशन कार्डधारकों को 35 किलो खाद्यान्न (14 किलो गेहूं व 21 किलो चावल) बिल्कुल मुफ्त दिया जाएगा। इसके साथ ही जुलाई, अगस्त और सितम्बर (द्वितीय त्रैमास) के कोटे की 3 किलो चीनी 18 रुपये प्रति किलो की दर से कुल 54 रुपये में उपलब्ध कराई जाएगी। चीनी केवल मूल दुकान से ही मिलेगी, इस पर पोर्टेबिलिटी लागू नहीं होगी। वहीं, पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 5 किलो खाद्यान्न (2 किलो गेहूं व 3 किलो फोर्टिफाइड चावल) नि:शुल्क मिलेगा।

## बाहर से दवा लिखी तो कड़ी कारवाई

### जिलाधिकारी ने स्वरपरानी नेहरू चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**



जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा बुधवार को स्वरूपरानी चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध हो रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सभी सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी न्यूरोसर्जरी, नेफ्रोलॉजी ओपीडी कक्ष में पहुंचकर सम्बंधित चिकित्सकों से ओपीडी में आने वाले मरीजों के बारे में जानकारी लेते हुए प्रतिदिन होने वाली ओपीडी की संख्या के बारे में भी पूछा। इसके साथ ही साथ उन्होंने सिटी स्कैन कक्ष, दवा वितरण केन्द्र, जन औषधि केन्द्र, ट्रामासेंटर, एक्सरे रूम सहित अन्य चिकित्सा कक्षों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने आर्थो के वार्ड नम्बर-1 में सोम सिंह-वार्ड ब्वाय एवं आर्थो के वार्ड नम्बर-2 में शाहिद अली के अनुपस्थित पाये जाने पर उनके स्पष्टीकरण लिए जाने के लिए कहा है। उन्होंने अस्पताल परिसर में कार्मिक उपलब्ध करा रही सेवा प्रदाता एजेंसियों को रोस्टर के अनुसार कार्मिकों की ड्यूटी लगाने तथा उनकी उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में पर्चे पर बाहर की दवा न लिखी जाये। उन्होंने कहा कि अस्पताल में उपलब्ध दवाओं को ही लिखा जाये। यदि अस्पताल में सम्बंधित दवा न उपलब्ध हो तो जनऔषधि केन्द्र पर मिलने वाली दवाओं को लिखे जाने के लिए कहा। उन्होंने दवा औषधि वितरण काउंटर पर पहुंचकर वहां पर खड़े मरीजों से पर्चा लेकर स्वयं काउंटर पर दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### सड़क पर बने जानलेवा गड्ढे राहगीर गिर कर हो रहे घायल

**समृद्धि न्यूज, डलमऊ-रायबरेली।** डलमऊ तहसील क्षेत्र के लालता पुरवादूमखदूमपुर मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब दो वर्षो से सड़क निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा उन्हें लगातार आश्वासन दिया जा रहा है लेकिन अब तक सड़क की हालत सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिनमें बारिश के बाद पानी भर जाने से स्थिति और भी भयावह हो जाती है।

कई स्थानों पर सड़क नीचे से बह जाने के कारण मार्ग दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। राहगीरों को इन गड्ढों का अंदाजा न होने से आए दिन गिरकर चोटिल होने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

## हलियापुर के 29 राजस्व गांवों को सुल्तानपुर से जोड़ने की मांग तेज

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

बल्दीराय तहसील के हलियापुर कानूनगो सर्किल के 29 राजस्व गांवों को सुल्तानपुर की प्रशासनिक एवं राजनीतिक व्यवस्था से जोड़ने की मांग तेज हो गई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि राजस्व एवं जिला व्यवस्था सुल्तानपुर से जुड़ी होने के बावजूद विधानसभा और लोकसभा प्रतिनिधित्व अमेठी से है। इससे ग्रामीणों को प्रशासनिक और विकास संबंधी कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के मुताबिक दो जिलों की अलग-अलग व्यवस्थाओं के कारण सरकारी योजनाओं, दस्तावेजों, सत्यापन और अन्य कार्यों में असमंजस की स्थिति रहती है। उनका कहना है कि जब जिला सुल्तानपुर है तो विधानसभा और लोकसभा प्रतिनिधित्व भी सुल्तानपुर से होना चाहिए।

मांग को लेकर समाजसेवी धनंजय सिंह, प्रभात सिंह, राजेंद्र प्रताप सिंह और एबी सिंह समेत अन्य लोगों ने बुधवार को लखनऊ में वरिष्ठ अधिवक्ताओं से चर्चा की। बताया गया कि 29 गांवों के नागरिकों, ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों के हस्ताक्षरयुक्त दस्तावेज तैयार कर मामले को हाईकोर्ट में उठाने की तैयारी है।मुहिम से जुड़े सर्वेश सिंह, रणविजय सिंह, नीरज तिवारी, वेद प्रकाश सिंह, डॉ. अजय पासवान समेत दर्जनों क्षेत्रवासियों ने जनसहयोग की अपील की है।

## संतान की चाह में टूट गया दंपती, जहरीला पदार्थ खाने से पति-पत्नी की मौत

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**



देहात कोतवाली क्षेत्र के श्रीकांत का पुरवा गांव में बुधवार को एक बेहद दुखद घटना से सनसनी फैल गई। 53 वर्षीय सुभाष तिवारी पुत्र रामाआधार तिवारी और उनकी 50 वर्षीय पत्नी सपना तिवारी की जहरीला पदार्थ खाने के बाद मौत हो गई। हालत बिगड़ने पर परिजन दोनों को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि शादी के कई वर्ष बीत जाने के बावजूद दंपती की कोई संतान नहीं थी। इसी बात को लेकर दोनों काफी परेशान रहते थे। घटना के बाद मौके से एक कथित सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें सुभाष तिवारी ने संतान न होने की बात का जिक्र करते हुए लिखा कि इस घटना के लिए किसी अन्य व्यक्ति को परेशान न किया जाए। एक साथ पति-पत्नी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। गांव में मातम पसरा है और घटना ने हर किसी को झकझोर दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के वास्तविक कारणों और परिस्थितियों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

## कांग्रेस कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई बाबा रामलाल की 158वीं जयंती

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**




जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर अवध किसान आंदोलन के प्रणेता एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबा रामलाल की 158वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर गोष्ठी आयोजित कर कांग्रेस नेताओं ने उनके संघर्ष और किसान हितों के लिए किए गए कार्यों को याद किया।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद हारून ने बाबा रामलाल के क्रांतिकारी जीवन से जुड़ी घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि जमींदार परिवार से होने के बावजूद उन्होंने जमींदारी प्रथा का विरोध किया और किसानों के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने बताया कि अमेठी में बाबा रामलाल पर 13 बदमाशों ने हमला किया था, जिसका उन्होंने अकेले मुकाबला किया। उन्होंने यह भी कहा कि बाबा रामलाल ने आनंद भवन में पंडित नेहरू के समक्ष स्वतंत्रता सेनानियों को मिलने वाली पेंशन लेने से इनकार कर दिया था। प्रमोद मिश्र ने कहा कि बाबा रामलाल का जीवन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम आयोजक एवं उनके प्रपौत्र वरुण मिश्र ने कहा कि बाबा के आदर्शों पर चलना उनकी प्राथमिकता है। इस मौके पर हरीश त्रिपाठी, सुरेंद्र शुक्ल, राहुल त्रिपाठी, राजीव सिंह, हर्ष नारायण शुक्ल, मोहित तिवारी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### बेकाबू बाइक ने शिक्षक को रौंदा, हालत गंभीर

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** टिकरिया बुजुर्ग स्थित कंपोजिट विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक जय नारायण गुप्ता सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब वे सड़क किनारे खड़े थे, तभी तेज रफ्तार अपाची बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

मूल रूप से मीरा भवन निवासी शिक्षक जय नारायण रोजाना इसी मार्ग से विद्यालय आते-जाते हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिक्षक के नाक और पैर से अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। हादसे के बाद आरोपी बाइक सवार अपनी गाड़ी मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची आपातकालीन पुलिस सेवा ने तुरंत घायल शिक्षक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा पहुँचाया, जहाँ उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।


## चिलबिला चौकी से महज 500 मीटर दूर बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, पुलिस गश्त पर उठे सवाल



**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** चिलबिला क्षेत्र में चोरों ने पुलिस चौकी से महज करीब 500 मीटर की दूरी पर एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस की गश्त व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, बीती रात चोरों ने विनोद शर्मा के बंद मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद चोर घर में रखी नगदी, जेवरात समेत लाखों रुपये का कीमती सामान समेटकर फरार हो गए। सुबह चोरी की जानकारी होने पर परिजनों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। चौकी से बेहद कम दूरी पर हुई चोरी की इस वारदात से क्षेत्र में पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है।

## सुल्तानपुर में पोषण माह का शुभारंभ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने देखा लाइव प्रसारण

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**




राष्ट्रीय पोषण माह के शुभारंभ पर बुधवार को विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों ने बनारस में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्या समेत जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में भाजपा नेत्री मनीषा पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी विनय सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद त्रिपाठी, सीडीपीओ दयाराम, ममता नायक, डीसी उमेश तिवारी और डीपीए अमर पाल समेत बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में पौष्टिक एवं विविध आहार, आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्म पका भोजन, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि पोषण माह के दौरान बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं को पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए जिलेभर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### जहरीले सांप के काटने से विवाहिता की मौत

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के वारी हमीदपुर गांव में मंगलवार रात जहरीले सांप के डसने से 45 वर्षीय विवाहिता की मौत हो गई। परिजन आनन-फानन में पुष्पा पत्नी कालीचरण को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर ले गए। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने सर्पदंश के लक्षण पाए और उपचार शुरू किया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना अस्पताल प्रशासन की ओर से पुलिस को मेमो के माध्यम से दी गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनो को सौप दिया।कि मृतका के पति कालीचरण का पहले ही निधन हो चुका है। पुष्पा की मौत के बाद उनके तीन बच्चों के सिर से माता-पिता दोनों का साया उठ गया है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## संघर्ष और निर्भीक पत्रकारिता की मिसाल थे लाला जगत नारायण

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**



प्रेस क्लब सुल्तानपुर में बुधवार को निर्भीक पत्रकारिता के पुरोधा एवं समाजसेवी लाला जगत नारायण की 45वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में पत्रकारों और गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा दो मिनट का मौन रखा।सभा में नीरज तिवारी, रामानंद, ललित शुक्ला, कृतेश और शरद ने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने लाला जगत नारायण के संघर्षपूर्ण जीवन, जनसरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता तथा निर्भीक एवं निष्पक्ष कार्यशैली को याद किया। नीरज तिवारी ने कहा कि लाला जगत नारायण ने पत्रकारिता को आमजन की आवाज बनाने का काम किया और विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उन्होंने वंचित एवं पीड़ित वर्ग के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। वक्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर रामराज पाण्डेय, ओमप्रकाश वर्मा, ज्ञानेंद्र, धर्मेंद्र तिवारी, दीप सिंह, कर्मवीर समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 14 सितंबर से

**समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज।**



▸ दो खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन

नगर के मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज में मंडलीय विद्यालयीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में उपविजेता रही टीम के खिलाड़ियों का विद्यालय परिवार ने उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया।

बताते चलें कि राज्य स्तरीय विद्यालयीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 18 सितंबर के मध्य गोरखपुर में प्रस्तावित है। जिसमें कानपुर मंडल की अंडर-17 बालक वर्ग टीम में विद्यालय के कक्षा 12 के छात्र आलोक और अंडर-19 बालक वर्ग टीम में कक्षा 11 के छात्र अनमोल दुबे ने अपना स्थान सुनिश्चित किया है। दोनों खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। विद्यालय परिवार ने दोनों खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ प्रवक्ता बृजेश गंगवार ने कहा - खिलाड़ी कभी नहीं हारता वरिष्ठ प्रवक्ता बृजेश कुमार गंगवार ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि खिलाड़ी कभी भी नहीं हारता, खेल हारता है। हार से ही सीख मिलती है। निरंतर अभ्यास और मेहनत से ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की क्षमता आती है।

दोनों चयनित खिलाड़ियों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वह राज्य स्तर पर भी मेडल जीतकर लाएंगे। व्यायाम शिक्षक अभिषेक कुमार वर्मा ने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों के नियमित अभ्यास, अनुशासन और कड़ी मेहनत का परिणाम है। मंडलीय प्रतियोगिता में टीम ने शानदार खेल दिखाया और उपविजेता रही। आलोक और अनमोल दोनों ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विशेष तैयारी कराई जा रही है। सम्मान कार्यक्रम में शिक्षक सुनील सिंह करतार सिंह, डॉ. अमीर हमजा, शिव सिंह, , प्रवक्ता ऋचा, लिपिक आनंद राजन सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जीआईसी समधन में मनाया प्रवक्ता का जन्मदिन

**समधन, कन्नौज।** राजकीय इंटर कॉलेज समधन में बुधवार को अंग्रेजी के वरिष्ठ प्रवक्ता जसवेंद्र सिंह का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों ने केक काटकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। जन्मदिन के अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया। जिसमें मटर पनीर, मिक्स वेज, मटर पुलाव, पूरी-कचौड़ी और बूंदी रायता परोसा गया। छात्रों ने उत्साह के साथ सहभोज का आनंद लिया। प्रधानाचार्य ने कहा - ऐसे आयोजन बढ़ाते हैं आपसी सौहार्द विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष कुमार ने कहा कि जसवेंद्र सिंह विद्यालय के वरिष्ठ और समर्पित प्रवक्ता हैं। उनका शिक्षण कार्य अनुकरणीय है। इस तरह के आयोजन से शिक्षक और छात्रों के बीच आत्मीयता बढ़ती है और विद्यालय में पारिवारिक माहौल मजबूत होता है। उन्होंने प्रवक्ता के स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु जीवन की कामना की।

# साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



हीरा लाल वीएन इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन साइबर एक्सपर्ट एवं साइबर अवेयरनेस ट्रेनर आयुष दुबे ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर खतरों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। कार्यशाला में सोशल इंजीनियरिंग, फिशिंग, मॉर्फिंग, ओएसआईएनटी (ओपन सोर्स इंटेलिजेंस), ऑनलाइन फ्रॉड, ओटीपी और यूपीआई से जुड़े साइबर अपराध, साइबर बुलिंग, फेक प्रोफाइल तथा सोशल मीडिया की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। आयुष दुबे ने कहा कि साइबर अपराधों से बचने के लिए तकनीकी जानकारी के साथ सतर्कता और सुरक्षित डिजिटल आदतें अपनाना जरूरी है। उन्होंने संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी और पासवर्ड किसी से साझा न करने तथा सोशल मीडिया पर निजी जानकारी सावधानी से साझा करने की सलाह दी। साइबर घटना होने पर तत्काल उचित माध्यम से शिकायत करने के लिए भी प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञ ने सरल तरीके से समाधान बताया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य राधा बल्लभ मिश्र, मेजर संदीप कुमार माधव, डॉ. अभिषेक मिश्रा, प्रिया मिश्रा, शालिनी, प्रतिभा सक्सेना सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# कूड़ा प्रबंधन केन्द्र पर लटका ताला गांव में लगे गंदगी के ढेर

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



ग्राम पंचायत विशुनगढ़ में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के तहत लाखों रुपये की लागत से निर्मित एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते सफेद हाथी साबित हो रहा है। केंद्र पर अक्सर ताला लटका रहता है, जबकि गांव में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

भाजपा नेता रामबक्स लोधी ने बताया कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाने के उद्देश्य से लाखों रुपये खर्च किए हैं। इसके बावजूद कूड़ा प्रबंधन केंद्र का नियमित संचालन नहीं हो रहा है। गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी जमा होने से लोगों को परेशानी हो रही है। इससे संक्रमण फैलने का खतरा भी बना हुआ है। रामबक्स लोधी ने बताया कि उन्होंने समस्या को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत की है। उन्होंने मांग की कि केंद्र का नियमित संचालन कराया जाए और गांव में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए, जिससे ग्रामीणों को गंदगी से राहत मिल सके।

# जनपदीय कला उत्सव में 152 छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज।**



जनपदीय कला उत्सव 2026 मंगलवार को कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मकरंदनगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण पौमिला श्रीवास्तव मौजूद रहीं। उत्सव में लोक नृत्य, लोक गायन मूर्ति कला, नाटक, कहानी सहित कुल 12 विधाओं में पूरे जनपद के विभिन्न विद्यालयों से 152 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मंच संचालन सस्मित कुमार द्विवेदी व महेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जीआईसी उमर्दा नीतू कुमार गुप्ता, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा माध्यमिक अजय कुमार, जनपदीय नोडल अनुज कुमार द्विवेदी, डॉ प्रेमशंकर सिंह, योगेंद्र कुमार सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

**विधावार विजेता छात्र-छात्राएं :** चित्रकला प्रथम मुस्कान सिंह ;गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज द्वितीय श्रीजी पाण्डेय कन्नौज पब्लिक स्कूल तृतीय तनु शर्मा भारतीय शिक्षा सदन सिकंदरपुर नृत्य एकल शास्त्रीय प्रथम जीविका ;कानपुर पब्लिक स्कूल द्वितीय श्रीति, कन्हैया लाल विद्या मंदिर तृतीय जागृति ;कन्नौज पब्लिक स्कूल नृत्य समूह लोक प्रथम खुशी एंड ग्रुप ;बीएल चिल्ड्रन एकेडमी, द्वितीय श्वेता सिंह एंड ग्रुप, कानपुर पब्लिक स्कूल तृतीय.आस्था एंड ग्रुप कन्हैया लाल विद्या मंदिर स्वदेशी खेल खिलौनेरू प्रथम अस्तित्व कन्नौज पब्लिक स्कूल द्वितीय कुनाल सिंह एसबीएस इंटर कॉलेज तृतीय.शुभांगी शर्मा ;गोमती देवी गर्ल्स वादन एकलरू प्रथम.श्रेयश मिश्रा द्वितीय कृष्णा मिश्रा वादन समूह प्रथम-वैभव मिश्रा एंड ग्रुप ;कानपुर पब्लिक स्कूल . नाटक समूह प्रथम-काजल गुप्ता पंडित आत्मा प्रकाश बालिका इंटर कॉलेज द्वितीय सोमबाबू तृतीय- प्रतिज्ञा कहानी विधा प्रथम कार्तिक सिंह ;कन्नौज पब्लिक स्कूल, द्वितीय रियांशी ;बीएल चिल्ड्रन तृतीय.रहमा बानो ;गोमती देवी संगीत गायन समूहरू प्रथम.अलबीरा एंड ग्रुपरू द्वितीय खुशबू शर्मा एंड ग्रुपए तृतीय मानसी एंड ग्रुप संगीत गायन एकलरू प्रथम.अनिकेत गुप्ता कन्हैया लाल विद्या मंदिर द्वितीय धैर्य गुप्ता तृतीय कोमल मूर्तिकला प्रथम नैतिक वैश्य ;एसबीएस द्वितीय नव्या ;बीएल चिल्ड्रन तृतीय.साक्षी ;गोमती देवी आदि।

# बारिश में मकान की छत गिरी, हजारों का सामान दबा

▸ नुकसान का आंकलन कराने और आर्थिक सहायता देने की मांग

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



लगातार हो रही बारिश के बीच प्रेमपुर क्षेत्र के ग्राम माधौनगर में बुधवार को मुरली सैनी के मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई। छत गिरने से घर में रखा हजारों रुपये का घरेलू सामान मलबे के नीचे दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के समय परिवार के सदस्य मकान के अंदर मौजूद थे। गनीमत रही कि छत गिरने के दौरान सभी लोग बाल-बाल बच गए। अचानक हुए हादसे से परिवार में अफरा-तफरी मच गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलबा हटाने में परिवार की मदद की। परिजनों ने बताया कि हादसे में घरेलू सामान को काफी नुकसान पहुंचा है। लगातार बारिश के कारण मकान की छत पहले से कमजोर हो गई थी। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कराकर नुकसान का आंकलन कराने और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# खबरें एक नजर में

## आज लगेगा निश्शुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** फातहे बिलग्राम मिशन की ओर से गुरुवार, 10 सितंबर को यानी आज मोहल्ला बिरतिया स्थित अय्यूब हाउस में नि:शुल्क तिब्बे यूनानी (हकीमी) चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर आजाद मकतब पाठशाला के पास लगाया जाएगा। आयोजकों के अनुसार शिविर में बरेली शरीफ के प्रसिद्ध खानदानी हकीम साहब पहुंचकर मरीजों की जांच करेंगे और उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श देंगे। शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर निश्शुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है। शिविर में विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित मरीज हकीम साहब से परामर्श ले सकेंगे। फातहे बिलग्राम मिशन के पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को यूनानी चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श उपलब्ध कराना है।

## महिला का पर्स चोरी, दो मोबाइल व नकदी लेकर फरार

**छिबरामऊ।** ग्राम बटेला निवासी वेदराम ने थाना छिबरामऊ में प्रार्थना पत्र देकर पर्स चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि 8 सितंबर को उनकी पत्नी इन्द्रवती, पुत्रवधू पूजा व पुत्र वधु के पति आदर्श कुमार ई-रिक्शा से छिबरामऊ जा रहे थे। रास्ते में सौरिख रोड स्थित अंकुर कान्वेंट स्कूल के पास ई-रिक्शा सवारी के लिए रुका। तभी काले रंग की मोटरसाइकिल से आए तीन अज्ञात युवकों ने पुत्रवधू पूजा के बगल में सीट पर रखा पर्स चोरी कर लिया और फरार हो गए। पर्स में ओप्पो व साडा कंपनी के दो मोबाइल फोन, करीब 6000 रुपये नकद, दो आधार कार्ड, अन्य जरूरी कागजात व मेकअप का सामान रखा था। पीड़ित ने पुलिस से मामले में मुकदमा दर्ज कर चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## बेटी को परेशान करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**विशुनगढ़,छिबरामऊ।** थाना क्षेत्र के ग्राम मिघौली निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर गांव के ही रामू पुत्र हरदेश व उसके परिजनों पर बेटी को परेशान करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार 6 सितंबर को उनकी बेटी शौच के लिए जा रही थी। आरोप है कि रामू ने उसे रोककर परेशान किया। बेटी ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद 7 सितंबर की रात करीब 9:05 बजे रामू ने फोन कर उसको फिर परेशान किया। अगले दिन शिकायत करने रामू के घर पहुंचने पर हरदेश, उसकी पत्नी और रामू ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एसडीएम से की सरकारी भूमि पर कब्जे की शिकायत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने बुधवार को तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी को शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में लापरवाही बरतने और कब्जाधारक को संरक्षण देने का आरोप लगाया। शिकायती पत्र में बताया गया कि नगर पालिका क्षेत्र के चकोर गली-जीटी रोड मोड़ पर एक व्यक्ति ने सरकारी गली की करीब चार से पांच फीट चौड़ी और 20 से 25 फीट लंबी भूमि के साथ सरकारी नाली पर कथित रूप से अवैध कब्जा कर निर्माण करा लिया है। जिलाध्यक्ष का आरोप है कि मामले में पिछले करीब एक वर्ष से लगातार लिखित शिकायतें करने के साथ सोशल मीडिया के माध्यम से भी पालिका प्रशासन को अवगत कराया जा रहा है, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि ईओ द्वारा नियमों का हवाला देकर शिकायत को टालने का प्रयास किया गया, जिससे कब्जाधारक को संरक्षण मिलने की आशंका है।

## छात्राओं को कराया योगाभ्यास, बताए लाभ-हानि

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जिलाधिकारी के निर्देश व क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कन्नौज के आदेश पर बुधवार को सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज गुरसहायगंज में बृहद योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग वेलनेस सेंटर जसौदा के योग प्रशिक्षक शिव प्रताप और योग वेलनेस सेंटर गुरसहायगंज की योग प्रशिक्षिका आकांक्षा सिंह सेंगर ने बृहद स्तर पर विद्यालय की छात्राओं को योगासन, प्राणायाम, मुद्रा-बंध का अभ्यास कराया और उनके लाभ व हानि के विषय में जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने कहा - योग से बनता है अनुशासित जीवन विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजली ने कहा कि आज के समय में छात्राओं के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों का मजबूत होना बहुत जरूरी है। योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि जीवन को अनुशासित करने की पद्धति है। इससे एकाग्रता बढ़ती है, तनाव कम होता है और पढ़ाई में मन लगता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर विद्यालय में आगे भी आयोजित कराए जाएंगे।

# बिजली चोरी के खिलाफ हुई चेकिंग, दस पर मुकदमा दर्ज



**समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज।**

बिजली चोरी रोकने के लिए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर गठित संयुक्त टीम ने 8 सितंबर को कस्बा गुरसहायगंज और समधन क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान अनियमितता में लिप्त पाए गए कुल 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एसडीओ पंकज कुमार चौधरी के नेतृत्व में टीम ने गुरसहायगंज कस्बा और सटे ग्रामीण क्षेत्रों में 6 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा जबकि समधन और आसपास के ग्रामीण इलाकों में चेकिंग के दौरान 4 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। सभी के खिलाफ संबंधित थानों में बिजली चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। एसडीओ पंकज कुमार चौधरी ने कहा बिजली चोरी बर्दाश्त नहीं अभियान जारी रहेगा एसडीओ पंकज कुमार चौधरी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के आदेश पर यह संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में बिजली चोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो लोग कटिया डालकर या मीटर में छेड़छाड़ कर बिजली का दुरुपयोग कर रहे हैंए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन लें और समय से बिल का भुगतान करें। बिजली चोरी से विभाग को राजस्व का नुकसान होता है और ईमानदार उपभोक्ताओं को भी परेशानी होती है। यह चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर अवर अभियंता गुरसहायगंज विद्युत घर सरताज अली अवर अभियंता इंडियागंज रामआशीष तथा उपखंड अधिकारी विद्युत घर गुरसहायगंज मौजूद रहे।

## मंडलीय बास्केटबॉल में कन्नौज की तीनों टीमें उपविजेता, खिलाड़ियों का बढ़ा मान



**गुरसहायगंज कन्नौज।** 70वीं मंडलीय माध्यमिक बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को सेंट फ्रांसिस जेवियर्स इंटर कॉलेज कानपुर नगर में हुआ। प्रतियोगिता में कन्नौज जनपद की अंडर-19 बालक वर्ग, अंडर-17 बालक वर्ग और अंडर-17 बालिका वर्ग की टीमों ने प्रतिभाग किया और शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों वर्गों में उपविजेता रहीं। मंडल स्तर पर प्रतिभाग के लिए जनपद कन्नौज से मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज और पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बिरौली के छात्रों का चयन हुआ था। मंडल स्तर पर टीम कोच कौशांक यादव एवं टीम मैनेजर अभिषेक वर्मा तथा अर्चना यादव ने जनपद कन्नौज का प्रतिनिधित्व किया। क्या बोले शारीरिक शिक्षक - इस उपलब्धि पर शारीरिक शिक्षक अभिषेक कुमार वर्मा ने कहा कि यह कन्नौज जनपद के लिए गर्व का क्षण है। हमारे खिलाड़ियों ने सीमित संसाधनों के बावजूद मंडल स्तर पर कड़ी मेहनत, अनुशासन और जज्बे के साथ खेला। तीनों वर्गों में उपविजेता रहना छोटी उपलब्धि नहीं है। बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और प्लेटफार्म की जरूरत है। भविष्य में हमारा लक्ष्य मंडल में चैंपियन बनकर प्रदेश स्तर पर जनपद का नाम रोशन करना है। इसके लिए हम खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण दे रहे हैं।

# स्वाइन फ्लू से बचाव को छात्राओं को बांटे मास्क

**समृद्धि न्यूज,कन्नौज।**



स्वाइन फ्लू से बचाव और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, कन्नौज ने बुधवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, अनौगी में मास्क वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान छात्राओं को मास्क बांटकर स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। सोसाइटी के उपसभापति डॉ. शरद द्विवेदी ने कहा कि संक्रामक रोगों से बचाव के लिए जागरूकता, स्वच्छता और सावधानी बेहद जरूरी है। विद्यालयों में ऐसे कार्यक्रम बच्चों को स्वस्थ रहने और संक्रमण से बचाव के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने छात्राओं से नियमित रूप से हाथ साफ रखने और स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष गोविंद प्रजापति, आरती प्रजापति, विद्यालय की वार्डन और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। छात्राओं और शिक्षिकाओं ने भी स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

# लोक अदालत में आपसी सहमति से पाएं न्याय : मनु पाल

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



अंतरराष्ट्रीय लॉन बॉल्स खिलाड़ी व ब्रांड एंबेसडर मनु कुमारी पाल ने 12 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर आपसी सहमति से विवाद सुलझाने की अपील की है। जनपद की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय लॉन बॉल्स खिलाड़ी और स्वीप की ब्रांड एंबेसडर मनु कुमारी पाल ने आम जनता से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मुकदमों और कोर्ट-कचहरी के चक्करों से मुक्ति पाने के लिए लोक अदालत एक बेहतरीन और सुलभ माध्यम है।मनु कुमारी पाल ने कहा खेल के मैदान में हम नियमों और खेल भावना से जीत हासिल करते हैं, लेकिन जीवन की कानूनी उलझनों में जीत तब होती है जब दोनों पक्ष आपसी सहमति से विवाद को हमेशा के लिए समाप्त कर लें। राष्ट्रीय लोक अदालत इसी भावना पर काम करती है। उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 12 सितंबर को आयोजित होने वाली इस लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, दीवानी मामले, बैंक रिकवरी, श्रम विवाद, बिजली व पानी के बिल, पारिवारिक विवाद और मोटर दुर्घटना दावा जैसे मामलों का निस्तारण बेहद आसानी से कराया जा सकता है।लोक अदालत के मुख्य लाभ समय और धन की बचत है। यहां मामलों का निपटारा बिना किसी अतिरिक्त अदालती फीस के होता है। लोक अदालत के फैसले के खिलाफ कहीं कोई अपील नहीं होती, जिससे विवाद हमेशा के लिए खत्म हो जाता है। सौहार्दपूर्ण वातावरण से दोनों पक्षों की जीत होती है और आपसी रंजिश समाप्त होती है। ब्रांड एंबेसडर मनु कुमारी पाल ने जनपद कन्नौज और आसपास के सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपने लंबित या प्री-लिटिगेशन (मुकदमा दर्ज होने से पहले के) मामलों को इस राष्ट्रीय लोक अदालत में लाएं और एक जिम्मेदार नागरिक बनते हुए समाज में शांति और सौहार्द को बढ़ावा दें। अधिक जानकारी व मामलों को दर्ज कराने के लिए नागरिक तुरंत जिला न्यायालय परिसर स्थित विधि को सेवा प्राधिकरण कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## 1.41 लाख वादों के निस्तारण की तैयारी, लोक अदालत में सुलह पर जोर

▸ अधिकारियों को पात्र मामलों की पहचान व पक्षकारों को समय से नोटिस तामील कराने के निर्देश

**कन्नौज।** 12 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बुधवार को जनपद न्यायालय के मीटिंग हॉल में प्री-ट्रायल बैठक हुई। अपर जिला जज प्रथम एवं नोडल अधिकारी रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने अधिकारियों को अधिकाधिक सुलह योग्य वादों का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। बैठक में प्रशासनिक नोडल अधिकारी विजय कुमार मिश्र ने 1,41,143 प्रस्तावित वादों की अद्यतन सूची प्रस्तुत की। नोडल अधिकारी ने पात्र मामलों को चिह्नित कर आपसी सुलह-समझौते से निस्तारित कराने और पक्षकारों को समय से नोटिस तामील कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सूचना के अभाव में कोई पात्र पक्षकार न्याय के अवसर से वंचित न रहे। राजस्व समेत अन्य विभागों को लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकाधिक मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौमेला श्रीवास्तवा, एडीएम (न्यायिक) विजय कुमार मिश्र, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता मगन सिंह समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बाइक की टक्कर से घायल बुजुर्ग की पांचवे दिन मौत

**समृद्धि न्यूज़,समधन।**



नगर के मोहल्ला गोरी नवादा निवासी 70 वर्षीय मोहम्मद मुस्तकीम पुत्र हसमतुल्लाह की सड़क हादसे में घायल होने के पांचवें दिन इलाज के दौरान मौत हो गई। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को मोहम्मद मुस्तकीम समधन के दारासराय में पैदल सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से घायल को गुरसहायगंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहां उनका इलाज चल रहा था, लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ले जा रहे थे, तभी रास्ते में मोहम्मद मुस्तकीम ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। हादसे के बाद मोहल्ले में भी शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सरकारी शराब के ठेके खोलना हास्यास्पद शराबबंदी कानून बनाया जाए : सुल्तान सिंह

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज।**



राष्ट्रीय शराब बंदी संयुक्त मोर्चा, नई दिल्ली के राष्ट्रीय संयोजक सुल्तान सिंह ने कहा कि एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अगस्त और 5 अक्टूबर को देश की युवा पीढ़ी को नशा मुक्त भारत का सपना दिखा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर राज्य सरकारों द्वारा खुले आम शराब के ठेकों को खोलना हास्यास्पद है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा - शराब मुक्त भारत ही राष्ट्रपिता का सपना राष्ट्रीय शराब बंदी संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुल्तान सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता बापू का सपना, शराब मुक्त हो भारत अपना, इसी नारे के साथ हम पूरे देश में आंदोलन चला रहे हैं। आज युवा पीढ़ी नशे की लत में बर्बाद हो रही है। सरकारें राजस्व के लालच में गांव-गांव में शराब के ठेके खुलवा रही हैं। यह देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के सागर जिले में जहरीली शराब से दर्जनों लोगों की मौत होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

हमारी मांग है कि मृतकों के परिजनों को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मोरारजी देसाई की तर्ज पर पूरे देश में पूर्ण शराबबंदी कानून बनाया जाए। जब तक देश में शराब के ठेकों पर ताला नहीं लगेगा, तब तक नशा मुक्त भारत का सपना अधूरा रहेगा। हमारा मोर्चा इस लड़ाई को सड़क से संसद तक लड़ेगा।



## 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' से पोषण माह शुरू

**कन्नौज।** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में बुधवार को डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की मौजूदगी में 9वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ हुआ। इस दौरान वाराणसी से मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा और सुना गया। इस वर्ष पोषण माह की थीम 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' है। अभियान नौ सितंबर से आठ अक्टूबर तक चलेगा। डीएम ने कहा कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को संतुलित व पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। पोषण के साथ स्वच्छता, स्वास्थ्य, सही खान-पान और प्रारंभिक बाल विकास पर भी ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास ने अभियान को जनआंदोलन का रूप देने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि माह में आहार विविधता, पर्याप्त प्रोटीन, ताजा पका भोजन, सामुदायिक सहभागिता, बाल विकास और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर जागरूकता गतिविधियां होंगी।

## सूचना

मेरे गाटा संख्या 540/0.105 हेक्टेयर, 543/0.105 हेक्टेयर एवं 544/0.109 हेक्टेयर की बैनामा की मूल प्रति वास्तव में खो गई है।

**लक्ष्मी देवी पुत्री प्रमोद कुमार पत्नी अरविन्द कुमार निवासी ग्राम सेंगरनपुर्वा गांगेमऊ जनपद-कन्नौज।**

# डीएम ने बीईओ को दी संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की चेतावनी

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जिला बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। डीएम ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति, छात्र नामांकन, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति तथा शिक्षण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। विद्यालयों

**लापरवाही मिलने पर खण्ड शिक्षाधिकारियों पर होगी कार्यवाही**

में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय एवं मध्याह्न भोजन व्यवस्था को भी बेहतर रखा जाए। छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक, यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, स्कूल बैग एवं अन्य निर्धारित सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं। नामांकन के सापेक्ष विद्यार्थियों की उपस्थिति की नियमित समीक्षा करते हुए कम उपस्थिति वाले बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया जाए। डीएम ने विद्यालयों के निरीक्षण की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों का



बैठक लेती जिलाधिकारी

नियमित एवं प्रभावी निरीक्षण कर शैक्षणिक गुणवत्ता का परीक्षण किया जाए। पी.एम. श्री विद्यालयों में रंगाई पुताई के कार्य सहित बच्चों के अध्ययन कार्य हेतु अन्य आवश्यक संसाधन पूर्ण किये जायें, इसके ही उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि परिषदीय विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान पाई जाने वाली कमियों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित कराया जाए तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाई पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जनपद में परिषदीय विद्यालयों के जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही 01 सप्ताह के भीतर पूर्ण करें। कायाकल्प योजना के तहत 19 मानक बिंदुओं की पूर्ति हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जाएगी। सभी परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के पीने के पानी की टंकी की सफाई 03 दिवस में पूर्ण करना सुनिश्चित कर आख्या उपलब्ध कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह सहित बेसिक शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इनवर्टर ठीक करते समय करंट लगने से युवक की मौत

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव गठवाया में बुधवार को घर में लगे सौर ऊर्जा सोलर इनवर्टर की मरम्मत कराने के दौरान करंट की चपेट में आने से 40 वर्षीय युवक मोहित दुबे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार गठवाया निवासी 40 वर्षीय मोहित कुमार दुबे पुत्र राजाराम अपने घर में लगे सोलर इनवर्टर की खराबी को मिस्त्री की मदद से ठीक करा रहे थे। काम के दौरान मोहित वहीं पास में खड़े थे। इसी बीच अचानक उनका हाथ बिजली के नंगे तार से स्पर्श हो गया। करंट का झटका इतना भीषण था कि मोहित तुरंत अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना के समय घर पर मौजूद बड़े भाई कौशल किशोर, मां सुकमारी और भाभी रश्मि की चीख-पुकार सुनकर परिजन व आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए।



अस्पताल में मौजूद परिजन

आनन-फानन में मोहित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ0 विपिन सिंह ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मोहित की मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक छा गया और उनके निवास पर ग्रामीणों का तांता लग गया। ग्रामीणों के मुताबिक, मोहित बेहद मिलनसार और मेहनती स्वभाव का व्यक्ति था। परिजनों ने इस मामले में किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई कराने से इनकार किया है। शव का अंतिम संस्कार गांव में ही किया जाएगा।

# धूमधाम से मनी कोतवालेश्वर हनुमान मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की छठी

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** भगवान श्रीकृष्ण की छठी उत्सव के पावन उपलक्ष्य में कोतवालेश्वर हनुमान मंदिर, कोतवाली कायमगंज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर को फूल-मालाओं और झालरों से सजाया गया। कार्यक्रम में कढ़ी-चावल के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला और मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने भगवान लड्डू गोपाल को भोग लगाकर पूजा-अर्चना और आरती के साथ की। इस दौरान कन्याभोज भी कराया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के छठे दिन कन्हैया की छठी मनाई जाती है, जो उनके नामकरण और शुद्धिकरण का प्रतीक है। इस दिन लड्डू गोपाल का पंचामृत से अभिषेक कर कढ़ी-चावल का भोग लगाने से घर में सुख-समृद्धि आती है और सभी दुखों का नाश होता है। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा और भगवान श्रीकृष्ण व बजरंगबली के जयकारे लगाए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, ट्रस्ट अध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी, ट्रस्ट प्रबंधक संगम शाक्य, उपाध्यक्ष कन्हैयालाल, दीपक शाक्य, सदस्य गुरुदेव, जयवीर, आर्यन, शकुंतला मौजूद रहे।



कन्या भोज कराते कोतवाली प्रभारी

# शिक्षा व्यवस्था सुधारने को बीईओ ने ली प्रधानाध्यापकों की बैठक

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

विकासखंड क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और शैक्षणिक मानकों में सुधार लाने के उद्देश्य से खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने खंड शिक्षा कार्यालय पर क्षेत्र के समस्त प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित की। उन्होंने परिसर में चल रहे एफएलएस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी सहभागिता कर शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बीईओ ने कहा कि सभी विद्यालयों में प्रतिदिन छात्र-छात्राओं की ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। विगत वर्ष के सापेक्ष यदि नामांकन में कोई अंतर गैप है, तो उसे तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। स्वच्छ एवं हरित विद्यालय पुरस्कार के लिए सभी विद्यालयों को आवेदन सुनिश्चित करने को कहा गया। उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को इंस्पायर अवॉर्ड योजना के तहत प्रति विद्यालय न्यूनतम 5 छात्रों के आवेदन कराने के निर्देश दिए।



बैठक लेते बीईओ मौजूद शिक्षकगण

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के फॉर्म तत्काल भरवाने के निर्देश दिए गए। एसएमसी के एसएनए स्पर्श में नवीन खाते तत्काल खुलवाने की प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया। खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने कड़े शब्दों में सचेत किया कि यदि शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ तो संबंधितों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी और उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया जाएगा।

**100 प्रतिशत निपुण लक्ष्य प्राप्ति पर दिया जोर:** खंड शिक्षा कार्यालय पर आयोजित एफएलएस प्रशिक्षण के दौरान बीईओ ने शिक्षकों को शत-प्रतिशत निपुण लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और निपुण भारत मिशन के तहत निर्धारित मानकों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान एआरपी सुरेश चंद्र, पंकज यादव, डॉ0 अखिलेश यादव सहित प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, आनंद वर्ण राणा, प्रशांत कटियहार, मानवेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, परविंदर चौहान, रामबरन सिंह, शालिग्राम गंगवार, वसीम अख्तर, शालिनी वर्मा, ओम प्रकाश मौजूद रहे।

# दबंग ने युवक से की मारपीट पीड़ित ने विधायक से लगायी न्याय की गुहार

**समृद्धि न्यूज,राजेपुर।**

थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम वीरपुर निवासी अरमान सिंह पुत्र बहादुर सिंह ने अमृतपुर विधायक को शिकायती पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज और रुपये मांगने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पूरे मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। अरमान सिंह ने बताया कि वह 16 अगस्त को वीरसिंहपुर से शटरिंग लाने के लिए ट्रैक्टर लेकर गया था। करीब शाम चार बजे शटरिंग लोड कराने के दौरान वीरसिंहपुर निवासी तेज प्रताप पुत्र श्यामपाल सिंह वहां पहुंचा और उसकी मां को गालियां देते हुए ट्रैक्टर पर बैठ गया। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। तेज प्रताप ने अरमान के साथ मारपीट की तथा ईंट से सिर पर वार किया। घटना के बाद वह रविराम सिंह व अरमान सिंह के साथ थाने पहुंचा, जहां एसआई के पास मौजूद दोनों आरोपितों ने कथित तौर पर गाली-गलौज की। अरमान का आरोप है कि रविराम सिंह को थाने में बैठाने के बाद उसे तीन घंटे में छोड़ दिया गया। 17 अगस्त को एसआई शुक्ला द्वारा उसकी पत्नी सोनी देवी से कथित रूप से 55 हजार रुपये लिए जाने के बाद उसे धमकाया गया। 18 अगस्त को रविराम सिंह के खिलाफ धारा 126, 135 व 170 बीएनएसएस में कार्रवाई की गई। 21 अगस्त को एसआई शुक्ला उसके घर पहुंचे और उसे धमकाते हुए कहा कि पैसे खर्च कर मुकदमा निपटा दें, क्योंकि वह गरीब व्यक्ति है। शिकायतकर्ता ने विधायक से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर संबंधित लोगों के खिलाफकानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### उधारी के रुपये मांगने पर दबंगों ने युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम बराकेशव में उधारी के 3,000 रुपये मांगने पर दबंगों ने युवक को लाठी-डंडों व लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र के ग्राम बराकेशव निवासी पीड़ित अरविन्द कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि रामू पुत्र शंकर लाल पर ३ हजार रुपये उसके रुपये बकाया थे। रुपये मांगने पर विवाद के बाद रामू, प्रवीन, कुलदीप और छब्बे ने उसे घेरकर गाली-गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अघोषित विद्युत कटौती से 176 गांव के ग्रामीण परेशान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से आम जनता का जीना मुहाल हो गया है। नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में बीते एक माह से बिजली की किल्लत बनी हुई थी, लेकिन बीती रात तीन बार दो-दो घंटे की कटौती ने ग्रामीणों के सब्र का बांध तोड़ दिया। बीते लगभग एक महीने से प्रतिदिन दो घंटे की कटौती कर ट्रैफिक/रोस्टिंग के आधार पर विद्युत आपूर्ति की जा रही थी। हालांकि, बीती रात स्थिति और बदतर हो गई जब दो-दो घंटे के अंतराल पर तीन बार बिजली बंद कर दी गई। रात में हुई इस अघोषित कटौती से कस्बा नवाबगंज और उपकेंद्र से जुड़े लगभग 176 गांवों के लोग रातभर उमस व परेशानी झेलने को मजबूर रहे। बार-बार की कटौती और विभागीय बेपरवाही से गुस्साए कई ग्रामीण और कस्बे के लोग शिकायत दर्ज कराने सीधे 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पहुंचे। उपकेंद्र पर तैनात जूनियर इंजीनियर दीपक राम ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि यह कटौती स्थानीय स्तर से नहीं, बल्कि कानपुर के पनकी पावर केंद्र से की जा रही है, जिस पर स्थानीय उपकेंद्र का कोई नियंत्रण या विकल्प नहीं है।

### मेरापुर और राजेपुर के थाना प्रभारियों का स्थानांतरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। एसपी ने निरीक्षक राजीव पाण्डेय को थाना मेरापुर के प्रभारी निरीक्षक प्र0नि0 पद से स्थानांतरित कर उन्हें थाना राजेपुर का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। उपनिरीक्षक नागेन्द्र सिंह को थाना राजेपुर के थानाध्यक्ष पद से स्थानांतरित कर उन्हें थाना मेरापुर का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पुलिस प्रशासन के अनुसार यह फेरबदल जिले में बेहतर पुलिसिंग और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्काल प्रभाव से किया गया है।

### किसान का सच्चा साथी संघर्ष ही है: अजय कटियार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक मोहम्मदाबाद की ग्राम सभा बराकेशव में चकबंदी प्रक्रिया एवं किसानों महिलाओं पर दर्ज मुकदमे को लेकर चल रहे अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन का 17वाँ दिन है, लेकिन किसान अपनी मांगो पर डटा हुआ है। जिला प्रशासन से वार्ता चल रही। प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने कहा कि आंदोलन सफलता की तरफअग्रसर है। किसानों को अपने हक और अधिकारों के लिए लड़ना पड़ेगा। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि किसानों को आंदोलन करना सीखना होगा, क्योंकि किसानों को आंदोलन ही बचायेगा, किसानों का सच्चा साथी संघर्ष है। इस अवसर पर अफरोज मंसूरी, छविनाथ शाक्य, कृष्ण गोपाल मिश्रा, ब्रजेश गंगवार, दीप सिंह यादव, गोपी शाक्य, अभय यादव, अरविंद गंगवार, अनुज राजपूत, बिजनेश यादव, सुग्रीव पाल, राजेश गंगवार, रामनरेश यादव, बड़े यादव, शिवराम शाक्य, अनेंद्र गंगवार, अर्पित गंगवार उपस्थित रहे।

### 6 स्लीपर बसें सीज, 8 का चालान, लगा 3 लाख का जुर्माना व टैक्स

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बुधवार को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात निरीक्षक ओमप्रकाश पाण्डेय की संयुक्त टीम ने अनधिकृत रूप से संचालित वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान नियमों की धज्जियां उड़ाकर दौड़ रहीं स्लीपर बसों पर शिकंजा कसा गया। परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार प्रदेश भर में अनधिकृत वाहनों के विरुद्ध ऑपरेशन कवच 2.0 चलाया जा रहा है। इसके तहत बिना परमिट, बिना फिटनेस और सुरक्षा मानकों जैसे इमरजेंसी एग्जिट न होना, फायर अलार्म व फर्स्ट-एड बॉक्स की अनुपलब्धता तथा चालक के नशे या नींद में होने से विहीन स्लीपर बसों की सघन जांच की जा रही है। चेकिंग के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 08 स्लीपर बसों का चालान किया गया और 06 स्लीपर बसों को मौके पर ही सीज कर दिया गया। कार्रवाई की जद में आई बसों पर 1.60 लाख का जुर्माना लगाने के साथ ही 1.40 लाख का बकाया कर टैक्स आरोपित किया गया।

### मनमाने मूल्य वसूलने वाले हाईब्रेड विक्रेताओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर मांग की है कि हाईब्रेड कृषि बीज विक्रेताओं की मनमानी व अधिक मूल्यों में बिक्री कर किसान के साथ अन्याय किया जा रहा है। जिसकी जांच कर ऐसे बीज भण्डार विक्रेताओं पर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। जनपद के समस्त हाईब्रेड बीज विक्रेता 50 रुपये मक्का का बीज का 500 रुपये से लेकर 600,700, 800 रुपये तक बेंच रहे है। इसी तरह बाजारा, सरसों, धान व अन्य सब्जियों आदि के बीजों को मनमाने मूल्यों में बिक्री की जा रही है। ऐसे में उन बीज विक्रेताओं पर कार्यवाही हो। जिससे किसानों से अवैध रुप से मुनाफा कमाने वाले बीज विक्रेताओं पर लगाम लग सके। इस संबंध में केंदीय कृषि मंत्री व मुख्यमंत्री एवं खाद रसद मंत्री राज्य सरकार को भी पत्र भेजकर कार्यवाही करने की मांग की है। इस दौरान उत्तम कुमार मिश्रा, रामनारायण मिश्रा, कृष्ण कुमार पाण्डेय, शिवाजी कटियार, मुन्ना सिंह, पृथ्वीनारायण आदि मौजूद रहे।

# गंगा के बढ़ते जलस्तर से तराई क्षेत्र में बढ़ीं दुश्वारियां



कढ़ाई में बिठाकर महिला को पार कराता युवक

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

गंगा का जलस्तर बढ़ने से अब तराई क्षेत्र में दुवारियां भी बढ़ने लगी है। ऐसे में नाव न मिलने पर एक युवक महिला मरीज को कढ़ाई में बिठाकर बाढ़ के पानी से बाहर निकाला। बीते दो दिनों से हो रही जलस्तर में वृद्धि से कायमगंज-अहमदगंज मार्ग पर बूढ़ी गंगा पुलिया पर करीब 1 फीट से अधिक पानी बह रहा है। हालांकि

**कायमगंज-अहमदगंज मार्ग पर पुलिया के ऊपर बहा पानी**

राहगीरों का आवागमन चालू है। इसके अलावा गांव के सूखा नगला, पचरोली, महमदीपुर आदि गांवों में भी गंगा का जलस्तर गांव के किनारे तक पहुंच चुका है।

जिससे ग्रामीणों को अब दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जलस्तर गांव के किनारे तक आने से सबसे बड़ी समस्या पशु एवं ग्रामीणों को शौच की आ रही। क्योंकि जल स्तर बढ़ने से शौचालयों के टैंक भर गए हैं। इस कारण महिलाओं को अधिक दिक्कतें हो रही हैं।

इसके अलावा काश्तकारों के धान एवं गन्ना की फैसले भीगंगा के तेजी से कटान में कट रही हैं। वहीं सनौली जाने वाले मार्ग पर बूढी गंगा पुलिया पर मछली पकड़ने वालों की भी होड लगी हुई है।

पुल पर तमाम क्षेत्रीय लोग मछलियां पकड़ने के लिए पहुंच रहे हैं। बुद्धि गंगा पुलिया के नीचे से बाढ़ का के पानी का तेज बहाव है। जिसमें मछलियां पुलिया से टकराकर ऊपर फर्श पर आकर स्वतः ही गिर रही है। जिससे ग्रामीणों को पकड़ने में कोई मेहनत नहीं करनी पड़ रही है।

## चित्रकूट डिप पर 3 फीट पानी, पुलिस ने बंद किया आवागमन

**समृद्धि न्यूज,राजेपुर।** गंगा का जलस्तर दोबारा बढ़ने से फर्रुखाबाद बदायूं स्टेट हाईवे स्थित चित्रकूट डिप पर बाढ़ का पानी फिर बढ़ गया है। डिप पर करीब तीन फीट पानी बहने के कारण पुलिस ने एहतियातन दुर्घटना की आशंका को लेकर दोनों तरफ से आवागमन बंद करा दिया है। इससे ग्रामीणों और राहगीरों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अब फर्रुखाबाद जाने वाले वाहनों को राजेपुर-डबरी-जमापुर होकर निकलना पड़ेगा। कुछ दिन पहले गंगा का जलस्तर कम होने के बाद चित्रकूट डिप से बाढ़ का पानी उतर गया था। पुलिस ने यातायात बहाल कर दिया था, लेकिन गंगा के जलस्तर में दोबारा बढ़ोतरी होने से डिप पर पानी का बहाव तेज हो गया और करीब तीन फीट पानी चलने लगा। राजेपुर पुलिस ने चित्रकूट डिप के दोनों ओर बैरिकेडिंग कर रास्ता पुनः पूरी तरह बंद कर दिया है। राजेपुर चौराहे व जमापुर मोड पर भी बैरियर लगाकर वाहनों को चित्रकूट की ओर जाने से रोक दिया गया है। पुलिसकर्मियों की 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई है, ताकि कोई वाहन चालक या राहगीर पानी के बीच से निकलने का प्रयास न कर सके। थानाध्यक्ष राजेपुर नागेंद्र सिंह ने बताया कि चित्रकूट डिप पर अधिक पानी चलने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से दोनों तरफसे आवागमन बंद कर दिया गया है। पुलिस की 24 घंटे तैनाती रहेगी।



आवागमन बंद करती पुलिस

## दहेज हत्या के मामले में 3 भाइयों को 10-10 साल की सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दहेज हत्या के एक मामले में तीन अभियुक्त भाईयों को न्यायालय एडीजे/एफटीसी प्रथम कोर्ट ने दोषसिद्ध पाते हुए 10-10 वर्ष के कारावास और 25,000-25,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। थाना शमशाबाद पर धारा 498ए, 304बी भादवि एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय एडीजे/एफटीसी प्रथम कोर्ट ने अभियुक्त अजीत कुमार उर्फटीटू, कश्मीर सिंह उर्फलालेश, अवनीश कुमार उर्फसुनील कुमार उर्फ गप्पे पुत्रगण रामेश्वर निवासी ग्राम धमगंवा, थाना शमशाबाद, हाल पता मोहल्ला नेकपुर कला कोतवाली फतेहगढ़ को दोषी पाते हुए 10-10 वर्ष के कारावास और 25,000-25,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

## शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग, सामान जलकर राख

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के मूसेपुर मझरिया गांव में मंगलवार देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। हाई वोल्टेज के कारण हुए शॉर्ट सर्किट से एक मकान में भीषण आग लग गई। हादसे में हजारों रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया, जबकि आग पर काबू पाने की कोशिश में मकान मालिक का बेटा गंभीर रूप से झुलस गया। जानकारी के अनुसार, मूसेपुर मझरिया निवासी रामनरेश राजपूत मंगलवार रात करीब 11 बजे अपनी पत्नी कलावती, बेटों पूरनलाल, विकास, आकाश और बहू-बच्चों के साथ बरामदे में टीनशेड के नीचे सो रहे थे। परिवार के कुछ सदस्य छत पर भी थे। इसी दौरान कमरे में हाई वोल्टेज के चलते शॉर्ट सर्किट हो गया। धुआं और जलने की बदबू फैलने पर परिजनों की नींद खुली तो कमरे से आग की तेज लपटें उठ रही थीं। आग की लपटें देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर एकत्रित हो गए और राहत-बचाव कार्य में जुट गए। आग इतनी विकराल थी कि कमरे के अंदर पहुंचने के लिए दीवार तोड़नी पड़ी। इसी दौरान रामनरेश का बेटा विकास आग की चपेट में आने से झुलस गया और दीवार की ईंट लगने से चोटिल भी हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और आग पर काबू पाया। हादसे में कमरे में रखा फ्रिज, बेड, पंखा, प्रेस, बिस्तर, कपड़े और अन्य जरूरी घरेलू सामान जलकर पूरी तरह स्वाहा हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम ने घायल विकास को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित रामनरेश ने तहसील प्रशासन और स्थानीय पुलिस को घटना की लिखित सूचना दी है। पीड़ित परिवार ने शासन-प्रशासन से अग्निकांड से हुए नुकसान का सर्वे कराकर जल्द से जल्द आर्थिक मुआवजे की गुहार लगाई है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता संपन्न

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्यामनगर में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संचालन जनपद संयोजिका डॉ0 दिव्या शुक्ला ने किया तथा मुख्य संरक्षक प्रधानाचार्य रामकृष्ण वाजपेयी रहे। प्रतियोगिता को निष्पक्ष व सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए निर्णायक मंडल की व्यवस्था की गई थी। संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अखिलेश चंद्र पांडेय एवं राजीव कुमार अग्निहोत्री तथा




कार्यक्रम में प्रमाण पत्र के साथ विजेता विद्यार्थी

संस्कृत गीत प्रतियोगिता में रोली मिश्रा एवं सतेंद्र त्रिपाठी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। संस्कृत गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रारब्ध द्विवेदी सेंट लॉरेंस पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान वैष्णवी व तृतीय स्थान वेद प्रताप सिंह आरपी इंटर कॉलेज कमालगंज रहा। सांत्वना पुरस्कार शिप्रा एनकेपी इंटर कॉलेज, सौम्या ब्लू बेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं स्मृति श्रीवास्तव को मिला। संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शगुन, द्वितीय स्थान मानवी यादव सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जेएनबी रोड फतेहगढ़, तृतीय स्थान केशव ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार अमोद प्रजापति सेंट लॉरेंस पब्लिक स्कूल, दरक्सा मदन मोहन कानौडिया इंटर कॉलेज एवं आयुष कुमार को मिला। प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेता एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त प्रतिभागियों को जनपद संयोजिका डॉ0 दिव्या शुक्ला की ओर से ट्राफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रथम, द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी। प्रधानाचार्य रामकृष्ण वाजपेयी एवं जनपद संयोजिका डॉ0 दिव्या शुक्ला ने बताया कि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अब मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# एक साल पहले लापता हुई युवती ने रचाई समलैंगिक शादी

**कब्जे को लेकर थाने से गांव तक भारी हंगामा**

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

कस्बे की एक 17 वर्षीय यूट्यूबर युवती के रहस्यमय तरीके से गायब होने और दिल्ली में समलैंगिक शादी रचाने का मामला सामने आया है। मामला उस वक्त तूल पकड़ गया जब दिल्ली से 8-10 युवतियां नवाबगंज थाने पहुंचीं और युवती को अपने साथ ले जाने की मांग करने लगीं। इसके बाद जब पुलिस टीम युवती की तलाश में उसकी ननिहाल पहुंची, तो परिजनों और दिल्ली से आई युवतियों के बीच तीखी नोक-झोंक हो गई।

कस्बा नवाबगंज निवासी युवकी की पुत्री यूट्यूब पर वीडियो बनाकर पोस्ट करती है। वह करीब एक वर्ष पूर्व अचानक अपने घर से लापता हो गई थी। उस वक्त पिता की तहरीर पर नवाबगंज थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने जांच के दौरान युवती को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। हालांकि, कुछ समय बाद वह दोबारा संदिग्ध परिस्थितियों में घर से चली गई, जिसके बाद परिजन लगातार उसकी खोजबीन कर रहे थे। सूत्रों के



जांच पड़ताल करती पुलिस

अनुसार, घर से निकलने के बाद वह दिल्ली पहुंच गई। वहां उसने दिल्ली के नांगलोई स्थित थाना निहाल विहार क्षेत्र के सत्संग रोड निवासी अंकिता पुत्री राजेंद्र के साथ कोर्ट मैरिज कर ली और वहीं रहने लगी। मामले में नया मोड़ तब आया जब दिल्ली निवासी अंकिता अपनी लगभग 8 से 10 सहेलियों के साथ नवाबगंज थाने पहुंची। उसने पुलिस को तहरीर देकर युवती को अपने साथ भेजने का आग्रह किया। मामला संज्ञान में आते ही उपनिरीक्षक दीपक त्रिवेदी पुलिस बल के साथ युवती की खोजबीन में उसकी ननिहाल गांव काकेवाली पहुंचे। जैसे ही पुलिस और दिल्ली से आई युवतियां गांव पहुंचीं, युवती के परिजनों व ननिहाल के लोगों के साथ उनका विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में तीखी बहस और नोक-झोंक होने लगी। माहौल बिगड़ता देख पुलिस दिल्ली से आई सभी युवतियों को वापस थाने ले आई। खबर लिखे जाने तक दिल्ली से आई सभी युवतियां थाने पर मौजूद थीं। थाना पुलिस मामले की कानूनी पहलुओं से जांच कर रही है और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है।

# बढ़े सर्किल रेट का अंतर दिलाने को सीएम को लिखा पत्र

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

सदर विधायक और सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के सभापति मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि देने वाले किसानों को बढ़े हुए सर्किल रेट के अनुसार मुआवजे की अंतर धनराशि दिलाने का अनुरोध किया है। फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए किसानों ने शुरुआत में जिला प्रशासन के आग्रह पर तत्कालीन सर्किल रेट के आधार पर अपनी कृषि भूमि का बैनामा किया था। किसानों की निरंतर मांग पर 09 मई से नए और बढ़े हुए सर्किल रेट प्रभावी किए गए। नए सर्किल रेट लागू होने के बाद अधिग्रहित भूमि का क्रय बढ़ी हुई दरों पर हुआ, जिससे पहले बैनामा करने वाले किसानों को समान प्रकार की भूमि के लिए कम मुआवजा मिला। तहसील अमृतपुर में 316 किसान (23.5084 हेक्टेयर भूमि), तहसील सदर में 540 किसान (43, 4948 हेक्टेयर भूमि) कुल प्रभावित 856 किसान (67.0032 हेक्टेयर भूमि) है। विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि 09 मई से प्रभावी बढ़े हुए सर्किल रेट के आधार पर पुराने रेट पर बैनामा कराने वाले सभी 856 किसानों को अंतर धनराशि का भुगतान कराने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।

# कर्नल ब्रह्मानंद ई.का. में बॉलीबाल खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

शुकरूल्लापुर स्थित कर्नल ब्रह्मानंद इंटर कॉलेज में बुधवार को जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

जिले भर के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अपने शानदार खेल कौशल से सभी का मन मोह लिया। पूरे आयोजन के दौरान खेल प्रांगण खिलाड़ियों के उत्साह और दर्शकों की तालियों से गूंजता रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमोद चंद गंगवार, खेल सचिव अतुल दास और प्रधानाचार्य दुष्यंत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। रोमांचक मुकाबलों के परिणाम प्रतियोगिता में अंडर-17 और अंडर-19 बालक वर्ग के मुकाबले बेहद संघर्षपूर्ण रहे। टीमों ने जीत के लिए पूरा जोर लगाया। फाइनल मुकाबलों का परिणाम आयु वर्ग (बालक) में अंडर-17 मऊ पब्लिक स्कूल कायमगंज व उप विजेता जकर्नल ब्रह्मानंद इंटर कॉलेज रहा। अंडर-19 में आदर्श जनता इंटर कॉलेज रानूखेड़ा विजेता व एवी इण्टर कालेज शमशाबाद रहा। निर्णायक मंडल की भूमिका खेल शिक्षक इंजाज अहमद सिद्दीकी, कुलदीप सिंह, अर्जुन प्रताप सिंह, शोभा यादव रहे।

कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि, प्रधानाचार्य एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य और निरंतर प्रगति की कामना की। विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी प्रशुभ गुप्ता ने उपस्थित सभी अतिथियों, निर्णायक मंडल, प्रतिभागी टीमों और दर्शकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



मेडल के साथ विजेता खिलाड़ी

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता: गुरुकूल वर्ल्ड स्कूल की जया रही तीसरे नम्बर पर

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

बच्चों में छिपा कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लायंस क्लब द्वारा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय विश्व शांति रखा गया था, जिसमें जनपद के नौ प्रमुख विद्यालयों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल के कक्षा 6 से 8 तक के 12 विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह और लगन के साथ प्रतिभाग किया। छात्रों ने अपने रंगों और तुलिकाओं के माध्यम से शांति, सद्भाव, आपसी भाईचारे तथा विश्व एकता का सुंदर संदेश उकेरा। कैनवास पर उकेरे गए रंगों के जरिए विद्यार्थियों ने रचनात्मक सामाजिक जागरूकता और जीवन में शांति के महत्व को बेहद प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के परिणाम स्वरूप गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल की कक्षा 8 की छात्रा जया ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

उन्हें आयोजकों की ओर से शील्ड तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, छात्रा ऐश्वर्या सिंह को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने सभी प्रतिभागी छात्रों के प्रयास, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



पोस्टर के साथ विद्यार्थी

# राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने विद्यार्थियों को किया जागरुक



शिक्षकों के साथ एनडीआरएफ टीम

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

आपदा प्रबन्धन एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 8वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ गाजियाबाद द्वारा आदर्श जनता इण्टर कॉलेज रानूखेड़ा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमाण्डेंट सुदेश कुमार के मार्गदर्शन में एवं जिला प्रशासन के समन्वय से आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सहायक उप निरीक्षक रमाकान्त यादव के नेतृत्व में एनडीआरएफटीम ने बाढ़, भूकम्प, अग्निकांड और आकाशीय बिजली जैसी प्राकृतिक व मानवजनित आपदाओं से बचाव के तरीके व्यावहारिक रूप से सिखाए। टीम ने सुरक्षित प्रतिक्रिया के लिए प्रसिद्ध ड्रॉप, कवर व होल्ड तकनीक का सजीव प्रदर्शन किया। आपातकालीन स्थिति के लिए सीपीआर बेसिक लाइफ सपोर्ट फर्स्ट एड और गले में सांस या भोजन फंसने पर जीवन बचाने के उपाय बताए गए।

प्रधानाचार्य राकेश कुमार राजपूत एवं सभी शिक्षकों का पूर्ण सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यावहारिक प्रशिक्षणों से दैवीय आपदाओं से बचाव, आत्म विश्वास एवं समाज सेवा की भावना विकसित होती है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहने की इच्छा जताई। इस दौरान प्रधानाचार्य राकेश कुमार राजपूत तथा शिक्षक कर्मवीर, अश्विनी कुमार, आर्येंद्र प्रताप सिंह, इजाज अहमद सिद्दीकी, रवि दयाल, गुरुदेव, कमल यादव आदि उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय श्रीकृष्ण महारास कार्यक्रम 11 से 13 सितंबर तक



वार्ता में जानकारी देते सुरेन्द्र पाण्डेय

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** भारतीय संस्कृति, कला, साहित्य एवं आध्यात्मिक परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा युवा पीढ़ी को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन से जोड़ने के उद्देश्य से विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से तीन दिवसीय श्रीकृष्ण महारास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के मंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय एवं कोषाध्यक्ष आकांक्षा सक्सेना ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन, भारतीय संस्कृति, कला और आध्यात्मिक मूल्यों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रथम दिन 11 सितंबर शुक्रवार को प्रातः 10 बजे चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। चित्रकला प्रतियोगिता के संयोजक अरविन्द दीक्षित हैं। 12 सितम्बर शनिवार को शाम 5 बजे भगवान श्रीकृष्ण महारास विषय पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। तृतीय दिवस 13 सितंबर रविवार को प्रातः 11 बजे विचार गोष्ठी आयोजित होगी। मुख्य अतिथि डॉ0 मनमोहन लाल गोस्वामी होंगे। संयोजक डॉ0 राजेश हजेला व स्वागताध्यक्ष विनोद दुबे है। वार्ता के दौरान नवीन मिश्रा नब्बू, श्रद्धा मिश्रा मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने की स्वरा भास्कर के बयान की निंदा

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

अभिनेत्री स्वरा भास्कर द्वारा हाल ही में रानी पद्मावती और ऐतिहासिक जौहर करने वाली वीरांगनाओं को लेकर दिए गए बयान पर विवाद खड़ा हो गया है। अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना (महिला मोर्चा) जनपद की जिला इकाई ने नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर स्वरा भास्कर के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना की जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा विभा बाजपेयी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि स्वरा भास्कर ने सार्वजनिक मंच पर भारत के गौरवशाली इतिहास की प्रतीक रानी पद्मावती और समस्त जौहरव्रती देव माताओं के विरुद्ध अभद्र, अशोभनीय और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया है। संगठन का कहना है कि जौहर करने वाली माताएं नारी शक्ति, शौर्य, त्याग और बलिदान की प्रतीक हैं। उनका अपमान पूरे देश की मातृशक्ति और सनातन संस्कृति का अपमान है, जिससे करोड़ों भारतीयों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। राष्ट्रपति से मांग की गई है कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और महापुरुषों/देव माताओं का अपमान करने के तहत अभिनेत्री के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएं। संगठन ने यह भी मांग की है कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति महापुरुषों या धार्मिक प्रतीकों का अपमान न कर सके, इसके लिए कड़े कानूनी दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। ज्ञापन के दौरान जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपती महिला अधिवक्ता

## खबरें एक नजर में

### 9वें राष्ट्रीय पोषण माह-2026 का शुभारंभ



**उन्नाव।** 9वें राष्ट्रीय पोषण माह-2026 के शुभारंभ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विकास भवन सभागार, उन्नाव में आयोजित किया गया। वाराणसी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा 9वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में अन्य गणमान्य अतिथियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। जनपद उन्नाव में उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज की गरिमामयी उपस्थिति में देखा गया। कार्यक्रम के दौरान पोषण माह के उद्देश्यों एवं गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने तथा आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से लाभार्थियों तक पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाने में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया गया। हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी की भावना के साथ 9वें राष्ट्रीय पोषण माह को सफल बनाने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सिं0सरोसी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, बिछिया, बाल विकास परियोजना अधिकारी सि0 करन, एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर, उन्नाव सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

### शुक्लागंज में 12 सितंबर को लगेगा नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन एवं मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में होगा आयोजनआम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष अमित मिश्रा के तत्वावधान में नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है यह स्वास्थ्य शिविर शनिवार, 12 सितंबर 2026 को प्रातः 12 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन डी.बी. पैलेस, राजधानी मार्ग, निकट सब्जी मंडी, शुक्लागंज, उन्नाव में किया जाएगा शिविर में लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह के साथ विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ के सहयोग से आयोजित इस कैंप में ब्लड सुगर, पीएफटी, आरबीएस , बीएमडी एवं बीपी, सुगर एवं आंखों की जांच जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांचों की सुविधा उपलब्ध रहेगी ।

### सगे भाई - बहन ने नीट की परीक्षा की उत्तीर्ण

**बांगरमऊ, उन्नाव।** क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर रुरी स्थित श्री विशम्भर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय के दो सगे भाई बहन प्रतिभा वान विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विश्वम्भर दयालु त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कान्त दुबे ने बताया है कि बी.एससी. तृतीय वर्ष के छात्र प्रखर वर्मा एवं बी. एस. सी. तृतीय वर्ष की छात्रा पलक वर्मा ने नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि दोनों विद्यार्थी सगे भाई - बहन हैं। एक ही परिवार के दोनों भाई-बहन द्वारा नीट परीक्षा उत्तीर्ण करना महाविद्यालय एवं क्षेत्र के लिए विशेष उपलब्धि है। दोनों विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, कठिन परिश्रम, अनुशासन तथा अपने माता-पिता एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। दोनों की सफलता पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त दुबे ने प्रखर वर्मा एवं पलक वर्मा को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय हैं।

# तानाशाह डॉक्टर के खिलाफ की कार्यवाही की मांग

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह राजू के नेतृत्व में भाजपा के लोगों ने जिलाधिकारी से मुलाकात किया।

इस दौरान जिला चिकित्सालय में कुछ डॉक्टरों द्वारा सरकार की नीतियों के विपरीत कार्य किए जाने की शिकायत किया और कहा कि हुसैनगंज थाने के किशुन दासपुर के रहने वाले मरीज पंकज पुत्र श्रीकृष्ण को आपात स्थिति में सदर अस्पताल लाया गया जहां पर ड्यूटी में तैनात डॉक्टरों द्वारा करीब 2 घंटे बिना किसी जांच व इलाज के मरीज को बिठायज रखा गया तथा मरीज के साथ आए परिजनों के बार-बार आग्रह करने के बाद भी इलाज प्रारंभ नहीं किया गया। वहीं अस्पताल में चक्कर काट रहे दलालों द्वारा प्राइवेट अस्पताल में इलाज करने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। मरीज के घर वालों ने जब भाजपा नेता संतोष सिंह राजू को जिला चिकित्सालय बुलवाया तो एक डॉक्टर ने उनसे भी बहस शुरू कर दी जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस दौरान डिप्टी सीएमओ शिकायत करने पर इलाज प्रारंभ हुआ। इन लोगों ने उस डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। इस अवसर पर भाजपा नेता संतोष सिंह राजू ने बताया कि जिला अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही ऐसे डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वही इस अवसर पर कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभुदत्त दीक्षित, भाजपा नेता प्रदीप बाजपेई, जिला पंचायत सदस्य ओम मिश्रा, आशुतोष मिश्रा भी मौजूद रहे।

### माध्यमिक विद्यालयीय में जनपदीय कलारीपट्टू प्रतियोगिता का आयोजन

**उन्नाव।** गोपीनाथ लक्ष्मण दास रस्तोगी इण्टर कालेज ऐशबाग लखनऊ मे माध्यमिक विद्यालयीय जनपदीय कलारीपट्टू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन विद्यालय प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्रा ने किया प्रतियोगिता में जिले के अनेक विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। तीन इवेंट हुए। जिसके परिणाम इस प्रकार है ।काली चरण इण्टर कालेज ने 7 गोल्ड मेडल 1 ब्रॉस मेडल, ब्राइट ब्रेस कालेज ने 2 गोल्ड मेडल, सिटी मॉडर्न स्कूल ने 2 गोल्ड मेडल,विलेज कालेज ने 1 गोल्ड और 4सिल्वर मेडल प्राप्त किए। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से मंडलीय क्रीड़ा सचिव विश्वजीत पाण्डेय, मुक्ता बब्बर, विप्लव चौधरी, अंकुर पाण्डेय, सूरज त्रिपाठी, अंजुल ओबेरॉय, प्रमिला भारती, नूपुर दुबे, गिरजेश राज व सोमेश कुमार सभी ने प्रतियोगिता को कराने में अपना सहयोग तथा सभी खिलाड़ियों को मैडल व सर्टिफिकेट प्रदान कर आशीर्वाद दिया।

# पुलिस ने बरामद किए 25 लाख के 120 मोबाइल

**समृद्धि न्यूज,उन्नाव।**



पुलिस महानिदेशक उप्र के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ व पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ रेंज लखनऊ के निर्देशन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव जय प्रकाश सिंह, द्वारा के द्वारा विकसित किये गये पोर्टल को संचालित कराने हेतु प्रत्येक थाने पर टीम बनाकर थाने पर प्राप्त होने वाली मिसिंग मोबाइल की एप्लीकेशन सीईआईआर पोर्टल पर अपलोड कराने व बरामद कराने हेतु आदेशित किया गया था। अखिलेश सिंह अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं शैलेन्द्र लाल अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के कुशल पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल एवं समस्त थानों की संयुक्त टीम द्वारा वर्ष 2026 में माह अगस्त तक 488 मोबाइल जिनकी कीमत करीब 01 करोड़ 01 लाख 50 हजार रूपये बरामद किये गये। आज दिनांक 09.09.2026 को ब्स् पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों से संबन्धित गुमशुदा हुए 120 मोबाइल (एंड्रॉएड सेट भिन्न-भिन्न कम्पनियों के) कीमत लगभग 25,00,000 रु0 के मोबाइल फोन बरामद किये गये। इस प्रकार अभी तक वर्ष 2026 में कुल 608 मोबाइल कीमत करीब 01 करोड़ 26 लाख 50 हजार रूपये के मोबाइल बरामद किये गये।

# डीसीपी पूर्वी ने हरबंशमोहाल थाने का किया वार्षिक निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज,कानपुर।**

डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने हरबंशमोहाल थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। थाना परिसर की साफ-सफाई से लेकर मालखाना, हवालात, शस्त्रागार और महिला हेल्प डेस्क की व्यवस्थाएं परखी गईं। अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव और लंबित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। फरियादियों के साथ संवेदनशील और व्यावसायिक व्यवहार सुनिश्चित करने को कहा। वांछित अपराधियों और एनबीडब्ल्यू की तामीली में तेजी लाने के निर्देश दिए। संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और स्थानों की नियमित चेकिंग के साथ विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया। डीसीपी पूर्वी ने साफ कहा व्यवस्था चुस्त रहे, फरियादियों को न्याय मिले और अपराधियों पर शिकंजा कसा जाए।

# कानपुर बार एसो. का प्रांतीय सम्मेलन 10-11 सितंबर को

- इसी दिन होगा दि लॉयर्स एसोसिएशन का सम्मेलन

**समृद्धि न्यूज,कानपुर।**



न्यायपालिका एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं के विरुद्ध कथित विधि-विरुद्ध तरीके से दबाव बनाए जाने और लगातार आदेश/निर्णय पारित किए जाने के विरोध में कानपुर के अधिवक्ता संगठनों ने आवाज बुलंद करने की तैयारी की है।

कानपुर बार एसोसिएशन एवं दि लॉयर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 10 और 11 सितंबर 2026 को प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह निर्णय दोनों संगठनों की संयुक्त आमसभा में 4 अगस्त 2026 को लिए गए निर्णय के अनुपालन में किया गया है। सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बार एसोसिएशन परिसर में करीब एक हजार अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। बाहर से आने वाले अधिवक्ताओं के लिए पार्किंग, प्रवेश, पंजीकरण, ठहरने और भोजन आदि की व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। आयोजन समिति में दोनों अधिवक्ता संगठनों की कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ पूर्व अध्यक्ष, पूर्व महामंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं को शामिल किया गया है, ताकि सम्मेलन में आने वाले अधिवक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिवक्ता संगठनों का कहना है कि सम्मेलन का उद्देश्य अधिवक्ताओं की सुरक्षा, गौरव और सम्मान को बरकरार रखना तथा विधि-विरुद्ध एवं अनुचित आदेशों/निर्णयों के विरोध में अपनी आवाज को उचित मंच तक पहुंचाना है। संगठनों ने यह भी स्पष्ट किया है कि अधिवक्ता अपनी मर्यादा और न्यायपालिका की गरिमा का ध्यान रखते रखा है।

### फर्जीवाड़ा उजागर होने पर अस्पताल सील

**बांगरमऊ, उन्नाव।** नगर के लखनऊ रोड पर दांतों के अस्पताल नाम से चल रहे फर्जी अस्पताल पर कार्यवाही करते हुए उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम द्वारा औचक निरीक्षण कर पूरी तरह से फर्जीवाड़ा उजागर होने पर अस्पताल सील कर दिया गया । तथा इलाज करा रहे करीब आधा दर्जन मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करा दिया गया । नगर के लखनऊ मार्ग स्थित रेलवे क्रासिंग के निकट दांतों का अस्पताल नाम से एक क्लीनिक लंबे समय से चल रहा था स आज बुधवार को उपजिलाधिकारी ब्रजमोहन शुक्ला, सीओ हर्ष मोदी, नायब तहसीलदार वैभव अग्रवाल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वरिष्ठ डॉक्टर सुनील राठौर आदि कर्मचारियों की टीम ने दांतो के अस्पताल का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान वहां मौजूद संचालक कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सका बल्कि अधिकारियों को देख अस्पताल में मौजूद अस्पताल कर्मी बहाने बताकर वहां से चुपचाप नौ दो ग्यारह हो गए ।कहा जाता है कि डेंटल अस्पताल के नाम से संचालित हो रहे इस अस्पताल सभी तरह के मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा था।

# आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट ने फतेहपुर नगर को चार भागों में बांटा



**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**

आदर्श व्यापार मंडल संपूर्ण भारत गर्ग गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग के नेतृत्व में बुधवार को फतेहपुर में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में फतेहपुर नगर को चार भागों में विभाजित करते हुए पूर्वी नगर अध्यक्ष के रूप में अशोक यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही आरओ संगठन की जिला कमेटी का गठन करते हुए आसिफ को जिलाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, स्क्रैप के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद शमीम, जिलाध्यक्ष अभिनव यादव, जिला महामंत्री अमित शरण बॉबी पत्रकार, जिला उपाध्यक्ष अभय गुप्ता तथा जिला महिला अध्यक्ष शालिनी गुप्ता सहित संगठन के पदाधिकारी एवं सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे। इस दौरान पूर्वी नगर की 9 सदस्यीय टीम का शपथ ग्रहण कराया गया। आरओ संगठन की 12 सदस्यीय टीम में हेमंत को उपाध्यक्ष, वीर सिंह को महामंत्री, मोहम्मद को मीडिया प्रभारी, सचिन इरशाद को सचिव, अतुल त्रिवेदी को सचिव तथा अजीम भाई को सचिव की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा पूर्वी नगर टीम में हरमंगल सिंह को उपाध्यक्ष, समरजीत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेंद्र अग्रवाल को मंत्री तथा अमित जोशी, वीरेंद्र गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव और धीरज शुक्ला को भी पद की शपथ दिलाई गई। महिला टीम में अर्चना श्रीवास्तव को महामंत्री और रंगोली शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी अतीत के रूप में मौजूद थी राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने बताया कि 20 सितंबर, रविवार को बिंदकी के आशीर्वाद मैरिज लॉन में व्यापारी सम्मेलन एवं वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। इसमें जनपद के जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ व्यापारियों का सम्मान होगा और प्रदेशभर से व्यापारी शामिल होंगे।

### लड़की की मां ने आरोपी युवक के विरुद्ध दी तहरीर

**बांगरमऊ,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय बालिका रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। वह तीन-चार दिन बाद अचानक अपने घर वापस लौट आई। परिजनों के द्वारा पूछने पर उसने बताया कि सफीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भौडी खेड़ा निवासी भोला पुत्र रमेश उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया था। बालिका के वापस आने के बाद उसकी मां ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी और आरोपी युवक के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस बालिका के बयानों और घटना से जुड़े तथ्यों की पड़ताल कर रही है। साथ ही आरोपी युवक की तलाश में संभावित ठिकानों पर जानकारी जुटाई जा रही है।

# युवा प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**समृद्धि न्यूज,कानपुर।**



कानपुर के गोविंदनगर स्थित चित्रगुप्त धर्मशाला में चित्रगुप्त पूजन समिति के तत्वावधान में युवा के युवा प्रकोष्ठ का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के युवाओं ने एकजुट होकर समाज के विकास और उत्थान के लिए काम करने का संकल्प लिया। समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व डीआईजी रतन कुमार श्रीवास्तव ने युवा प्रकोष्ठ के 113 नवनियुक्त सदस्यों को पद और समाज सेवा की शपथ दिलाई। युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही वह धुरी है जो समाज को एक नई दिशा देने और उसे निरंतर आगे बढ़ाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने सभी युवाओं से समाजहित के कार्यों में अपनी सक्रिय और सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने का जोरदार आह्वान किया इस अवसर पर युवा अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव ने संगठन की भावी रूपरेखा साझा की। उन्होंने कहा कि शहर के सभी मोहल्लों और वार्डों से कायस्थ युवाओं को जोड़कर संगठन की जड़ों को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि आगामी चित्रगुप्त पूजन महोत्सव के दूसरे दिन एक विशाल 'कायस्थ परिवार समागम' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी होंगी।

इन लोगों की रही उपस्थिति इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में समाज के कई वरिष्ठ एवं युवा सदस्यों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई।

### सूचना

मेरा हाईस्कूल (10वीं) का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र संख्या - 33013558 अनुक्रमांक - 1059790 वर्ष 2019 (संस्थागत) व इंटरमीडिएट (12वीं) का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र संख्या - 33007300 अनुक्रमांक - 215871695 वर्ष 2021 (संस्थागत) जो कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा जारी किए गए थे, वास्तव में खो गये है।

**शुभम पाल पुत्र चमन सिंह निवासी भिखनीखेड़ा, पोस्ट बहुती कला, थाना अतरौली, तहसील सण्डीला, जिला हरदोई।**

## खबरें एक नजर में

**बकरी और मुर्गी पालन के लिए सर्वे कराकर रोजगार दिलाने का निर्देश**

महराजगंज। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी महाराजगंज ने उपायुक्त स्वरोजगार एवं समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है। कि जनपद में बकरी पालन एवं मुर्गी पालन हेतु विकास खंडवार सर्वे कराकर इच्छुक महिला /पुरुष लाभार्थियों को रोजगार दिए जाने के लिए अधिक से अधिक लाभार्थियों का निर्धारित प्रारूप पर आवेदन /चयन कराया जाए। ताकि समस्त जाति हेतु बकरी पालन एवं अनुसूचित जाति की महिला लाभार्थियों का सर्वे कराकर अधिकतम महिला /पुरुष लाभार्थियों का निर्धारित प्रारूप में आवेदन पूर्ण कराकर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सके। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर एजाज अहमद के अनुसार शासन द्वारा 200 अनुसूचित महिलाओं को 50 मुर्गी के बच्चे व दाना पशुपालन विभाग द्वारा निःशुल्क दिए जाने का अपर मुख्य सचिव पशुपालन द्वारा निर्देश दिया गया था जिसे बढ़ाकर अब 1000 लाभार्थी का चयन करने का निर्देश दिया गया है। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सके।

**तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत में ई-चालानों का होगा निस्तारण**

महराजगंज। आगामी 12 सितम्बर 2026 को जनपद में आयोजित होने वाली तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर विभिन्न प्रकार के लंबित वादों के निस्तारण के साथ-साथ यातायात नियमों के उल्लंघन से संबंधित ई-चालानों का भी नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा महराजगंज पुलिस द्वारा जनपदवासियों से अपील की गई है कि जिन वाहन स्वामियों के यातायात नियमों के उल्लंघन से संबंधित ई-चालान लंबित हैं, वे तृतीय लोक अदालत के माध्यम से अपने ई-चालान के निस्तारण का लाभ उठाएं। इससे लंबित प्रकरणों के निस्तारण में सुविधा होगी तथा वाहन स्वामियों को भी अनावश्यक रूप से लंबित मामलों से राहत मिल सकेगी ई-चालान से संबंधित जानकारी एवं लंबित चालान की स्थिति की जानकारी ई-चालान पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। संबंधित वाहन स्वामी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने लंबित ई-चालान के निस्तारण हेतु उपस्थित होकर इसका लाभ उठा सकते हैं।

**रोहिन नदी में छलांग लगाने वाले छात्र का शव बरामद**

महराजगंज। सदर कोतवाली क्षेत्र के त्रिमुहानी पुल से रोहिन नदी में छलांग लगाने वाले छात्र हिमांशु यादव का शव आज बरामद कर लिया गया। कई घंटे तक चले तलाश अभियान के बाद पनियरा थाना क्षेत्र के जर्दी गांव के भगाडा टोला के पास रोहिन नदी में शव उतराता मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक करवाई प्रारंभ कर दिया है। बताया जा रहा है कि छात्र हिमांशु यादव बीते दिनों त्रिमुहानी पुल से रोहिन नदी में छलांग लगा दिया था। घटना की जानकारी होने के बाद से पुलिस, एनडीआरफ, एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में तलाशी अभियान चलाया जा रहा था नदी का बहाव तेज और पानी की गहराई अधिक होने के कारण तलाशी टीमों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बुधवार को भगाडा टोला के पास नदी में लोगों को शव उतराता दिखाई दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया। सूचना मिलने पर छात्र के परिजन भी मौके पर पहुंचे और शव की पहचान हिमांशु यादव के रूप में किया। हिमांशु का शव मिलने की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करने में जुट गई है।

**तोरिया व सरसों बीज की ऑनलाइन बुकिंग शुरू**

महराजगंज। रबी सीजन 2026-27 के लिए कृषि विभाग ने तोरिया और सरसों के निःशुल्क बीज की ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी है। किसान अपनी जरूरत के अनुसार बीज की बुकिंग करा सकते हैं। विभाग ने किसानों से जल्द आवेदन करने की अपील की है, ताकि समय पर बीज उपलब्ध कराया जा सके जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि किसान कृषि विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा प्रत्येक विकासखंड के राजकीय कृषि बीज भंडार पर भी निःशुल्क बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है। यदि किसी फसलके उपलब्ध बीज की मात्रा से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो लाभार्थी किसानों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। जनपद के समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डारो पर तोरिया बीज उपलब्ध है। किसान भाई बुकिंग कराकर बीज प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ अब फार्मर आईडी धारक किसानों को ही मिलेगा। जिन किसानों ने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है, वे जल्द पंजीकरण करा लें। बिना फार्मर आईडी के किसान विभागीय योजनाओं का लाभ नहीं ले सकेंगे।

**32 चयनित पी.एम.श्री. परिषदीय विद्यालयों में डस्टबिन उपलब्ध कराए जाएंगे**

गाजीपुर। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश द्वारा पी०एम०श्री० विद्यालयों में विद्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से चयनित परिषदीय विद्यालयों में रंगीन शार्टिंग डस्टबिन की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जनपद के चयनित 32 परिषदीय पी०एम०श्री० विद्यालयों में डस्टबिन की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु ?2,000 प्रति विद्यालय की दर से धनराशि अनुमोदित की गई है। निर्देश के अनुसार चयनित विद्यालयों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ?500 प्रति डस्टबिन की दर से 04 डस्टबिन, अर्थात कुल ?2,000 प्रति विद्यालय, क्रय किए जाएंगे। संबंधित धनराशि विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से नियमानुसार व्यय की जाएगी। जनपद गाजीपुर में कुल 32 परिषदीय विद्यालय इस योजना के अंतर्गत चयनित हैं। इसका उद्देश्य विद्यालय परिसर में कचरे के उचित पृथक्करण एवं निस्तारण को बढ़ावा देते हुए विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति व्यावहारिक एवं स्थायी आदत विकसित करना है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजीपुर उपासना रानी वर्मा द्वारा संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों एवं चयनित विद्यालयों को शासन के निर्देशों के अनुरूप डस्टबिन की खरीद एवं उपयोग सुनिश्चित करने तथा विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं स्वच्छतापूर्ण बनाए रखने के निर्देश दिए जाएंगे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ सुपोषित बच्चों के माता पिता को किया गया सम्मानित

**गांवों तक योजनाएं पहुंचाने में अहम भूमिका: ओम प्रकाश राजभर**

समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।




बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से राइफल क्लब सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सम्मान के साथ सुपोषित हुए बच्चों के माता-पिता और महिला कल्याण विभाग की योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं को सम्मानित किया गया। प्रदेशव्यापी कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ओमप्रकाश राजभर रहे। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों तक पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में उनका योगदान सराहनीय है। विधायक जखनियां बेदी राम ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को उनके समर्पण और कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया जा रहा है।

# विंध्य एक्सप्रेस-वे से प्रभावित किसानों से यूबीआई ने किया संपर्क

समृद्धि न्यूज, भांवरकोल/गाजीपुर।



क्षेत्र के शेरपुर पंचायत में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) की ओर से विंध्य एक्सप्रेस-वे से जुड़े किसानों के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। बैंक अधिकारियों एवं शाखा प्रबंधकों ने किसानों से डोर-टू-डोर संपर्क कर उन्हें बैंक खाता खुलवाने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण परियोजना विंध्य एक्सप्रेस-वे के लिए अधिग्रहित भूमि से संबंधित जिन किसानों का यूबीआई में खाता नहीं है, वे शीघ्र अपना खाता खुलवा लें। भूमि की रजिस्ट्री के बाद मुआवजे की धनराशि सीधे और आसानी से उनके खाते में हस्तांतरित की जा सके, इसके लिए बैंक स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

इस दौरान अधिकारियों ने सभी शाखा प्रबंधकों और बैंक मित्रों को निर्देश दिया कि एक्सप्रेस-वे निर्माण से प्रभावित किसानों के खाते प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र खोले जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैंक अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि खाता खुलवाने में किसी प्रकार की परेशानी होने पर वे कार्यदिवस में संबंधित शाखा प्रबंधक से संपर्क करें। उनकी समस्या का तत्काल समाधान कर खाता खुलवाने की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर बीआरएम राकेश शर्मा, क्षेत्रीय कार्यालय गाजीपुर, राजीव राय, शाखा प्रबंधक मच्छटी, सुरेंद्र कुमार, बैंक अधिकारी, सभी बैंक मित्र एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मुसहर बस्तियों में कैंप लगाकर पात्र परिवारों को शासन की योजनाओं से किया जाए आच्छादित

**43 मुसहर बस्तियों के लगभग 5,578 परिवारों के 24,105 सदस्यों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का लक्ष्य**

समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।

जनपद की 43 मुसहर बस्तियों में निवास करने वाले मुसहर परिवारों एवं उनके प्रत्येक पात्र सदस्य को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने के उद्देश्य से 07 सितम्बर से आगामी 18 सितम्बर तक विशेष कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। इसके लिए मुख्य विकास अधिकारी, द्वारा कैम्प आयोजन का रोस्टर जारी किया गया है।

उक्त जानकारी जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शरण कुमार ने देते हुए बताया कि प्रथम चरण में जनपद की 43 मुसहर बस्तियों में निवासरत लगभग 5,578 परिवारों के 24,105 सदस्यों में से विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित परिवारों एवं सदस्यों को चिन्हित कर पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्रवाई की जा रही है। कैम्प में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वयं सहायता समूह, जॉब कार्ड, व्यक्तिगत शौचालय, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, विद्युत संयोजन, हर घर जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण, जननी सुरक्षा योजना, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ, शादी अनुदान, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आंगनबाड़ी पुष्टाहार, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, श्रम कार्ड, संत रविदास प्रोत्साहन योजना एवं विद्यालयों में बच्चों का नामांकन सहित अन्य योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि रोस्टर के अनुसार 07 सितम्बर को विकास खण्ड कसया के ग्राम पंचायत अन्धया, फाजिलनगर के रहसू जनूबी पट्टी, तमकुही के डिबनी बंजरवा, सेवरही के दोमाठ, दुदही के सोरहवा, विशुनपुरा के जंगल सिंघापट्टी, पडरौना के जंगल नाहर छपरा (बड़ा सेमरहना), खड्डा के शिवपुर तथा रामकोला के कुसम्हा की मुसहर बस्तियों में कैम्प आयोजित किए गए। वहीं 08 सितम्बर को कसया के मैनपुर, फाजिलनगर के बनकटा बाजार, तमकुही के बरवा राजापाकड़, सेवरही के गाजीपुर, दुदही के चाफ, विशुनपुरा के जंगल शाहपुर, पडरौना के सखवनिया बुजुर्ग तथा खड्डा के भगवानपुर की मुसहर बस्तियों में कैम्प आयोजित किए गए।

# महिला सिपाही प्रियंका यादव को दी गई भावभीनी अंतिम विदाई

समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।



कौशांबी महिला थाने में ड्यूटी के दौरान राइफल से गोली लगने से जान गंवाने वाली सिखड़ी गांव निवासी 28 वर्षीय महिला सिपाही प्रियंका यादव को बुधवार को गमगीन माहौल में अंतिम विदाई दी गई। सुबह करीब चार बजे प्रियंका का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो हजारों की संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, रिश्तेदार और क्षेत्र के सामाजिक व सम्मानित लोग अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। बाद में गाजीपुर के गंगा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। शव घर पहुंचते ही मां प्रमिला यादव, बहन प्रीति और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अंतिम यात्रा के दौरान मां और बहन ने प्रियंका को कंधा दिया और गांव से बाहर तक शवयात्रा में साथ रहीं। पिता रविंद्र यादव की आंखों से भी आंसू छलक पड़े। भावुक दृश्य देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। प्रियंका के पार्थिव शरीर को जिस वाहन से अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया, उसे फूलों से सजाया गया था। वाहन पर प्रियंका की तस्वीर भी लगाई गई थी। अंतिम यात्रा निकलते ही बड़ी संख्या में लोग रास्ते में अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। पूरे क्षेत्र में गमगीन माहौल रहा।

# उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में यूनिफॉर्म उपलब्ध कराई जाएगी

समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश द्वारा पीएम श्री योजना के अंतर्गत चयनित उच्च प्राथमिक/कंपोजिट विद्यालयों में 'स्कूल बैंड' एवं 'बैंड यूनिफॉर्म' उपलब्ध कराने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, राष्ट्रीय भावना, सांस्कृतिक गतिविधियों, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। जारी स्वीकृति के अनुसार जनपद गाजीपुर के 25 चयनित उच्च प्राथमिक/कंपोजिट विद्यालयों के लिए स्कूल बैंड गतिविधियों हेतु कुल 12.50 लाख की धनराशि स्वीकृत एवं जारी की गई है। प्रत्येक चयनित विद्यालय के लिए ?50,000 की धनराशि निर्धारित है। स्कूल बैंड के माध्यम से विद्यार्थियों को संगीत एवं प्रदर्शन कला से जोड़ने के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सहयोग एवं टीम भावना विकसित करने का अवसर मिलेगा। विद्यालयों में बैंड का उपयोग प्रार्थना सभा, राष्ट्रीय पर्व, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रभात फेरी, मार्च पास्ट, खेलकूद तथा स्काउट गाइड/एनसीसी से संबंधित गतिविधियों में किया जा सकेगा।

विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के माध्यम से स्कूल बैंड एवं बैंड यूनिफॉर्म की सामग्री का क्रय किया जाएगा। सामग्री की गुणवत्ता, उपयोगिता एवं उपलब्धता का सत्यापन विद्यालय स्तर पर प्रधानाध्यापक तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

# पाक्सो एक्ट के आरोपित बाल अपचारी को पुलिस ने पकड़ा

समृद्धि न्यूज, भांवरकोल/ गाजीपुर। पुलिस ने बुधवार को पाक्सो एक्ट के आरोपित बाल अपचारी को जसदेवपुर मोड़ से हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए किशोर बोर्ड न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया।

पीड़िता के पिता ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी नाबालिग पुत्री को गत 17 अगस्त को बहला-फुसलाकर ले जाया गया और उसके साथ दुष्कर्म किया गया। मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद से पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी। थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शेरपुर चौकी प्रभारी विपिन कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ जसदेवपुर मोड़ पहुंचे और वांछित बाल अपचारी को हिरासत में ले लिया।

# विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को एलिम्को मापन कैंप में प्रतिभाग कराएं: बीएसए

**हाटा व कप्तानगंज विकास खण्डों में आयोजित होंगे शिविर**

समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत समेकित शिक्षा योजना के तहत एलिम्को, कानपुर के सहयोग से विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को आवश्यक सहायक उपकरण/यंत्र उपलब्ध कराने हेतु मापन एवं वितरण कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड हाटा के बीआरसी हाटा (उच्च प्राथमिक विद्यालय हाटा) में 11 सितम्बर 2026 को तथा विकास खण्ड कप्तानगंज के बीआरसी कप्तानगंज (उच्च प्राथमिक विद्यालय कप्तानगंज) में 12 सितम्बर 2026 को पहचान/मापन शिविर आयोजित किया जाएगा। मापन के उपरान्त उपकरण वितरण शिविर क्रमशः 27 नवम्बर 2026 एवं 28 नवम्बर 2026 को आयोजित होंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिविर में शारीरिक, बौद्धिक, दृष्टि एवं वाक-श्रवण दिव्यांगता वाले बच्चों को लाभान्वित किया जाएगा।

उन्होंने हाटा एवं कप्तानगंज विकास खण्ड के स्पेशल एजुकेटर्स एवं फिजियोथेरेपिस्ट को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र के को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्र/बाल वाटिका तथा बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित शासकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत संबंधित दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क कर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें।

शिविर में प्रतिभाग करने वाले बच्चों के अभिभावकों को निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र तथा दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाले दो फोटो की छायाप्रति एवं मूल प्रमाण पत्र साथ लाना होगा। संबंधित बच्चों को भी निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिविर में पात्र लाभार्थी बच्चों का ऑनलाइन डाटा इन्ट्री का कार्य स्पेशल एजुकेटर्स एवं फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा किया जाएगा।

# 17 सितंबर को आयोजित किया जाएगा आशीर्वाद का दीया

समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।

मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज एनआईसी सभागार में सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा, विभागवार दायित्व एवं तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सी डी ओ ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को जन-जन तक पहुंचाना तथा सेवा, सहभागिता और जनकल्याण की भावना को और मजबूत करना है।

उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर को 'आशीर्वाद का दीया' अभियान आयोजित किया जाएगा। इसके तहत जनपद के प्रमुख मंदिरों, घाटों, महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित परिवारों के घरों पर दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित विभागों को कार्यक्रम की प्रभावी तैयारी एवं व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।और कहा कि बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए। इसके साथ ही बुद्धिजीवियों द्वारा युवाओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें विकास, नवाचार, सेवा एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का प्रयास किया जाए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि 25 सितम्बर से 07 अक्टूबर तक प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर तीन दिवसीय संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन कार्यक्रमों में हेल्दी बेबी प्रतियोगिता, उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं का सम्मान तथा बच्चों को कॉमिक बुक्स, पौष्टिक फल एवं मिठाई का वितरण कराया जाए। सीडीओ ने कहा कि सरकार की योजनाओं से जिन नागरिकों के जीवन में उल्लेखनीय एवं सकारात्मक परिवर्तन आया है, उनकी सफलता की कहानियों को अभियान के दौरान अन्य लोगों के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए। इसके लिए लाभार्थियों की शॉर्ट फिल्म एवं रील तैयार कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित करने के निर्देश दिए गए।

# गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई व बच्चों का अन्नप्राशन

**जनपद में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ**

समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।




विकास भवन सभागार, कुशीनगर में राष्ट्रीय पोषण माह के शुभारम्भ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राजेश्वर सिंह, उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य बीज विकास निगम तथा श्री फूलवदन कुशवाहा, मा0 सदस्य, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सहित जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डी.आर.डी.ए. एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनपद के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविकाएं तथा लगभग 350 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां/सहायिकाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह के शुभारम्भ कार्यक्रम का मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा किए गए उद्बोधन का सभागार में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, लाभार्थियों तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं द्वारा सजीव प्रसारण देखा गया। मुख्यमंत्री के उद्बोधन के पश्चात जनपद स्तर पर दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारम्भ किया गया। इसके उपरान्त उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं 05 बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषाहार की नवीन रेसिपी से तैयार किए गए विभिन्न पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका उपस्थित अतिथियों एवं अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया गया। मुख्य अतिथि राजेश्वर सिंह, उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य बीज विकास निगम ने अपने उद्बोधन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को पूर्ण मनोयोग से कार्य करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को ग्राम स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा पात्र लाभार्थियों को इसका लाभ दिलाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के मानदेय में की गई वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मानदेय में वृद्धि से ग्राम स्तर पर कार्य कर रहीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं का मनोबल बढ़ेगा तथा वे और अधिक उत्साह एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगी। फूलवदन कुशवाहा, सदस्य, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने राष्ट्रीय पोषण माह की महत्ता को रेखांकित करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र के लाभार्थियों एवं परिवारों को सहजन के पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि सहजन में पाए जाने वाले विभिन्न पोषक एवं औषधीय गुण परिवार के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर को बेहतर बनाने में सहायक हो सकते हैं।

# भारत पाकिस्तान युद्ध में अमेरिकी पैटन टैंक को तोड़कर रचा इतिहास

**परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद, शहादत दिवस 10 सितम्बर**

समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।



पतीत पावनी मां गंगा के जल से अभिसिंचित और आध्यात्मिक, धार्मिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक विरासत को संजोये गाजीपुर की उर्वरा धरा से ऐसे ऐसे लाल पैदा हुए हैं, जिन्होंने अपने कर्मों के बल पर वैश्विक स्तर पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। स्वतंत्रता आन्दोलन से लेकर स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत भी राष्ट्र की रक्षा में अपने आपको समर्पित करनेवाले रणबांकुरों की लम्बी फेहरिस्त है। राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्र की अमर कीर्ति में चार चांद लगाने वालों में परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद का नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज है।

जिले के जखनियां तहसील अन्तर्गत दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के धामुपुर निवासी 32 वर्षीय शहीद वीर अब्दुल हमीद ने अपने अदम्य साहस से अमेरिका के अजेय माने जाने वाले पैटन टैंकों को नेस्तनाबूद कर विश्व में नया इतिहास रच दिया था। पिता मुहम्मद उस्मान के घर एक जून 1933 को अब्दुल हमीद ने जन्म लिया था। अपनी अदम्य वीरता,साहस और पराक्रम को अपनी ढाल बना वह इक्कीस वर्ष की उम्र मे 27 दिसम्बर 1954 को ग्रेनेडियर इन्फैन्ट्री मे भर्ती हुए थे। अपने साहस और तीव्र मेधा के बल पर कश्मीर मे नियुक्ति के दौरान खतरनाक आतंकी इनायत अली को गिरफ्तार कराने के फलस्वरूप सेना के अधिकारियों ने प्रोन्नति देकर लांस नायक बना दिया। पांच वर्षो की सेवा के बाद उन्हें क्वार्टर मास्टर के पद पर तैनाती दी गयी थी। 1965 के भारत पाकिस्तान युद्ध में पाकिस्तानी सेना जब अमृतसर को अपने कब्जे मे करने की नियत से बमबारी करती हुई खेमकरन सेक्टर के चिया गांव की ओर बढ़ रही थी, तब उसी क्षेत्र में मौजूद अब्दुल हमीद ने पाकिस्तानी फौज को आगे बढ़ने से रोकने में जिस अदम्य साहस का परिचय दिया, वह भारत के स्वर्णिम इतिहास के सुनहरे पन्नों मे दर्ज है। दस सितम्बर 1965 को अभेद्य अमेरिकी पैटन टैंकों से लैस पाकिस्तानी फौज अपने नापाक इरादों के साथ गोले बरसाते हुए आगे बढ़ रही थी। पाकिस्तानी फौज के मंसूबों को भांप अब्दुल हमीद ने मादरे वतन के लिए कुछ कर गुजरने के जज्बे के साथ उनकी बढ़त रोकने के लिए अभेद्य पैटन टैंक को लक्ष्य कर गोले दागे जिससे पैटन टैंकों की बढ़त थम गयी। किंकर्तव्यविमूढ़ पाकिस्तानी फौज जब तक सम्भलती तब तक गाजीपुर की शहीदी धरती के इस लाल ने एक एक कर कई पैटन टैंको को अपने गोलों से नेस्तनाबूत कर दिया। अपने अभेद्य टैंकों की दुर्गति देख बौखलाई पाकिस्तानी फौज ने तब अपनी तोपों का मुंह उधर कर दिया जिधर से उनके टैंक को निशाना बना उसे आग के शोलों मे तब्दील किया जा रहा था। अब्दुल हमीद जब अगले पैटन टैंक को निशाना बना रहे थे तभी पाकिस्तानी तोप के निकले गोले से वे शहीद हो गये।

# समाजवादी पार्टी द्वारा किया गया पीडीए जन चौपाल का आयोजन

समृद्धि न्यूज, देवकली, गाजीपुर।



सदपुर विधानसभा क्षेत्र के पियरी गाँव में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जन चौपाल व जन संवाद जिला अध्यक्ष रामधारी यादव की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। जन चौपाल को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव आर एस कुशवाहा ने कहा पीडीए समाज के लोगो को 2027 मे होने वाले चुनाव मे समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए एक जूट होकर कार्य करना चाहिए।इसके लिए हर गांव मे बूथ को मजबूत करना होगा। चुनाव बूथ को मजबूत करके ही जीता जा सकता है।प्रदेश मे माहौल तेजी से बदल रहा है और जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। केंद्र और प्रदेश सरकार को छात्र, नौजवान, किसान और मजदूर विरोधी बताया। अपने 10 साल के कार्यकाल में कमजोर तबके के लिए कोई काम नहीं किया है। इस अवसर पर पीडीए जिला प्रभारी राजेश कुशवाहा ने कहा भाजपा सरकार को संविधान मे विश्वास नही है। सत्ता हासिल करने के लिए समाज के कमजोर वर्ग व पिछडे वर्गो को गुमराह कर वोट तो हासिल किया परन्तु भागीदारी नही दिया जिससे अमीर अमीर होता जा रहा है।